www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

21 मार्च, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 150

42 हजार सहिया बहनों को एक महीने में टैब: इरफान अंसारी






# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ 30 नक्सली मारे गये

- बीजापुर में 26 और कांकेर में चार शव मिले
- हथियार बरामद, सर्च ऑपरेशन जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में गुरुवार सुबह से जारी दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गये हैं। पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर में 26 और कांकेर में चार नक्सली मारे गये। बीजापुर की मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान भी शहीद हुआ है।

बस्तर आइजी सुंदरराज पी ने बताया कि देर शाम तक दोनों तरफ से फायरिंग जारी थी। घटनास्थल से नक्सलियों के शव और कई स्वचालित हथियार बरामद किये गये हैं।

सर्च ऑपरेशन जारी है। इधर, तीसरी घटना में नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में आइडी ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गये। दोनों की हालत खतरे से बाहर है।



## बड़ी संख्या में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना

पुलिस को जानकारी मिली थी कि गंगालूर इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर पुलिस ने मिलकर एक ऑपरेशन शुरू किया। फोर्स एक दिन पहले ही एंड्री इलाके में पहुंच गयी थी। गुरुवार सुबह यहां मुठभेड़ शुरू हो गयी। पुलिस का कहना है कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर फोर्स को भेजा गया था।

## कार्रवाई जारी, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है

पुलिस के मुताबिक दोनों तरफ से फायरिंग जारी है और घटनास्थल से नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किये जा रहे हैं। पुलिस लगातार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। मृतकों की संख्या की बढ़ सकती है। इसके साथ ही मुठभेड़ के बाद पुलिस ने बड़ी संख्या में हथियार बरामद किये हैं। इन हथियारों में अत्याधुनिक हथियार भी हैं। मारे गये नक्सलियों की पहचान की जा रही है। इनमें कुछ बड़े नक्सली नेता भी हो सकते हैं।

# उरीमारी न्यू बिरसा कोल डिपो में टीपीसी का तांडव





- जेसीबी मशीन में लगायी आग, पांच राउंड फायरिंग की, एक सीसीएलकर्मी को लगी गोली, 10 घंटे कार्य ठप रहा
- दो जेसीबी लोडर, तीन हाइवा में की तोड़फोड़, पर्चा छोड़ घटना की ली जिम्मेवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**उरीमारी।** बरका सयाल प्रक्षेत्र की न्यू बिरसा परियोजना के कोल डिपो में बीती रात करीब 12 बजे टीपीसी उग्रवादियों ने उत्पात मचाया। लगभग आधा दर्जन की संख्या में उग्रवादियों ने कोल डिपो में खड़ी एक जेसीबी लोडर मशीन में आग लगा दी, जबकि डिपो में ही खड़ी दो जेसीबी और तीन हाइवा का शीशा तोड़ दिया। उग्रवादियों ने पांच राउंड फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैला दी। उग्रवादियों द्वारा की गयी फायरिंग से एक गोली छिटक कर डिपो में कार्यरत सीसीएल कर्मी संतोष मुंडा के दाहिने पैर के उंगली में लगी। तत्काल संतोष मुंडा को सीसीएल गांधीनगर अस्पताल भेजा गया, जहां उसका ऑपरेशन कर गोली निकाल दी गयी। इधर घटना के बाद न्यू बिरसा के कोल डिपो में लोडिंग और डिस्पैच ठप हो गया है। घटना की सूचना के बाद उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए जांच-पड़ताल शुरू कर वरीय पुलिस पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, बड़कागांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार देर रात्रि घटना स्थल पहुंच पूरे मामले की छानबीन की। वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने ओपी प्रभारी रामकुमार राम को जांच के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इधर घटना की जिम्मेवारी लेते हुए टीपीसी संगठन ने एक पर्चा छोड़ा है। इसमें प्रतापजी के हवाले से आउटसोर्सिंग कंपनी, ट्रांसपोर्टर, कंपनी के पदाधिकारी, कर्मचारी, मुंशी, पेलोडर मलिक आदि को चेतावनी देते हुए संगठन से बिना मैनेज किये कार्य नहीं करने को कहा गया है। इसकी अवहेलना करने पर अंजाम बुरा होगा। इसमें कई बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद पुलिस की निगरानी में लगभग 10 घंटा बाद कार्य शुरू हुआ।

## पुलिस पिकेट बनाने पर बनी सहमति

घटना के बाद त्रिपक्षीय वार्ता हुई। इसमें विस्थापित नेता सोनाराम मांझी, संजय करमाली, दशई मांझी, राजू यादव, महादेव बेसरा, दिनेश करमाली, बिरसा पीओ सुबोध कुमार, मैनेजर राजेश प्रियदर्शी, ओपी प्रभारी रामकुमार राम, एएसआइ संजय यादव उपस्थित थे। वार्ता में परियोजना क्षेत्र में पुलिस पिकेट बनाने, कोल डिपो में कर्मियों के लिए कार्यालय, डिपो सहित अन्य चौक चौराहों में सीसीटीवी कैमरा लगाने, डिपो में पेयजल सहित पानी स्टाक के लिए टंकी बनाने, उरीमारी, न्यू बिरसा, बिरसा परियोजना में लगे सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त करते हुए उरीमारी ओपी से कनेक्ट करने की सहमति बनी। इसके बाद कार्य शुरू हुआ। इधर घटना के बाद उरीमारी पुलिस पूरे क्षेत्र में छापेमारी अभियान चला कर दर्जन भर लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामले पर ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जायेगा। घटना में शामिल सभी अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## जांच चल रही है, पर्दाफाश जल्द होगा : एसडीपीओ

मामले पर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि न्यू बिरसा कोल डिपो में फायरिंग एवं आगजनी की घटना हुई है। टीपीसी संगठन ने इसकी जिम्मेवारी पर्चा छोड़ कर ली है। पुलिस आपराधिक इतिहास रखने वाले कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश हो जायेगा।

# चावल मिलों की संख्या बढ़ायी जा रही है: हेमंत सोरेन

- सीएम ने विधानसभा में किसानों के भुगतान पर दिया जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरकार किसानों से धान की खरीद में तेजी लाने और उनकी उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके लिए राज्य में चावल मिलों की संख्या बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री गुरुवार को विधानसभा सदन में विधायक जयराम महतो के सवाल का जवाब दे रहे थे।



**किसानों को भुगतान किस्तों में हो रहा:** विधायक जयराम महतो द्वारा धान खरीद के लिए किसानों को भुगतान में देरी और किस्तों में भुगतान से संबंधित सवाल पूछा। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार धान खरीद के लिए एकमुश्त भुगतान प्रणाली लागू कर सकती है? खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री इरफान अंसारी ने जवाब में कहा कि सरकार जब धान खरीदती है, तो 50 प्रतिशत भुगतान किसानों को जारी कर दिया जाता है। शेष राशि सत्यापन के बाद दी जाती है। एकमुश्त भुगतान प्रणाली लागू करने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल सकता है। विधायक उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुए, तो मुख्यमंत्री ने जवाब दिया।

## भंडारण और चावल मिल की कमी के कारण होती देर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि किसानों से धान खरीदने से लेकर उसे चावल मिलों तक पहुंचाने तक की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उनको भुगतान किया जाता है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी भंडारण के लिए जगह के अभाव और चावल मिलों की कमी के कारण खरीद और भुगतान में देरी होती है। इस समस्या से निपटने के लिए हम राज्य भर में चावल मिलों की संख्या बढ़ा रहे हैं, जिससे खरीद और भुगतान दोनों में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

## वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ऑर्किड अस्पताल में भर्ती



**रांची (आजाद सिपाही)।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की गुरुवार को अचानक तबीयत खराब हो गयी। खांसी की शिकायत काफी बढ़ने के बाद ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां फिलहाल उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से मंत्री को खांसी की शिकायत थी। बुधवार की रात सांस लेने में तकलीफ होने और खांसी की समस्या काफी बढ़ जाने के बाद उन्हें ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी छाती का सीटी स्कैन किया गया है. जिसमें हल्का इंफेक्शन पाया गया है। फिलहाल वह डॉक्टरों की निगरानी में ही रहेंगे। बताते चलें कि विधानसभा का बजट सत्र भी चल रहा है। मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अनुपस्थिति में उनसे संबंधित विधायी कार्यों के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार को प्राधिकृत किया गया है।

# मंत्री नित्यानंद राय के दो भांजों के बीच फायरिंग

## एक की मौत, दूसरे के जबड़े को चीरती हुए निकली बुलेट

- केंद्रीय मंत्री की बहन को भी लगी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में गुरुवार सुबह केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के भांजों के बीच गोलीबारी हुई है। इसमें एक भांजे विकल यादव की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा जयजीत यादव गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि नित्यानंद राय की बहन को भी गोली लगी है। मामला नवगछिया के जगतपुर गांव का है। गोलीबारी के बाद दोनों को इलाज के लिए भागलपुर के डॉक्टर एनके यादव की क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां एक विकल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जयजीत यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। जयजीत की पत्नी ने कहा कि दोनों भाइयों के बीच पिछले एक साल से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। नवगछिया एसपी प्रेरणा कुमार ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच नल को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों के बीच करीब तीन राउंड फायरिंग हुई। मृतक विकल को एक गोली लगी है, जबकि जयजीत को दो बुलेट लगी।





**चश्मदीद बोले, जयजीत के जबड़े के आर-पार हुई गोली :** चश्मदीदों ने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे जयजीत को पानी देने वाले नौकर ने बर्तन में हथेली डुबोकर पानी दिया। इसे लेकर विकल से उसकी कहासुनी हो गयी। पहले से भी दोनों भाइयों के बीच संबंध अच्छे नहीं थे। विवाद बढ़ा, तो विकल घर के अंदर से पिस्टल ले आया और जयजीत के मुंह पर निशाना साधकर गोली चला दी। गोली जबड़े के आर-पार हो गयी। इसके बाद जयजीत जमीन पर गिर गया। कुछ देर बाद वह संभल कर उठा और विकल से भिड़ गया। उसने विकल के हाथ से पिस्टल छीन ली और पास जाकर गोली मार दी। विकल की मौके पर ही मौत हो गयी। परिजन उसे अस्पताल ले गये, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जयजीत की हालत गंभीर बनी हुई है। ज्यादा खून बहने के कारण डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजने की सलाह दी है।

# क्रिकेटर चहल और धनश्री का चार साल बाद तलाक

- हाइकोर्ट के आदेश के बाद फैमिली कोर्ट का फैसला
- 4.75 करोड़ रुपये की एलिमनी पर सेटलमेंट

आजाद सिपाही संवाददाता


**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का शादी के चार साल बाद गुरुवार को तलाक हो गया। मुंबई की फैमिली कोर्ट ने गुरुवार को इस पर मुहर लगा दी।

दोनों ढाई साल से अलग रह रहे थे। इनकी शादी 11 दिसंबर 2020 को हुई थी। चहल के वकील नितिन कुमार गुप्ता ने बताया कि फैमिली कोर्ट ने दोनों पक्षों की संयुक्त याचिका स्वीकार कर ली है। अब दोनों पति-पत्नी नहीं रहे। फैसला सुनाये जाने के दौरान चहल और धनश्री कोर्ट में मौजूद थे। बांबे हाइकोर्ट ने एक दिन पहले चहल की याचिका पर फैमिली कोर्ट को 20 मार्च को फैसला सुनाने का आदेश दिया था।

जस्टिस माधव जामदार की सिंगल बेंच ने कहा था कि चहल 21 मार्च से उपलब्ध नहीं होंगे, क्योंकि उन्हें आइपीएल में हिस्सा लेना है। चहल के वकील ने कोर्ट को बताया कि दोनों के बीच 4.75 करोड़ रुपये में सेटलमेंट हुआ है। चहल ने धनश्री को 2.37 करोड़ रुपये पहले ही दे दिये हैं।

## मास्क लगा कर फैमिली कोर्ट पहुंचे दोनों

चहल और धनश्री कोर्ट में करीब एक घंटे रहे। दोनों ने चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था। धनश्री सफेद टॉप और ब्लू जींस के साथ ब्लैक कलर का सनग्लास लगायी हुई थीं। दोनों ने मीडिया से कोई बात नहीं की। बिना कोई बयान दिये दोनों कोर्ट रूम के अंदर चले गये।








आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# बिहार में अब फ्रंट फुट पर खेलने की तैयारी कर ली है कांग्रेस ने

## ■ प्रदेश अध्यक्ष पद से अखिलेश सिंह को हटा कर पार्टी ने राजद को दे दी चुनौती

## ■ राजेश कुमार को कमान सौंप कर दलित-ओबीसी समीकरण की हुई है कोशिश

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार की राजनीति में उलट-फेर कर कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एक संकेत दे दिया है कि अब कांग्रेस में निर्णय के लिए आखिरी व्यक्ति राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव नहीं होंगे। कांग्रेस से ज्यादा लालू प्रसाद यादव के करीबी माने जाने वाले अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटा कर यह जता भी दिया है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस की तरफ से एक संकेत यह भी मिल गया कि कांग्रेस अब राजद की 'बी' टीम नहीं, बल्कि 'ए' टीम की तरह चुनावी मैदान में उतरेगी। प्रदेश अध्यक्ष पद से अखिलेश प्रसाद सिंह का जाना और दलित नेता राजेश कुमार के आने का मतलब साफ है कि राहुल गांधी के ध्यान पर बिहार प्रमुखता से चढ़ गया है। वह दलित नेता के जयंती समारोह में आये, तो मतलब साफ हो गया कि कांग्रेस की नजर विरासत के वोट पर है। विरासत यानी दलित मत। कांग्रेस की नजर दलितों के लगभग 17 प्रतिशत वोट पर है। कांग्रेस का निशाना रविदास, यानी चमार जाति पर है, जो पासवान की तरह बिहार में मजबूत दलित जाति है। उसके अलावा कई कारण हैं, जिसकी वजह से कांग्रेस दलितों पर ध्यान दे रही है। पासवान के नेता चिराग हैं, तो मांझी के नेता जीतन राम मांझी। इसलिए कांग्रेस ने दलित मत के लिए उस राजेश कुमार को आगे किया, जिनकी विरासत में राजनीति है। राजेश कुमार के पिता दिलकेश्वर राम कांग्रेस में जगजीवन राम के बाद दलित के जाने-माने नेता थे। दिलकेश्वर राम का पारिवारिक संबंध पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा के परिवार से था। राजेश औरंगाबाद के कुटुंबा के विधायक हैं। चुनाव से ठीक पहले प्रदेश अध्यक्ष बदलने का कांग्रेस का यह प्लान कैसे और क्यों बना और इसके क्या परिणाम होंगे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष को बदल कर बड़ा दांव खेला है। चुनावी साल में इस बदलाव से कांग्रेस ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह अब बिहार में फ्रंट फुट पर खेलने के लिए तैयार है। बिहार की कमान अखिलेश प्रसाद सिंह से लेकर राजेश कुमार को सौंप दी गयी है। वह बिहार प्रदेश कांग्रेस के 42वें और चौथे दलित अध्यक्ष हैं। उनसे पहले 1977 में मुंगेरी लाल, 1985 में डुमर लाल बैठा और 2013 में अशोक चौधरी दलित अध्यक्ष बने थे। राजेश कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि राहुल गांधी ने उन्हें चुन कर बिहार में सामाजिक न्याय की विचारधारा शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि हम लोग बिहार में 23 फीसदी की राजनीति करने जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य दलित, अल्पसंख्यक और सवर्ण को साधना है। लेकिन इसके लिए जुनून के साथ काम करने की जरूरत है, जो हम करेंगे।

### तय था बिहार कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन

दरअसल इस साल की शुरुआत से ही सक्रिय दिख रही बिहार कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन तय माना जा रहा था। साथ ही यह भी लगभग तय था कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व किसी दलित नेता के हाथ में ही बिहार कांग्रेस की कमान सौंपेगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहले 18 जनवरी को पटना में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन और फिर पांच फरवरी को दलित नेता जगलाल चौधरी की जयंती में शिरकत करके दलित वोटों की गोलबंदी का इरादा जाहिर कर दिया था। ऐसे में ये सवाल अहम है कि चुनावी वर्ष में बिहार कांग्रेस क्या 'बैक टू रूट्स' मोड में है। इस नेतृत्व परिवर्तन के मायने क्या हैं? साथ ही क्या अखिलेश प्रसाद सिंह की छुट्टी और महागठबंधन में कांग्रेस के 'ए' टीम बनने की तैयारी में कोई संबंध है।

### कौन हैं राजेश कुमार

राजेश कुमार बिहार के औरंगाबाद ज़िले के कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वह साल 2015 और 2020 में इस सीट से जीते। कुटुंबा सीट 2008 में परिसीमन के बाद बनी थी और यह अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट है। मूल रूप से औरंगाबाद के ओबरा के रहने वाले राजेश कुमार के पिता दिलकेश्वर राम भी कांग्रेस से 1980 और 1985 में विधायक रहे। वह औरंगाबाद की देव सीट से विधायक थे। दिलकेश्वर राम कांग्रेस सरकार में पशुपालन-मत्स्य मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री भी बने थे। 56 साल के राजेश कुमार ने साल 2015 में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के बेटे और फिलहाल बिहार सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन को हराया था। फिर साल 2020 में उन्होंने हम के ही श्रवण मांझी को हराया। राजेश कुमार साल 2010-16 के बीच प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव रहे। वह पार्टी की अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के भी अध्यक्ष रहे। राजेश कुमार ने 1989 से संत कोलंबा कॉलेज हजारीबाग से स्नातक किया हुआ है।








### बुरे दिनों के साथी हैं राजेश कुमार

राजेश कुमार कांग्रेस के बुरे दिनों के साथी है। इनका परिवार समर्पित कार्यकर्ता रहा है। वर्तमान में बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी जब कांग्रेस छोड़कर जा रहे थे, तो इन्होंने जदयू में ये कहकर जाने से इनकार कर दिया था कि सदाकत आश्रम (पार्टी दफ्तर) में झाड़ू लगा लूंगा, लेकिन कांग्रेस छोड़कर नहीं जाऊंगा। राजेश कुमार शांत और सहज स्वभाव के हैं। अपनी इसी छवि और पिता की विरासत का फायदा उन्हें मिला है।

### जातीय समीकरण पर ध्यान

राजेश कुमार की नियुक्ति कर कांग्रेस ने उस जातीय समीकरण पर ध्यान दिया है, जिसकी बिहार की सियासत में निर्णायक भूमिका होती है। राजेश कुमार दलित हैं। बिहार में हुए जातीय सर्वे के मुताबिक रविदास जाति 5.25 फीसदी है। राजेश कुमार इसी जाति से ताल्लुक रखते हैं। बिहार में दलितों की आबादी 19 फीसदी है। अभी बिहार में तीन प्रमुख दलों, भाजपा, जदयू और राजद में से किसी का अध्यक्ष दलित नहीं है। इसलिए कहा जा रहा है कि एक दलित को अध्यक्ष नियुक्त करना बिहार कांग्रेस के लिए 'बैक टू रूट्स', यानी जड़ों की ओर लौटने जैसा है। दरअसल 90 तक बिहार में सत्तासीन रही कांग्रेस का वोट बैंक सवर्ण, मुस्लिम और दलित थे। पार्टी ने राजेश कुमार को कमान सौंप कर सामाजिक समीकरण को अपने पक्ष में करने की जोरदार कोशिश की है।

### अखिलेश प्रसाद सिंह की छुट्टी क्यों हुई?

अखिलेश प्रसाद सिंह का कार्यकाल दिसंबर 2025 में खत्म होना था। दिसंबर 2022 में उन्हें कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। उनसे पहले मदन मोहन झा कांग्रेस अध्यक्ष थे। कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है। बिहार कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें बीते 18 जनवरी से ही लगने लगी थी। उस वक्त राहुल गांधी संविधान सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने पटना आये, तो सदाकत आश्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अच्छी संख्या जुटी थी, लेकिन राहुल गांधी यहां महज आठ मिनट बोले। इसके बाद चार फरवरी को राहुल गांधी फिर पटना आये। लेकिन राहुल गांधी के पटना आगमन के इन दोनों कार्यक्रम की जानकारी बिहार कांग्रेस को नहीं थी। पार्टी को यह जानकारी आयोजकों से मिली। ऐसे में अखिलेश प्रसाद सिंह से राहुल गांधी की नाखुशी की अटकलें लगने लगी थीं। इन अटकलों को मजबूती तब मिली, जब फरवरी में कृष्णा अल्लवारू कांग्रेस प्रभारी बनाये गये और उन्होंने मार्च में कन्हैया के साथ बिहार में पदयात्रा का कार्यक्रम तय कर लिया। 16 मार्च को शुरू हुई पदयात्रा से पहले 10 मार्च को पार्टी दफ्तर में हुई प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश प्रसाद सिंह मौजूद नहीं थे। इसके बाद 12 मार्च को दिल्ली में बिहार कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के साथ राहुल गांधी की बैठक भी टाल दी गयी। तब कहा गया कि केंद्रीय नेतृत्व किसी तरह की कलह को सतह पर आने नहीं देना चाहता था।

दरअसल राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह की छवि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी होने की है। कृष्णा अल्लवारू ने कांग्रेस प्रभारी बनने के बाद अन्य कांग्रेस प्रभारियों से अलग अब तक राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव या किसी अन्य नेता से मुलाकात नहीं की है। साथ ही वह ये दोहराते रहे हैं कि वह कांग्रेस को 'बी' टीम नहीं, बल्कि 'ए' टीम बनाना चाहते हैं। जानकारों की मानें तो कृष्णा अल्लवारू के साथ अखिलेश प्रसाद सिंह पहले ही सहज महसूस नहीं कर रहे थे और कन्हैया को 'नौकरी दो पलायन रोको' यात्रा का चेहरा बनाये जाने से इस असहजता को बढ़ा दिया था। अखिलेश और कन्हैया एक ही जाति भूमिहार से आते हैं, जो सवर्ण है।

### क्या है कांग्रेस का प्लान

इस बदलाव से साफ है कि कांग्रेस अब लालू की जेब में नहीं रहना चाहती, बल्कि अपने संगठन को मजबूत करना चाहती है। इसलिए कांग्रेस तन कर खड़ी हो गयी है। पार्टी ने राजेश कुमार को अध्यक्ष बनाकर दलित कार्ड खेला है, साथ ही सवर्णों को साधने की कोशिश की है। लालू यादव के प्रभाव में कन्हैया को पीछे धकेल दिया गया था, लेकिन पार्टी उसे फ्रंट में ले आयी है। जाहिर तौर पर अखिलेश प्रसाद लालू यादव के करीबी रहे हैं और उनके रहते इस काम में मुश्किल आती।

---

# झारखंड में पेसा कानून लागू करने की मांग तेज, विधानसभा का घेराव आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पेसा कानून 1996 को लागू करने की मांग को लेकर झारखंड उलगुलान संघ के बैनर तले ऐतिहासिक डोंबारी बुरू से 19 मार्च को 'पेसा पैदल यात्रा-I' शुरू हुई, जो खूंटी होते हुए 20 मार्च को हुलहुंडू, रांची पहुंची। इस यात्रा के दौरान राज्य सरकार से अनुसूचित क्षेत्रों में झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 को निरस्त कर पेसा कानून 1996 को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की जा रही है। यह यात्रा 21 मार्च को हुलहुंडू से निकल कर झारखंड विधानसभा का घेराव करेगी। इसमें राज्यभर से हजारों आदिवासी शामिल होंगे। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि पेसा कानून 1996 को उसकी संगत नियमावली के साथ लागू किया जाये।

**कई संगठनों और नेताओं की भागीदारी :** इस यात्रा में झारखंड उलगुलान संघ, आदिवासी क्षेत्र सुरक्षा परिषद, मुंडा आदिवासी समाज महासभा, संयुक्त पड़हा समिति, आदिवासी समन्वय समिति, झारखंड ग्राम सभा सुरक्षा मंच, खूंटकट्टी रैयत रक्षा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। पेसा पैदल यात्रा में रेयन समद, रोहित सुरीन, आशीष गुड़िया, जॉन जुर्सन गुड़िया, मसीह गुड़िया, वाल्टर कंडुलना, मेरी क्लॉडिया सोरेंग और बिनसाय मुंडा जैसे नेता और सामाजिक कार्यकर्ता समेत सैकड़ों लोग अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

### शुरू हुआ नया उलगुलान: अलेस्टेयर बोदरा

झारखंड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा ने कहा कि यह यात्रा ग्राम सभाओं के संवैधानिक, कानूनी एवं पारंपरिक अधिकारों को लेकर नयी उलगुलान की शुरुआत है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पेसा कानून 1996 को लागू नहीं किया गया, तो आदिवासी उसी तरह संघर्ष करेंगे, जैसे ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ किया था।

### झारखंड में पेसा कानून लागू न होना कलंक : ग्लैडसन डुंगडुंग

आदिवासी क्षेत्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि 'अबुआ दिसुम, अबुआ राइज' के नारे पर बना झारखंड राज्य आज भी पेसा कानून 1996 से वंचित है। यह झारखंड सरकार के लिए सबसे बड़ा कलंक है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों से झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 को हटाकर पेसा कानून 1996 के 23 प्रावधानों को लागू किया जाये।

### जब तक पेसा लागू नहीं, तब तक उलगुलान जारी रहेगा: सुषमा बिरूली

आदिवासी क्षेत्र सुरक्षा परिषद की महासचिव सुषमा बिरूली ने कहा कि 24 दिसंबर 2024 से ही पेसा कानून 1996 को लागू करने की मांग उठायी जा रही है, लेकिन सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए आदिवासी समाज को मजबूरन पेसा यात्रा करनी पड़ रही है। जब तक झारखंड सरकार इसे लागू नहीं करती, तब तक उलगुलान जारी रहेगा।

### झारखंड पंचायत अधिनियम 2001 थोपा गया, अब पेसा चाहिए: शिबू होरो

संयुक्त पड़हा समिति के सचिव शिबू होरो ने कहा कि पेसा कानून 1996 आदिवासियों का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन इसके बावजूद झारखंड में झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 थोपा गया है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द पेसा कानून को लागू करने की मांग की।

---

# झारखंड तसर उद्योग में देश का अग्रणी राज्य : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि तसर रेशम उद्योग न केवल एक कृषि आधारित उद्योग है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की परंपरा और संस्कृति का भी अभिन्न हिस्सा है। झारखंड तसर उद्योग में देश का अग्रणी राज्य है और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की आजीविका इससे जुड़ी हुई है। उन्होंने तसर रेशम उद्योग को पर्यावरण-संवेदनशील एवं सतत विकास का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, बल्कि वन संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। राज्यपाल श्री गंगवार गुरुवार को रांची केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में भारत में तसर रेशम उद्योग के समावेशी विकास विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि तसर रेशम उत्पादन से लगभग 10 मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं और भारत सरकार द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं कपड़ा मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है। राज्यपाल ने अपने पूर्व के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में मई 2014 में केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने रेशम कृषकों और बुनकरों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों को निकटता से देखा और उनकी आय बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किये।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड के तसर उत्पादकों को आगे बढ़ाने और उनकी आजीविका को स्थायी बनाने के लिए नीति-निर्माण में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में तसर रेशम की मांग लगातार बढ़ रही है और हमें इस अवसर का लाभ उठाते हुए भारतीय तसर रेशम को एक विशेष पहचान दिलानी होगी। इसके लिए ब्रांडिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, निर्यात संवर्धन एवं तकनीकी उन्नति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को और अधिक बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि झारखंड के सारंडा जंगल को अक्सर 'भारत की तसर राजधानी' कहा जाता है और यह माना जाता है कि तसर की उत्पत्ति यहीं हुई थी।

इस अवसर पर उन्होंने तसर उत्पादों एवं उनके प्रसंस्करण प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। राज्यपाल की ओर से एक पुस्तक, शोध पत्र का विमोचन भी किया गया। साथ ही, इस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.0 °c | 20.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.00 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.53 बजे |



# स्वास्थ्य विभाग की 74.70 अरब की अनुदान मांग मंजूर

# 42 हजार सहिया बहनों को एक महीने में टैब: इरफान अंसारी

- सभी सरकारी अस्पतालों में आंख की जांच की जायेगी
- दुमका, कोडरमा और चाइबासा में नर्सिंग कॉलेज खुलेंगे
- राज्य में तीन सौ बाइक एंबुलेंस की सेवा शुरू होगी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग की 74 अरब 70 करोड़ 50 लाख 86 हजार रुपये की अनुदान मांग गुरुवार को ध्वनिमत से पारित हो गयी। सदन में इस पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कई घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि राज्य में तीन सौ बाइक एंबुलेंस की सेवा शुरू की जायेगी। सभी अस्पतालों में आंख की जांच होगी। दुमका, कोडरमा और चाइबासा में नर्सिंग कॉलेज खोले जायेंगे। 42 हजार सहिया बहनों को एक महीने के अंदर टैब दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों को मुफ्त दवा मिलेगी। 10 रुपये में जांच होगी। गर्भवती महिलाओं का मुफ्त अल्ट्रासाउंड होगा। झारखंड का स्वास्थ्य विभाग एआइ टेक्नोलॉजी अपनायेगा और रोबोटिक सर्जरी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल ऑपरेशन में होगा।

**क्या कहा विधायकों ने :** अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सूचना के तहत पूछा कि डाकिया योजना के तहत लिट्टीपाड़ा में 2023 से पहाड़िया जनजाति को राशन नहीं मिला है। इसके पीछे क्या कारण है और दोषी अधिकारियों पर कारवाई करने की आवश्यकता है। विधायक प्रदीप यादव ने ब्लड बैंक में ब्लड की कमी पर चिंता जतायी। ब्लड डोनर को 25 रुपया के स्थान पर 100 रुपया देने की मांग करते हुए ब्लड डोनर कार्ड देने की मांग की। नवीन जायवाल ने कहा कि नगड़ी प्रखंड में सीएचसी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग अनुबंधकर्मी के भरोसे चल रहा है। यह अबुआ सरकार कब तक बबुआ बनायेगी। 108 डायल कर एंबुलेंस बुलाकर देख लीजिये, कब आता है। सुरेश बैठा ने कहा कि बरियातू में सरकार के अफसरों का हॉस्पिटल है। इसे चिन्हित कर कार्रवाई करने की जरूरत है। मेडिका जैसे हॉस्पिटल की भी निगरानी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रघुवर दास की स्थानीय नीति को रद्द कर नयी नीति बनायी जाये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग बंद करने की मांग की। मंजू देवी ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था लचर है। पांच साल में बांग्लादेशी घुसपैठ बढ़ा है। उदय शंकर सिंह ने कहा कि नर्सों के लिए सरकार ने वजीफा की व्यवस्था रखी है। जर्नादन पासवान ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की लचर स्थिति है। चतरा में डॉक्टरों के 42 पद सृजित हैं, लेकिन सात ही डॉक्टर कार्यरत हैं। स्वास्थ्य विभाग पारा मेडिकल कर्मी के भरोसे चल रहा है।

## 25 हेल्थ कॉटेज, 1258 नये स्वास्थ्य उपकेंद्र और मेडिको सिटी

इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 25 हेल्थ कॉटेज बनेंगे। अगले दो वर्ष में 1258 नये स्वास्थ्य उपकेंद्र खोले जायेंगे। सरकारी डॉक्टरों की इच्छानुसार पोस्टिंग होगी। मेडिको सिटी का निर्माण रांची में होगा। इससे मेडिकल टूरिज्म का लाभ मिलेगा।

## रिम्स का 6500 करोड़ रुपये का रिडेवलपमेंट प्लान

इरफान अंसारी ने कहा कि 6500 करोड़ से रिम्स का रिडेवलपमेंट होगा। 2200 बेड की क्षमता को बढ़ाकर 3500 किया जायेगा। 5000 क्षमता का ओपीडी हॉल बनेगा। यूजी और पीजी विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल बनेगा। डॉक्टरों के लिए फ्लैट बनाया जायेगा। मंत्री ने भाजपा के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि लगाइये 108 नंबर पर फोन और एंबुलेंस बुलाइये। क्या मुसलमान होना पाप है। इस समाज को नीचा दिखाने का काम भाजपा कर रही है।

## मुख्यमंत्री हेमंत को बताया 'झारखंड का राम'

गुरुवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 'झारखंड का राम' बताया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन शाहरुख खान की तरह चमकते हैं, क्योंकि अंदर से साफ हैं।

## भाजपा विधायकों का वाकआउट

अपने भाषण के दौरान डॉ इरफान अंसारी ने विपक्ष को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि वह एमबीबीएस की डिग्री लेकर आये हैं। उस डिग्री को एमसीआइ क्लीयरेंस देती है। वह इसे सार्वजनिक कर सकते हैं। लेकिन पीएम मोदी, निशिकांत दुबे और स्मृति इरानी का सर्टिफिकेट भी सार्वजिक किया जाये। इसके बाद भाजपा विधायकों ने इस पर एतराज जताया और सदन से वाकआउट किया। इरफान अंसारी ने रघुवर दास सरकार के समय की स्वास्थ्य सुविधाओं की खामियों को अखबार की कटिंग के माध्यम से गिनाया।

## बाबूलाल मरांडी को निशाने पर लिया

अपने भाषण के दौरान इरफान अंसारी ने बाबूलाल को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि अगर झारखंड नहीं होता, तो बाबूलाल का उदय नहीं होता। सीपी बाबू भी यहां नहीं होते। बाबूलाल को झारखंड को संवारने का मौका मिला था, लेकिन नींव ही कमजोर रखी, जबकि साथ बने राज्य उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ आगे बढ़ गये। अब ये खामियां दिखा रहे हैं। सीपी सिंह पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि बाबूलाल के बगल में जो बैठे हैं, उनसे बचना है। कब क्या कहेंगे, पता नहीं चलता। वह समाज को नीचा दिखाने का काम कर रहे हैं।

## चंपाई सोरेन ने धोखा दिया

इरफान ने कहा कि चंपाई सोरेन ने धोखा दिया। पीठ पीछे वार किया। राम को हनुमान से जुदा करने का प्रयास किया। हनुमान कभी राम से जुदा नहीं हो सकता। एक समय मैं राजनीतिक चक्रव्यूह में फंस गया। मुझ पर घिनौने आरोप लगे। मैं नौ-छह नहीं जानता। उस जगह पर दुबारा वापस आया। सीएम ने अपने हनुमान पर भरोसा किया। मेरे तीसरी बार विधायक बनने का श्रेय कल्पना भाभी को जाता है। चुनाव के दौरान हमारे खिलाफ घिनौने आरोप लगाये गये। कल्पना भाभी नहीं होतीं, तो आज मैं यहां नहीं होता। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और असम के लोगों ने 10-10 हेलीकॉप्टर उड़ाये, पर पब्लिक जुट नहीं पायी।

## डॉ इरफान अंसारी साबित करें कि असली डॉक्टर हैं : मनोज यादव



चर्चा के दौरान मनोज यादव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का अभी 100 दिन हुआ है। इसलिए अभी आरोप नहीं लगा रहे हैं। सीएम हेमंत सोरेन ने इन पर भरोसा और विश्वास जताया है। ये विदेश से डॉक्टरी पढ़कर आये हैं। ये कौन वाला डॉक्टर हैं, इनको साबित करना होगा। हाइकोर्ट हमेशा रिम्स पर निगेटिव टिप्पणी करता है। हाइकोर्ट, पब्लिक के साथ कैग भी परेशान है। आज वित्त मंत्री बीमार पड़ गये हैं। सरकारी अस्पतालों में सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें ऑर्किड में भर्ती कराया गया है। इसी बीच सीपी सिंह ने कहा कि बिल्ली के भागे छींका टूटे। अगर आलमगीर होते, तो कैसे मंत्री बनते। उन्होंने कहा कि झारखंड में 39 फीसदी बच्चे कुपोषित हैं। योजना बनती है, पर खर्च नहीं हो पाता। 700 डॉक्टर राज्य छोड़कर चले गये। रिम्स में एमआरआइ मशीन पिछले दो साल से खराब है। डॉक्टरों के 1424 पदों पर नियुक्ति नहीं हुई है। झारखंड में 10 हजार की जनसंख्या पर सिर्फ चार डॉक्टर हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत 10 हजार पर 34 डॉक्टरों का है। 3000 स्टाफ नर्स के पद रिक्त हैं। पारा मेडिकल के 864 पद रिक्त हैं। 108 एंबुलेंस सेवा का बुरा हाल है। 544 एंबुलेंस में आधे खराब पड़े हैं। ट्रॉमा सेंटर में कोई व्यवस्था नहीं है।

## आरटीआइ के तहत स्वास्थ्य विभाग नहीं दे रहा जानकारी : सरयू



सरयू राय ने कहा कि आरटीआइ के तहत स्वास्थ्य विभाग जानकारी नहीं दे रहा है। विरासत के बोझ से स्वास्थ्य मंत्री दबे हुए हैं। अच्छी कागज और छपाई के साथ बजट में कई चीजें उद्धत हैं।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** — नौकरी में उच्चाधिकारियों एवं सहयोगियों के सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान,पद-प्रतिष्ठा।
- **वृष** — बुद्धि-चतुरता से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,कर्मक्षेत्र में मनोनुकूल वातावरण रहेगा।
- **मिथुन** — धन-द्रव्य-वस्त्र आभूषण की प्राप्ति,आत्मविश्वास की वृद्धि,नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — कर्मक्षेत्र यशस्वीकार्य करने का अवसर, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापरिक विस्तार की योजना सफल होगा।
- **सिंह** — संकल्पित कार्य पूरा होगा। घर-गृहस्थी का सुख। व्यापरिक लाभ। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।
- **कन्या** — धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, विशिष्टजनों से सम्पर्क बढ़ेगा।
- **तुला** — विविध उलझनों से छुटकारा मिलेगा, परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी-व्यापार एवं सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — धन लाभ होगा। संयम, धैर्य, कूटनीतिक चालों से जरूर राहत मिलेगी, मकान,आवास की समस्यायें दूर होगी।
- **धनु** — विद्या- बुद्धि प्रतिभा का विकास, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास।
- **मकर** — संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, कुटुम्बियों का सहयोग, परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।
- **कुंभ** — नई नौकरी मिलने के संयोग बनेगा,सपरिवार मनोरंजन-भ्रमण के साधन बनेंगे।
- **मीन** — रोजी-रोजगार के क्षेत्र में कठिनाइयों पर विजय, शादी-शुदा जिन्दगी में परेशानी से छुटकारा।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 25 को

रांची (आजाद सिपाही)। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक मंगलवार 25 मार्च को शाम 4 बजे अथवा विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद, जो भी बाद में हो, से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन ) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

## पहली जेपीएससी के तीन आरोपियों को अग्रिम जमानत नहीं

रांची (आजाद सिपाही)। सीबीआइ की विशेष अदालत ने जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले के तीन आरोपियों बिरेंद्र कुमार सिंह, हरेंद्र नारायण चौधरी और विजय बहादुर सिंह को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। इस मामले में अब तक अदालत 30 से अधिक आरोपियों को अग्रिम राहत देने से इनकार कर चुकी है। बता दें कि सीबीआइ कोर्ट ने सीबीआइ द्वारा चार्जशीट दाखिल करने के बाद 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

# सीएम हेमंत से मिले छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच विभिन्न विषयों और मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर मंत्री इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक रामचंद्र सिंह एवं विधायक सोनाराम सिंकू भी मौजूद थे।



# 12 दिन में राजस्व संग्रह को 90 फीसदी करें : वित्त मंत्री

- तबीयत खराब होने से पहले वित्त मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से दिया था निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** वित्त एवं वाणिज्यकर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति में 12 दिन शेष हैं। इन 12 दिनों में भरपूर प्रयास कर राजस्व संग्रहण की लक्ष्य प्राप्ति को 85 से 90 फीसदी किया जाये। वित्त मंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाणिज्य कर विभाग के वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कर संग्रहण की प्रगति एवं आगे की कार्य योजना की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में वाणिज्य कर सचिव अमिताभ कौशल, वाणिज्य कर आयुक्त अमित कुमार सहित वाणिज्य कर विभाग के राज्य भर के समस्त वरीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए। मंत्री ने प्रमंडलवार समीक्षा करते हुए पांचों प्रमंडल (रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद और संथाल परगना प्रमंडल) अंतर्गत लक्ष्य से पीछे चल रहे अंचलों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में बताया गया कि वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व प्राप्ति का प्रतिशत 79.99 है। वर्ष 2024-25 झारखंड राज्य के लिए चुनावी वर्ष रहा है। इसमें झारखंड ने दो चुनाव देखे हैं। चुनाव में आदर्श आचार संहिता लगने के कारण आर्थिक गतिविधियां, सरकारी योजनाओं एवं अन्य विकास कार्यों के क्रियान्वयन की गति धीमी पड़ जाती है। इससे पूर्व वर्ष 2019-2020 भी चुनावी वर्ष था, जिसमें वाणिज्य कर विभाग का पूरे वित्तीय वर्ष में राजस्व संग्रहण 76.26 था। वर्ष 2024-2025, वित्तीय वर्ष 2019-2020 की ही भांति चुनावी वर्ष होने के बावजूद भी वित्तीय वर्ष के अंतिम माह से पूर्व ही 79.99 फीसदी राजस्व संग्रहित कर चुका है।

## इटली की धरती पर तोरिनो विश्वविद्यालय में हिंदी का परचम

# भारत की कला, साहित्य व संस्कृति विशाल है : आलेसैंड्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची में गुरुवार को परिचर्चा का आयोजन हुआ। इसमें यूरोपियन देश की प्राध्यापिका आलेसैंड्रा कॉन्सोलारो का सूरज सिंह मेमोरियल महाविद्यालय रांची में इटली स्थित तोरिनो विश्वविद्यालय में हिंदी कि प्राध्यापिका का संभाषण सत्र हुआ। इसमें उन्होंने भारत के ज्ञान दर्शन, भारतीय भाषा संस्कृति, ज्ञान परंपरा, योग विद्या भारत के संबंध में यूरोपीय देश इटली का नजरिया में खुल कर बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत में विविध संस्कृति से भरा देश है, हम अपने महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा, साहित्य, संस्कृति के संबंध में बताते है। आज का भारत विविधता से भरा है। यहां की परंपरा बहुत अच्छी है। अतिथि देवों भव की भावना सभी में होती है। उन्होंने बताया कि अनुवाद साहित्य में बहुत कार्य किया है। इसी सिलसिले में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली में उनका आगमन हुआ था। रांची आना बहुत यादगार रहेगा। अनुवाद साहित्य का जुड़ाव आत्मा से है। गूगल और एआइ अनुवाद साहित्य में कारगर नहीं है। अनुवाद केवल शब्द का प्रयोग नहीं, बल्कि उसमें हृदय का भाव भी रहता है, तब हम उसे आत्मसात करते है। अनुवाद में यदि भाव नहीं हो, तब वह ग्रहण योग्य नहीं रहता है।

उन्होंने कहा कि हिन्दी और भारतीय सभ्यता, संस्कृति से लगाव बहुत दिनों से था, इसलिए बनारस में संस्कृत विषय में भी ज्ञानार्जन किया। कई शोधपत्र भी भारत विषयक प्रस्तुत की। इटली के संबंध में बच्चों को प्रश्न का जवाब देते हुए बताया कि वहां पहाड़ी क्षेत्रों में चुनौती पूर्ण जीवन भी है। शांतिपूर्ण जीवन जीने की कला तो भारतीयों में है, इसलिए भारत का योग विद्या आज संपूर्ण जगत में चर्चा का विषय है। भारत की संस्कृति, धर्म, भाषा और भारत को समझने के लिए विदेश के लोग हिंदी सीख रहे हैं। यहां की विविधता में एकता और लोकतांत्रित मूल्य विदेशी लोगों को भी हिंदी सीखने की चाहत पैदा कर रहे हैं।

सूरज सिंह मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वर्मा ने कहा कि भारत देश आज आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक सभी विद्या में बहुत आगे है, जिसका अन्य देश भी अनुकरण कर रहे हैं। चिकित्साशास्त्र हो या अंतरिक्ष विज्ञान, कृषि हो या शिक्षा चहुंओर भारत अग्रणी है। यहां की विविधतापूर्ण संस्कृति को यदि जानना हो, तब पूरी छात्र दल के साथ भारत आना चाहिए, जिससे हमारे देश के गौरवान्वित संस्कृति को इटली जैसे यूरोपीय देश भी जान सकेंगे।

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ समर सिंह ने कहा कि भारत की सभ्यता संस्कृति बहुत प्राचीन है। यदि भारत को जानना है तो गाय गंगा और गीता को जानना होगा। संचालन के क्रम में डॉ सावित्री बड़ाइक ने कहा कि हिंदी के प्रति आकर्षण आज विश्व स्तर पर बहुत बढ़ गया है। आज के परिदृश्य में देखा जाय तब इटली सहित विश्व के कई देशों में हिंदी अध्ययन कराया जा रहा है।

डॉ अनिल वीरेंद्र कुल्लू ने कहा कि बहुत सारे विद्यार्थी दक्षिण एशिया यूरोप अफ्रीका के विद्यार्थी समाज और राजनीति के बारे में अध्ययन के क्रम में हिंदी सीखते हैं। अपने देश की विदेश सेवा के तहत भारत में सेवाएं देने के इच्छुक हैं। डॉ बीपी अखौरी ने कहा कि हिंदी एक विश्वभाषा है, क्योंकि वह एक देश की राष्ट्रभाषा होने के साथ-साथ अन्य देशों में भी पर्याप्त संख्या में लोगों द्वारा लिखी, बोली और समझी जाती है। डॉ आरएन सिंह ने कहा कि लोगों की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को आकार देने में भाषा की प्रमुख भूमिका होती है। कार्यक्रम में विदेशी मेहमान को डॉ संजय कुमार षाडंगी ने अपनी लिखित पुस्तक भेंट की। कार्यकम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा, डॉ समर सिंह, डॉ सावित्री कुमारी, डॉ अनिल वीरेंद्र कुल्लू, डॉ सीमा सुनील, डॉ रंजीत कुमार चौधरी, डॉ अनुपमा, डॉ संजय कुमार षाडंगी, डॉ राजश्री महतो, डॉ बीपी अखौरी, डॉ तनुज खत्री, डॉ प्रेम कुमारी, डॉ अनीता गुप्ता, डॉ मंजू सिंकू, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ रवि कुमार दास, डॉ जुरान सिंह मानकी, डॉ मैतुर रहमान, डॉ रीना कुमारी, डॉ त्रिभुवन शाही, डॉ मुकेश उरांव, डॉ अनल कुमार, डॉ सुबास साहू, डॉ फरहत जेबा, डॉ राजश्री इन्दवार, डॉ अर्चना सिंह, डॉ संगीता कुमारी, डॉ कन्हैया लाल, डॉ रुकैया परवीन, डॉ अभिषेक गुप्ता, डॉ उषा किड़ो, डॉ प्रांजल शाह, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ गायत्री सिन्हा, डॉ पपीहा आदि मौजूद रहे।

## 31 मार्च तक राशन कार्ड धारकों को इ-केवाइसी कराना जरूरी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में राशन कार्ड धारकों के लिए इ-केवाइसी कराना जरूरी हो गया है। 31 मार्च तक सभी राशन कार्डधारकों को यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। राज्य सरकार ने पीला और गुलाबी राशन कार्ड धारकों के लिए इ-केवाइसी अभियान शुरू किया है। 21 से 27 मार्च तक इ-केवाइसी सप्ताह मनाया जायेगा, जिसमें जनवितरण प्रणाली के दुकानदार घर-घर जाकर कार्डधारकों का इ-केवाइसी करवायेंगे। अगर किसी राशन कार्ड धारक का मोबाइल नंबर वेरिफाइड नहीं है, तो इसकी जानकारी प्रशासन को देनी होगी। इ-केवाइसी के दौरान ही आधार कार्ड को राशन कार्ड से जोड़ा जायेगा। झारखंड सरकार की कई योजनाओं का लाभ पाने के लिए राशन कार्ड जरूरी है। मंईयां सम्मान योजना भी इनमें से एक है, जिसके तहत 18 से 50 साल की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये मिलते हैं। अगर राशन कार्ड नहीं है, तो इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

**सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि. रॉंची**

नि.सं.-02/HQ/2021 दिनांक 18.11.2021
Email id: sidhokanhofed@gmail.com
Phone:- 0651-2913012

**आम सूचना**

सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि० (सिद्धकोफेड), रॉंची झारखंड राज्य का एक शीर्ष सहकारी संस्थान है, जो झारखंड सहकारी अधिनियम 1935 की धारा 11 के तहत निबंधित है। सिद्धकोफेड का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं वनोपज के क्षेत्र में उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, विपणन, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधियों को विस्तारित करना एवं ग्रामीणों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन करना। सिद्धकोफेड की उपविधि की धारा 07 (1) के अनुसार साधारण सदस्य के रूप में राज्य के सभी 24 कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि० के साथ-साथ राज्य के अन्य शीर्ष सहकारी संस्थान झास्कोलैम्पफ, झाम्कोफेड, वेजफेड, झास्कोफिश इत्यादि है।

सिद्धकोफेड के उपविधि की धारा 07 (2) अंतर्गत नाममात्र सदस्य का भी प्रावधान किया गया है, जिसके तहत -

I. कोई भी विपणन, प्रसंस्करण, उपभोक्ता या अन्य सहकारी संस्थान जो अपने सदस्यों से उत्पादन एकत्र करती हो और उसे संम्पूर्ण रूप से अपनी ओर से संघ को विक्रय/प्रदान करती हो या संघ द्वार उत्पादित वस्तुओं का (विक्रय / वितरण) करती हो तो संघ से वित्तीय / व्यवसायिक संबंध रखने वाली संस्थाएँ एवं व्यक्ति जैसे विक्रय अभिकर्ता तथा अन्य प्रतिभूति देने वाले भी नाम मात्र सदस्य हो सकेंगे।
II. इच्छुक गैर सरकारी संस्थाएँ।
III. नाम मात्र सदस्यों को निर्धारित आवेदन पत्र पर रूपये 500/- के आवेदन शुल्क तथा रूपये 25000/- सदस्यता शुल्क (Non-refundable) सहित संघ को लिखित में आवेदन करना होगा।
IV. नाम मात्र सदस्यों को संघ के लाभ वितरण, प्रबंध में भाग लेने एवं मताधिकार तथा चुनाव में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा।

इच्छुक नाममात्र सदस्य विहित प्रपत्र सिद्धकोफेड के वेवसाइड https://sidhkofed.jharkhand.gov.in से डाउनलोड कर आवेदन करेंगे। आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज स्व अभिप्रमाणित कर अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित करेंगे। सदस्यता शुल्क कुल 25500/- रूपये चेक अथवा डिमांड ड्राफ्ट SIDHKOFED, Ranchi के नाम देय होगा, जो आवेदन पत्र के साथ संलगन किया जाना है।

विस्तृत जानकारी के लिए मो० नं0 7004499896 / 7739398879 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह./- सचिव
(सिद्धकोफेड)

पत्रांक : 279 / रांची, दिनांक : 20.03.2025

**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**अति अल्पकालीन**

**द्वितीय डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–14/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय एक वर्ष के लिए (दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूरमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 11:30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक– 28.03.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक के से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2025 के लिए | जमानत की राशि 10 प्रतिशत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सांस्कृतिक भवन | 270000.00 | 27000.00 | दिनांक–28.03.2025 को 12:00 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच।

PR 348824 (Urban Development) 24-25 (D)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
198000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW



# इक्फाई विश्वविद्यालय का 5वां दीक्षांत समारोह आज

## क्वालिटी एजुकेशन से कोई समझौता नहीं : कर्नल डॉ रंजीत सिंह

**झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव होंगे मुख्य अतिथि**

**नौ स्वर्ण और नौ रजत पदक, 15 पीएचडी सहित कुल 231 छात्रों को दी जायेगी डिग्री**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड का पांचवां दीक्षांत समारोह शुक्रवार (21 मार्च) को रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड ऑडिटोरियम, जुपमी बिल्डिंग, चौथी मंजिल, प्लांट प्लाजा रोड, धुर्वा में आयोजित किया जायेगा। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव होंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय 2024 में स्नातक करने वाले छात्रों को कुल 231 डिग्री प्रदान करेगा, जिसमें 15 पीएचडी शामिल हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के शीर्ष रैंकर और दूसरे रैंकर को क्रमशः 9 स्वर्ण पदक और 9 रजत पदक प्रदान किये जायेंगे।

इस संबंध में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति कर्नल डॉ रंजीत सिंह ने कहा शिक्षा की गुणवत्ता और समाज पर इसके प्रभाव को मान्यता देते हुए आइसीएफएआइ विश्वविद्यालय, झारखंड को टाइम्स हायर एजुकेशन, लंदन और वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज रियल इम्पैक्ट (डब्ल्यूयूआरआइ) जैसी स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय और भारतीय रैंकिंग एजेंसियों द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में भारत के शीर्ष 10 विश्वविद्यालयों में और औद्योगिक अनुप्रयोगों में प्रभाव के संबंध में शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में स्थान दिया गया है। यह स्नातक करने वाले छात्रों, उनके माता-पिता, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विश्वविद्यालय के प्रशासन के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि इक्फाई विश्वविद्यालय में क्वालिटी एजुकेशन से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। वहीं, जेबी पटनायक ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के कई नये कोर्स का शुभारंभ भी किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में इक्फाई विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार जेबी पटनायक, सुमित राठौर सहित अन्य मौजूद थे।

# जल संसाधन आयोग का गठन अभी प्रक्रियाधीन : रामेश्वर उरांव

**झारखंड लिफ्ट इरिगेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड को जिंदा करेंगे : मंत्री हफीजुल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के 14 वें दिन गुरुवार को ध्यानाकर्षण के जरिए कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जल संसाधन आयोग का गठन अभी प्रक्रियाधीन है। इसलिए मैं आधे मन से धन्यवाद देता हूं। जब गठन हो जायेगा तब पूरे मन से धन्यवाद दूंगा। इस बीच विधानसभा स्पीकर ने कहा कि मंत्री जी से पूरा जान लीजिए। इस पर रामेश्वर उरांव ने कहा कि मंत्री मेरा भतीजा है, मैं प्रश्न नहीं करूंगा। इसके बाद हफीजुल ने कहा (विधायक सीपी सिंह) सीपी चचा के बाद रामेश्वर उरांव सबसे वरिष्ठ हैं। मंत्री हफीजुल ने कहा कि हम झारखंड लिफ्ट इरिगेशन कारपोरेशन लिमिटेड (झालको) को जिंदा करेंगे। झालको में ग्राम सभा के माध्यम से काम होता है। जल नीति 2015 से लागू है। इसकी समीक्षा की जायेगी। रामेश्वर उरांव ने कहा कि पानी के प्रबंधन के लिए काम करना होगा। 2011 में जल नीति बनी। इसके अनुसार काम नहीं हो पाया। इसको अपनाने से सामाजिक और आर्थिक बेहतरी आयेगी। रामेश्वर उरांव ने कहा कि 46 साल में स्वर्णरिखा परियोजना पूरा नहीं हुआ। इससे ज्यादा फायदा भी नहीं हुआ। बड़ी परियोजनाओं की जगह छोटी-छोटी परियोजनाएं लें। चेक डैम में सोलर से पानी निकालने की व्यवस्था करें। सीमांत किसान के लिए कुआं और तालाब की व्यवस्था करें। जल संसाधन के लिए बजट ज्यादा होना चाहिए।

### गुमला नगर परिषद के छह से सात वार्ड में पीने का पानी नहीं : भूषण

भूषण तिर्की ने कहा कि गुमला नगर पालिका की स्थापना 1973 में हुई थी। उस समय 10 वार्ड थे। 1983 में नगर परिषद बन गया। अब 22 वार्ड हो गए हैं। इसमें छह से सात वार्ड आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं। इसमें एक बूंद भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि वहां के लिए 112 करोड़ की योजना ली गई है। जिससे 63435 लोगों को पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए दो बार टेंडर निकला। 23 फरवरी 2024 को टेंडर में पांच बिड्स आए, पांचों टेक्नीकली फेल हो गए। फिर 13 सितंबर 2025 को टेंडर में छह बिड्स आए, इसमें चार टेक्नीकली फेल हो गए। अब वर्ल्ड बैंक के पास अप्रूवल के लिए गया है। एक माह के अंदर टेंडर का निष्पादन कर लिया जाएगा। तब तक एचवाईडीटी का प्रस्ताव दें।

### एक भी योजना चालू दिखा दें, इस्तीफा देकर चला जाऊंगा : उदय शंकर सिंह

विधायक उदय शंकर सिंह ने कहा कि सारठ विधानसभा क्षेत्र में सारठ, करमाटांड और पालाजोरी में पानी के लिए त्राहिमाम है। इसमें सरकार का जो वक्तव्य आया है। विभाग सरकार को धोखा दे रही है। गलत रिपोर्टिंग कर रही है अगर एक भी चालू योजना दिखा दें तो मैं इस्तीफा देकर चला जाउंगा। चापा नल सिर्फ कागज में चालू है। कहीं भी सारठ अवर प्रमंडल भी दिखा दें। इसपर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि तकनीकी कारणों से योजनाएं शुरू नहीं हुई हैं। हम जांच करवा लेते हैं। केंद्रांश नहीं मिला है, इसलिए योजना चालू नहीं हुई है। चापानल बनवाया जायेगा। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया में 312 करोड़ की पेयजलापूर्ति योजना काम धरातल पर शुरू नहीं हुआ है। झरिया में पानी की समस्या है।

# आजसू छात्र संघ ने मांगों को लेकर की तालाबंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू छात्र संघ ने गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के प्रशासनिक भवन एवं परीक्षा विभाग में तालाबंदी की। इसका नेतृत्व आजसू छात्र संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो ने किया। उन्होंने कहा कि सेशन 2023-2027 का समय पर मार्कशीट नहीं मिलने के कारण छात्रवृत्ति का लाभ लेने से विद्यार्थी वंचित रह जा रहे हैं। परीक्षा देने से वंचित निलंबित छात्र-छात्राओं का स्पेशल एग्जाम करवाने के संबंध में बात रखी गयी। विश्वविद्यालय के परमानेंट शिक्षक से रेगुलर क्लास करवाया जाये और विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 22-25 के वैसे छात्र, जो सेमेस्टर थर्ड और फोर्थ में किसी विषय मे क्रॉस किये हैं, उनकी स्पेशल परीक्षा लेकर उन्हें प्रमोट किया जाये। इस पर कुलपति और कुलसचिव ने आश्वासन दिया कि इन विषयों विश्वविद्यालय गंभीर है और त्वरित कार्रवाई की जायेगी। एक से दो दिन में बच्चों का अंक पत्र प्रदान कर दिया जायेगा। तालाबंदी में रवि रोशन, शिवम सिंह, राजेश सिंह, हिमांशु देव, दीप रजक, सुधांशु, योगेश, रोबिन, प्रियांशु, सूरज और अन्य विभागों के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### केंद्रीय सरना स्थल सिरोमटोली बचाव आंदोलन का जेएलकेएम ने किया समर्थन

**रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाव आंदोलन अब जोर पकड़ रहा है। राज्य के आदिवासी संगठनों ने रांची बंद का आह्वान किया है। इसे लेकर गुरुवार को नवोदित राजनीतिक पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने भी इस बंदी का समर्थन दिया है। संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने लेटर जारी करते हुए अपने संगठन की ओर से बंदी का समर्थन किया है। श्री महतो ने कहा कि यह आंदोलन केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली और पारंपरिक सरहुल शोभा यात्रा की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है। बता दें कि 22 मार्च को संपूर्ण राजधानी बंदी एवं 21 मार्च को बंद की पूर्व संध्या पर शांतिपूर्ण मसाल जुलूस निकाला जायेगा।**

# एसबीयू में चेस चैंपियनशिप का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के तत्वावधान में ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के बैनर तले रांची डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा 'नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2024-25' का शुभारंभ आज सरला बिरला विश्वविद्यालय में हुआ। आयोजन 20 से 23 मार्च तक सरला बिरला विश्वविद्यालय में होगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से 316 खिलाड़ी रैपिड और 292 खिलाड़ी ब्लिट्ज फॉर्मेट में हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें 50 इंटरनेशनल मास्टर और ग्रैंड मास्टर भी शामिल हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डीआरएम रांची जसमीत सिंह बिंद्रा ने अपने संबोधन में चेस खेलने के दौरान खिलाड़ियों के मूव्स और उनकी रणनीतियों पर बात की। साथ ही इस खेल के विभिन्न पहलुओं पर भी उन्होंने अपने विचार रखे। सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने चेस के विषय में संक्षेप में बताते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने खेल में हार-जीत के इतर खेल भावना को सर्वोपरि करार दिया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों को सरला बिरला विद्यालय की प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण आयोजन संयोजक मनीष कुमार और धन्यवाद भाषण सचिव नवजोत अलंग ने दिया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव प्रभात रंजन एवं ऋचा संचिता, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, उपाध्यक्ष कुणाल अजमानी, राजीब चटर्जी, मिथिलेश पांडेय समेत सुनील कालरा, विक्रम साहू एवं रंजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

6.5 लाख रुपये की इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता से शीर्ष 4 खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में आगामी एशियन चैस प्रतियोगिता के लिए किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के टॉप 10 खिलाड़ियों के मुकाबले लाइव स्ट्रीम किये जायेंगे। कार्यक्रम के आयोजन के लिए विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद सह पैट्रन डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# अनुसूचित जाति आयोग का कार्यालय शुरू किया जाये : मुकेश कुमार नायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** घासी (नायक) युवा कल्याण समिति की झारखंड प्रदेश कमेटी ने गुरुवार को डुमरी विधायक जयराम टाइगर महतो से मुलाकात की। कमेटी के लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंप कर कहा कि अनुसूचित जाति आयोग का कार्यालय वर्षों से बंद है, उसका गठन करके शुरू किया जाये। ज्ञापन देनेवालों में नायक युवा कल्याण समिति झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संदीप टाइगर नायक और कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार नायक और देवानंद नायक, विजय नायक, सुरेश नायक, विजय नायक, महादेव नायक, शुभम नायक, शशी मुंडा, गोपाल महतो, बजरंग कुमार साहू, करण नायक, विकास नायक, सागर नायक अजीत नायक, दिलीप नायक, संदीप नायक आदि शामिल थे।

# मजहब या जाति-बिरादरी पूछ कर न करो किसी की मदद : मौलाना तहजीबुल हसन

**हजरत अली की शहादत की याद में निकलेगा मातमी जुलूस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मस्जिद जाफरिया रांची में आयोजित तीन दिवसीय मजलीसे गम को संबोधित करते हुए हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि हजरत अली का एक ऐसा गुलिस्तान है कि जिस गुलिस्तान में इमामत के रंग बिरंगे फूल नजर आते हैं और इस फूल की खुशबू के बगैर इस्लाम की खुशबू महसूस नहीं की जा सकती। हजरत अली की जात ने जहां रूहानियत का इलाज किया, वहीं जिस्मानी इलाज भी किया। हजरत अली की खिदमत में एक शख्स आया और कहने लगा कि या अली मैं तीन दिन से बीमार हूं और फकीर हूं, जाहील और नादान हूं। मौला अली ने फरमाया जिस्मानी बीमारी के लिए डॉक्टर्स के पास जाओ, गरीबी दूर करने के लिए किसी अमीर के पास जाओ, जाहिल और नादानी दूर करने के लिए किसी आलिम के पास जाओ। उसने कहा : मौला आप तो तबीब भी हैं करीम भी हैं आलिम भी हैं। मौला ने उसको 3 हजार दिरहम दिये और फरमाया 1 हजार दिरहम से अपना इलाज करो, 1 हजार दिरहम से अपनी गरीबी दूर करो और 1 हजार दिरहम से शिक्षा हासिल करो।

हजरत अली के इस अमल से पता चलता है कि अगर एक इंसान चाहे तो दूसरे इंसान की सारी मुसीबत को दूर कर सकता है। हजरत अली ने फरमाया के किसी की मदद मजहब, जात, बिरादरी, पूछ कर ना करो। इससे अल्लाह पाक नाराज हो जाता है। मजलिस आरंभ तिलावत कलाम पाक से किया गया। सोजखानी सैयद अता इमाम रिजवी ने की। पेश खानी अमोद अब्बास, यावर हुसैन गाजीपुरी, यूनुस रजा, निहाल हुसैन सरियावी ने किया। मस्जिद परिसर या अली की सदाओं से गूंज उठा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मेंहदी इमाम और जफरुल हसन हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन ए जाफरिया के तत्वावधान में किया गया।

### आज निकलेगा मातमी जुलूस

शुक्रवार की रात दस बजे मस्जिद जाफरिया परिसर से हजरत अली की शहादत की याद में मातमी जुलूस निकलेगा, जो मस्जिद से निकलर विक्रांत चौक, कर्बला चौक होते हुए कर्बला पर जाकर संपन्न होगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने आभार जताया




**रांची (आजाद सिपाही)।** तेलंगाना सरकार द्वारा ओबीसी का आरक्षण ऐतिहासिक 42% किये जाने की घोषणा करने पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की बैठक में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस द्वारा ओबीसी का आरक्षण जनसंख्या अनुपात में करने की जो अभियान चलायी जा रही है इस घोषणा से प्रतीत होता है कि सिर्फ घोषणा नहीं है, यह जमीन पर भी दिख रहा है। झारखंड के संदर्भ में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नौवी अनुसूची में डालने के लिए विधानसभा से पारित कर महामहिम के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजी गयी है, लेकिन वहां पर अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की मांग है कि केंद्र सरकार झारखंड में ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को नौवीं अनुसूची में डाली जाये। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी के प्रति आभार और धन्यवाद देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, दिलीप वर्मा, महासचिव रामावतार कश्यप, प्रो प्रेम नंदन मंडल, सचिव जगदीश साहू, अजय मेहता, सुरेश ठाकुर, राम लखन यादव, सुग्रीव यादव प्रमोद कुमार, जयराम ठाकुर, संतोष सोनी, संजय मेहता, अरुण प्रमाणिक और अशर्फी चंद्रवंशी शामिल है।

### पूर्व डीसी छवि रंजन की क्रिमिनल रिट पर अगली सुनवाई दो अप्रैल को



रांची (आजाद सिपाही)। जमीन घोटाला के आरोपित रांची के पूर्व डीसी और निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाइकोर्ट में अब दो अप्रैल को सुनवाई होगी। न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में उनकी याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान छवि रंजन और इडी के अधिवक्ता की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए नयी तारीख दी है। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इस पर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है। छवि रंजन ने अपनी याचिका में ट्रायल कोर्ट द्वारा लिये गये संज्ञान को भी चुनौती दी है। उनकी ओर से कहा गया है कि बिना अभियोजन स्वीकृति के उनके विरुद्ध ट्रायल चलाया जा रहा है, जो न्याय संगत नहीं है।

## मारवाड़ी भवन रांची में शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन

# गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करना चाहिए : शंकराचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** शंकराचार्य अभिनंदन समारोह समिति के तत्वाधान में रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में द्वारकाशारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का भव्य नागरिक अभिनंदन, धर्म सभा एवं प्रवचन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी ने सपरिवार के साथ शंकराचार्य महाराज का चरण पादुका खड़ाऊ का पूजन पूरे विधि विधान के साथ किया। तत्पश्चात जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का नागरिक अभिनंदन प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अंग वस्त्र, माला पहना कर, एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया। इस अवसर पर स्वामी सदानंद सरस्वती ने एक महत्वपूर्ण धर्मसभा मे उपस्थित श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। शंकराचार्य जी के प्रवचन में उन्होंने भारतीय संस्कृति, वेदों और उपनिषदों के महत्व को उजागर किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता हमेशा सत्य, अहिंसा और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य क जीवन नष्ट कर देता है। संत, पंथ और ग्रंथ की रक्षा हम सबों को करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म बोर्ड बनना चाहिए और उसमें अधीनस्थ सभी मंदिर हो। गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित होनी चाहिए।

धर्म सभा कार्यक्रम में समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन, संयोजक मंडली सदस्य बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, मनोज बजाज, प्रमोद शाश्वत, केशव महतो कमलेश, ललित कुमार पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, पवन शर्मा, शिव शंकर साबू अशोक पुरोहित, मनोज चौधरी, पवन पोद्दार, गोवर्धन गाड़ोदिया, संजय सर्राफ, प्रमोद अग्रवाल, ललित नारायण ओझा, नंदकिशोर चंदेल, राजेश सिन्हा सनी,रमेश सिंह,संजय जयसवाल, जय सिंह यादव, कमल सिंघानिया, श्याम सुंदर शर्मा, सौरभ सरावगी, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, डूंगरमल अग्रवाल, रतनलाल बंका, राजेश साहू, पवन मंत्री, विजय खोवाल, कमलेश संचेती, सज्जन पाड़िया, नरेंद्र लखोटिया, किशोर कुमार मंत्री,अजय डीडवानिया, किशन पोद्दार रमाशंकर बगड़िया, मधु सराफ, दिलीप पटवारी, अरुण बुधिया, अजय खेतान, आतिश सिंह, विनीता सिंघानिया, किशन साबू, आनंद जालान, मुकेश पोद्दार, राजेश कौशिक, कौशल राजगढ़िया, तुलस्यान समेत कई लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



# भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी और चुआड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो



गुणधाम मुतरुआर

**21 मार्च को क्रांतिवीर रघुनाथ महतो की जयंती पर विशेष**




जब देश के स्वतंत्रता सेनानियों के अंग्रेजों के खिलाफ बगावत की चर्चाएं होती हैं, तो इस समय पहली विद्रोह 1769 ई० का क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो के नेतृत्व में चुआड़ विद्रोह का नाम इतिहास में सबसे पहले आता है।

क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो का जन्म 21 मार्च 1738 को तत्कालीन बंगाल की छोटानागपुर के जंगलमहल (मानभून) जो आज झाड़खंड के सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड के एक छोटे से गांव घुंटियाडीह में हुआ था। इतिहास में उल्लेख है कि 1769 ई० में क्रांतिवीर रघुनाथ महतो के नेतृत्व में मूल आदिवासी कुड़मियों ने वियतनामी मूल (मुंडा, भूमिज, हो, संथाल, खड़िया आदि जनजाति संभवतः 3500 वर्ष पूर्व वियतनाम के रेड रिवर डेल्टा क्षेत्र से समुद्री मार्ग द्वारा भारत आए थे) के आदिवासियों के साथ मिलकर ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ जमीन, जल, जंगल के बचाव एवं नाना प्रकार के शोषण से मुक्ति के लिए विद्रोह किया जिसे चुआड़ विद्रोह के नाम से जाना जाता है। यह विद्रोह ब्रिटिशों के खिलाफ पहली विद्रोह थी। हाल के कुछ दिनों में इस आंदोलन को चुआड़ विद्रोह के बजाएं इससे 'जंगल महल स्वतंत्रता आंदोलन' के नाम से बुलाए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। कुछ अन्य जनजातियों द्वारा कुड़मि-विद्रोह नाम रखने का भी सुझाव दिया है।

जब अंग्रेजों ने 1765 ई० में बक्सर की लड़ाई जीतकर बिहार और तत्कालीन बंगाल के छोटानागपुर के जंगलमहल जिला में सर्वप्रथम मालगुजारी वसूलना शुरू किया, तब अंग्रेजों के इस शोषण का विरोध शुरू हुआ। क्योंकि लोगों को लगा कि अंग्रेजों द्वारा यह उनके स्वतंत्रता और सम्पत्ति हड़पने की तैयारी है। इसलिए 1769 ई० में कुड़मि समाज के लोगों द्वारा क्रांतिवीर रघुनाथ महतो के नेतृत्व में सबसे पहला विरोध किया गया और ब्रिटिश शासकों के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका गया। धीरे-धीरे यह विद्रोह कोई एक जाति विशेष में केंद्रित नहीं थे। इसमें कुड़मियों के साथ इस स्थान में निवास करने वाले सभी लोग क्रांतिवीर के नेतृत्व को स्वीकार करने लगे। उनका नारा था -

*आपन गांउ आपन राइज ।*
*धुर खेदा बिरटिस राइज ।।*

कहीं कहीं यह भी उल्लेख है कि 1764 में बक्सर की जीत के बाद अंग्रेजों का मनोबल बढ़ गया था। क्रूर मतलबी अंग्रेजों ने कारीगरों के साथ किसानों को भी लूटने लगे। 12 अगस्त 1765 को शाह आलम द्वितीय से अंग्रेजों को बिहार, बंगाल, ओडिशा और छोटानागपुर की दीवानी मिल गई थी। उसके बाद अंग्रेजों ने किसानों से लगान वसूलना शुरू कर दिया। 1766 में अंग्रेजों ने राजस्व के लिए जमींदारों पर दबाव बनाया, लेकिन कुछ जमींदारों ने उनकी अधीनता स्वीकार नहीं की, तो कुछ अपनी शर्तों पर उनसे जा मिल गये। नतीजा यह हुआ कि किसान अंग्रेजी जूल्मों के शिकार होने लगे। स्थिति अनियंत्रित होने लगी और चुआड़ आंदोलनों की घमासान प्रारंभ हुई, जिससे आज हम इतिहास के पन्ना में पढ़ते हैं।

बचपन से ही देशभक्त व क्रांतिकारी स्वभाव के थे क्रांतिकारी रघुनाथ महतो। इसलिए उन्होंने 1769 में फाल्गुन पूर्णिमा के दिन नीमडीह गांव के एक मैदान में सभा की थी। यही स्थान आज रघुनाथपुर के नाम से जाना जाता है। क्रांतिवीर रघुनाथ महतो के नेतृत्व कौशल इतना प्रभावशाली था कि 1773 तक सभी इलाके में उनके समर्थक फैल चुके थे।

इस विद्रोह का फैलाव नीमडीह, पातकुम, बराहभूम, धालभूम, मेदनीपुर, किंचूग परगना (सरायकेला-खरसावां), राजनगर गम्हरिया आदि तक पहुंच गया था। उन्होंने अंग्रेजों के नाक पर दम कर रखा था।

इस आंदोलन के आक्रामकता को देखते हुए अंग्रेजों ने छोटानागपुर को पटना से हटाकर बंगाल प्रेसीडेंसी के अधीन कर दिया गया। 1774 में विद्रोहियों ने किंचुग परगना के मुख्यालय में पुलिस फोर्स को घेर कर मार डाला। इस घटना के बाद अंग्रेजों ने किंचुग परगना पर अधिकार करने का विचार छोड़ दिया। 10 अप्रैल 1774 को सिडनी स्मिथ ने बंगाल के रेजीमेंट को विद्रोहियों के खिलाफ फौजी कार्रवाई करने का आदेश दे दिया।

सन 1776 में आंदोलन का केंद्र रांची जिले का सिल्ली बना। 5 अप्रैल 1778 को जब क्रांतिवीर रघुनाथ महतो जंगलों में अपने साथियों के साथ सभा कर रहे थे। सिल्ली अंतर्गत लोटा गांव के 'गढ़तैंतेइर' में अंग्रेजों की रामगढ़ छावनी से हथियार लूटने की योजना को लेकर बैठक चल रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना पर अंग्रेजों की सेना ने क्रांतिवीर रघुनाथ महतो और उनके सहयोगियों को चारों ओर से घेर लिया। दोनों ओर से काफी घमासान युद्ध हुआ। क्रांतिवीर रघुनाथ महतो को भी गोली लगी। यहां से कुछ चुआड़ विद्रोहियों को गिरफ्तार कर लिया गया और अंततः क्रांतिवीर रघुनाथ महतो अपने कई साथियों के साथ इस युद्ध में लड़ते हुए शहीद हो गए।

**(लेखक : गुणधाम मुतरुआर भूगोल- शिक्षक, अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय पिलीद, ईचागढ़, सरायकेला- खरसावां, झारखंड हैं।)**

## बारिश से लोगों को मिली राहत

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में भीषण गर्मी से लोगों बड़ी राहत मिली है। गुरुवार शाम को राजधानी रांची, धनबाद समेत कई जिलों में झमाझम बारिश देखने को मिली और कई जगहों पर वज्रपात भी हुआ। राजधानी में स्थिति ये रही कि बारिश की वजह से आम दिनों के मुकाबले सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही। रात साढ़ें 8 बजे के बाद तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। वहीं, लोहरदगा में आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत हो गयी, वहीं तीन लोगों की घायल होने की सूचना है। मौसम विभाग की मानें तो शुक्रवार को भी झारखंड के कई जिलों में बारिश के आसार हैं। इस दौरान लातेहार, पलामू और गढ़वा के कई हिस्सों में वज्रपात की संभावना जतायी गयी है।**

## हेमंत सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी चरम पर : बाबूलाल

**बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार ने युवाओं के नियोजन के लिए पोर्टल शुरू किया, लेकिन यह ठीक से काम नहीं कर रहा है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है, लेकिन राज्य सरकार के लिए बेरोजगारी कोई मुद्दा ही नहीं है। युवाओं की पीड़ा से सरकार का कोई वास्ता नहीं रह गया। सरकार ने युवाओं के नियोजन के लिए पोर्टल शुरू किया, लेकिन यह ठीक से काम नहीं कर रहा है। यह समय पर अपडेट भी नहीं हो रहा। पोर्टल पर अब भी दावा किया जा रहा है कि निजी कंपनियों में 40,000 रुपये तक के वेतन वाली 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय युवाओं को मिलेंगी। लेकिन झारखंड हाईकोर्ट ने दिसंबर 2024 में इस नियम पर रोक लगा दी थी। झूठे वादों और गलत जानकारी देकर युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। श्रम विभाग की जिम्मेदारी है कि वह युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाए, ताकि पलायन पर रोक लगायी जा सके।

### उपमुख्यमंत्री प्रभाती परीडा ने पखाल दिवस मनाया

## ओड़िया के लिए पखाल जीवन का खजाना है

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** दुनिया में जहां ओड़िशा के लोग रहते हैं, पखाल वहां तक पहुंच गया है। पखाल के साथ मां का प्यार और भावनाएं जुड़ी होती हैं। उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने ओड़िशा पर्यटन विकास निगम (ओटीडीसी) और राज्य पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित विश्व पखाल दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में यह बात कही। महाप्रभु श्रीजगन्नाथ के छपन भोग से पखाल ओर टंक पानी की भी अहम भूमिका होती है। कलिंग हॉस्पिटल की मुख्य आहार विशेषज्ञ अंजना त्रिपाठी ने कहा कि पखाल गर्मियों के आहार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। छह प्रमुख खाद्य ब्लॉगर-सेनोरिटा दास, अंकिता त्रिपाठी, मेहक महापात्र, सान शेख, आयुष कुमार और आलोक प्रसाद महापात्र-को इंटरनेट के माध्यम से उड़िया भोजन का दूर-दूर तक प्रसार करने के लिए इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

पर्यटन आयुक्त और प्रमुख सचिव बलवंत सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि पखाल हमारे उड़िया भोजन का एक अनूठा उत्सव है। इस अवसर पर पर्यटन निदेशक मानसी निंभाला ने धन्यवाद ज्ञापन किया।


**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

**शुद्धि पत्र सं. डब्लयु 584/ई–टेंडरिंग/377–DHN–2024–25 धनबाद, दिनांक 19/03/2025**

यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं. 377–DHN–2024–25 दिनांक 11.03.2025 में ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख को क्रमशः 04.04.2025 को 12:00 बजे एवं 04.04.2025 को 12:30 बजे के बदले में **11.04.2025 को 12:00 बजे एवं 11.04.2025 को 12:30 बजे से पढ़ा जाये।**

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण), पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

**पीआर/02319/डीएचएन/इंजी०/सी/24–25/16**

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-20-22-25, दिनांक 19.03.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सं.; कार्यों का विवरण; निविदा मूल्य** निम्नलिखित हैं: **(1) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-20-25, दिनांक 19.03.2025,** आद्रा मंडल के चाण्डिल में साहेब बाँध (यानी प्राकृतिक झील) से मौजूदा पाइपलाइन के पुनरुद्धार तथा बंद पम्प हाउस के पुनरुद्धार का प्रावधान;रु. 1,33,97,742.15; **(2) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-21-25, दिनांक 19.03.2025,** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में चौरासी एवं रामकनाली के बीच ईआई कार्यकारी प्रणाली के साथ ब्लॉक कार्यकारी प्रणाली सहित चौरासी साइडिंग का ब्लॉक स्टेशन के रूप में रूपांतरण; रु. 3,75,95,455.77; **(3) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-22-25, दिनांक 19.03.2025,** आद्रा मंडल में तालगड़िया-बोकारो स्टील सिटी के बीच नई निर्माण लाइन के लिए शेष बचे हुए कार्य; रु. 3,11,55,562.61; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समयः** दिनांक 17.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे है। ऊपरोक्त ई-निविदाओं के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-1253)**


## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नाम पर ठगी की कोशिश

### श्रीलंका से वाट्सएप मैसेज कर मांगे जा रहे थे 50 हजार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की तस्वीर वाट्सएप डीपी में लगा कर साइबर ठगों ने परिचितों से 50-50 हजार रुपये मांगने की कोशिश की। जब परिचितों ने उनसे संपर्क किया, तब इस ठगी का खुलासा हुआ। सीइओ ने 19 मार्च को साइबर थाना रांची में मामला दर्ज कराया और ठगों द्वारा भेजे गये मैसेज के स्क्रीनशॉट भी उपलब्ध कराये। जांच में पता चला कि ठगी में इस्तेमाल किया गया नंबर (+94773070155) श्रीलंका का है।

यह पहली बार है, जब किसी अंतरराष्ट्रीय नंबर से झारखंड में इस तरह की ठगी का मामला सामने आया है। इससे पहले साइबर अपराधियों ने वेबसाइट और सर्वर के जरिए ठगी की थी, जिनका आइपी एड्रेस जापान, दुबई, हांगकांग, चीन, फिलीपींस, ताइवान, वियतनाम और कंबोडिया से जुड़ा पाया गया था। साइबर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वेदांता एल्युमीनियम और नाबार्ड ने कौशल विकास और कृषि नवाचार के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए सहयोग किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के कालाहांडी जिले में कार्यबल कौशल, जल संसाधन प्रबंधन और कृषि विविधीकरण पर केंद्रित 1 करोड़ की ग्रामीण विकास पहल को लागू करने के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के साथ साझेदारी की है। स्वीकृति पत्र के आदान-प्रदान के माध्यम से औपचारिक रूप से किया गया यह सहयोग संसाधन संपन्न लेकिन आर्थिक रूप से वंचित क्षेत्रों में कुशल कार्यबल के निर्माण और कृषि लचीलापन को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण निवेश को दर्शाता है। इस साझेदारी के तहत, दोनों संगठन रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और दीर्घकालिक कृषि स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई हस्तक्षेप करेंगे। इस पहल के तहत लांजीगढ़ में वेदांता के कौशल प्रशिक्षण केंद्र में 'खाद्य एवं पेय पदार्थ प्रबंधक पाठ्यक्रम' के तहत 60 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा, जिससे उन्हें उद्योग-संबंधित कौशल से लैस किया जायेगा, जो क्षेत्र के बढ़ते रोजगार परिदृश्य के साथ संरेखित होगा। इस परियोजना के पहले चरण में पहले ही 210 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसके समानांतर, कृषि अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में प्रयास किये जायेंगे, जिसमें सामुदायिक तालाबों, खेत तालाबों, समुदाय में चेक डैम सहित 275 जल संरचनाओं का निर्माण शामिल है, ताकि किसानों के लिए जल सुरक्षा बढ़ाई जा सके और 2380 एकड़ खेत में हल्दी, अदरक और गेंदा जैसी उच्च मूल्य वाली फसलें लगायी जा सकें, जिससे स्थानीय सूक्ष्म उद्यमों के विकास को बढ़ावा मिले। वेदांता लिमिटेड के एल्युमिना बिजनेस के सीईओ प्रणब कुमार भट्टाचार्य और नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर के मुख्य महाप्रबंधक डॉ सुधांशु केके मिश्रा के बीच समझौते को औपचारिक रूप दिया गया, जिसमें सतत ग्रामीण विकास के लिए साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ सुधांशु केके मिश्रा ने कहा कि नाबार्ड अभिनव साझेदारी के माध्यम से सतत ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो आजीविका को बढ़ाता है और कृषि लचीलापन को मजबूत करता है।

## एससी-एसटी की सीटें किसी भी कीमत पर कम न हों : विजय शंकर नायक



**रांची (आजाद सिपाही)। एससी-एसटी की सीटें किसी भी कीमत पर कम न हो बल्कि झारखंड में विधानसभा की सीटें 81 से बढ़ाकर 160 करनी चाहिए, ताकि विधान परिषद का भी गठन हो सके। यह बात गुरुवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने गुरुवार को सदन में हुए परिसीमन से विधायकों द्वारा एसटी सीटों के घटने पर चिंता व्यक्त किये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में कही। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में विधानसभा सीटें पहले ही बढ़ायी गयी हैं तो फिर झारखंड में अब तक सीटें बढ़ा कर दुगुनी क्यों नहीं होनी चाहिए थीं। जबकि विधानसभा की सीटें बढ़ाने के लिए सबसे पहले 15 जून 2005 में विधानसभा की कमेटी बनी थी। तत्कालीन भाजपा विधायक कड़िया मुंडा इस कमेटी के संयोजक थे। चार जुलाई 2005 को कमेटी ने रिपोर्ट सौंप दी थी। कमेटी ने विधानसभा की सीटें 81 से बढ़ा कर 150 करने का प्रस्ताव तैयार किया था। इस पर पूरे सदन का अनुमोदन मिला, इसके बाद प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया था उस समय कांग्रेस की सरकार थी। आज तो भाजपा की सरकार केंद्र में है, तो भाजपा के नेता अपने केंद्रीय नेताओं पर दबाव बना कर और जल्द से जल्द विधानसभा के सीटों में वृद्धि करें। श्री नायक ने आगे यह भी बताया कि झारखंड विधानसभा की सीटें बढ़ाने के लिए पांच बार राज्य से सर्वदलीय प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है। लेकिन अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हो सका। झारखंड विधानसभा से अब तक पांच बार सीटें बढ़ाने की सिफारिश भेजी जा चुकी है। बहुमत से विधानसभा में यह प्रस्ताव पारित किया गया है। झारखंड विधानसभा के गठन से ही राज्य में सीटें बढ़ाने की बात कही गयी है। इस मुद्दे को लेकर विधानसभा के अंदर कई बार चर्चा हुई। 2002, 2004, 2005, 2007 और 2009 में प्रस्ताव सदन द्वारा भेजा गया।**

## मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 55वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 55वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को मुंडा सभा ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हुई। बाद में जयपाल सिंह मुंडा की तीनों प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सिरमटोली स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा चौक पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

इस अवसर पर मुंडा सभा के सदस्यों ने स्टेडियम की जर्जर स्थिति पर गहरी नाराजगी जतायी और कहा कि नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण जयपाल सिंह मुंडा मैदान जर्जर हो रहा है। सही से देखभाल नहीं हो रही है। उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। इसके कारण स्टेडियम बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। इसके अलावा स्टेडियम का रखरखाव भी प्रभावित हो रहा है। मुंडा सभा ने सरकार से मांग की कि स्टेडियम का रखरखाव और सौंदर्यीकरण जल्द किया जाये, ताकि ऐतिहासिक स्टेडियम अपनी गरिमा को पुनः प्राप्त कर सके। सभा ने चेतावनी दी कि यदि इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो इसके विरोध में उग्र आंदोलन किया जायेगा।

महासचिव बिलकन डांग ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा न केवल झारखंड आंदोलन के अगुआ थे, बल्कि संविधान सभा में आदिवासियों की आवाज भी थे। जब संविधान सभा में विशेष प्रावधानों पर बहस हो रही थी, तब जयपाल सिंह मुंडा ने आदिवासियों के लिए भी ठोस सुरक्षा की मांग की थी। उन्होंने न केवल आदिवासी समाज की अस्मिता को बचाने की लड़ाई लड़ी, बल्कि उनके लिए संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित करवाने में अहम भूमिका निभायी। उन्होंने कहा कि वे केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि एक बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी भी थे। उन्होंने भारतीय हॉकी टीम के कप्तान के रूप में 1928 में भारत को पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाया था।

कार्यक्रम में मुंडा सभा के महासचिव बिलकन डांग, सचिव प्रभु सहाय सांगा, कोषाध्यक्ष डॉ। रोयल डांग, सोसन समद, दिव्या ज्योति कंडीर, पौलूस बुड, आदिवासी विकास पार्षद परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष प्रभाकर नाग, नगर विकास परिषद अध्यक्ष अमित मुंडा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


**शपथ-पत्र**

**शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 9516 दिनांक - 20.03.2025, मै शन्नी जैन पिता-नागेन्द्र कुमार जैन, निवास स्थान नगेन्द्र स्टोर बड़ा बाजार बंशी लाल चौक पो०-हजारीबाग थाना-सदर, जिला-हजारीबाग, झारखंड, का निवासी हुँ। मेरा शपथ पत्र संख्या-9516 दिनांक 20.03. 2025 के द्वारा शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड संख्या 5304 2645 9281 में पुत्री का नाम AASHVI JAIN है। मेरी पुत्री का पासपोर्ट में नाम SIDDHI JAIN हैं। यह कि AASHVI JAIN और SIDDHI JAIN दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। जो मेरी पुत्री है। आगे से AASHVI JAIN के नाम से जाना जायगा। उपरोक्त बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।**

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No. 1595 Date: 13.03.2025 I, YODHAN PRASAD, S/O LATE KAILASH KAHAR, aged about 58, by faith- Hindu, by Occupation-Service, Nationality-Indian, R/o At-Jawahar Nagar, Bhurkunda, P.O.- Bhurkunda Bazar, P.S.-Patratu, District-Ramgarh (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That my actual and correct name is **YODHAN PRASAD**, and correct date of birth is 15.10.1967, which is mentioned in my Aadhar Card No.-7333 3299 1171 and PAN Card, Bank Passbook etc.
2. That my name has been mentioned as **JODHAN PRASAD** in my P.N.B. Met Life Insurance Policy No.- **20250066** which is wrong.
3. That **YODHAN PRASAD** and **JODHAN PRASAD** is the both name of same and single person i.e. myself.
4. That this affidavit is required for knowledge of P.N.B. Met Life Insurance Company authority concern for doing needful purpose.

**AFFIDAVIT**



As per Affidavit No. 1595 Date: 13.03.2025 I Parwati Devi Aged About - 57 Year, W/o.- LATE GANESH LOHAR, RESIDENT OF Vill-DAKR P.O DAKRA, Ps.- KHALARI, Dist.- RANCHI, State Jharkhand - 829205 do hereby solemnly affirm and declare as follows : 1. That I am a CCL Employee working in. under RR SHOP, N.K.AREA DAKRA at the Post of E.P.H.FITTER GR-III having PIS No-14299796
2. That RAJU LOHAR @ RAJU KUMAR VISHWAKARMA, Aadhar No-7241 0254 6623 is my son. 3. That in my Service Sheet his name is recorded as RAJU LOHAR whereas in his Matriculation Certificate, Aadhar Card as well as in his Pan Card, his name is recorded as RAJU KUMAR VISHWAKARMA. In place of his date of birth it is recorded as 12 Yrs as on 08-11-2000

| | |
|---|---|
| Name in CCL (As per Service Records) | RAJU LOHAR |
| Relation | SON |
| D.O.B In CCL | 12 Yrs as on 08-11-2000 |
| Correct. | Name - RAJU KUMAR VISHWAKARMA D.O.B.- 02-07201987 (as per aadhar Card/ Pan Card/ Mtriculation Certificate) |

4. That when I came to know the realities about such disparities, I do hereby apply for correction in the records of my Service Sheet regarding his name and date of birth.
5. That I want that his name and date of birth should be recorded in my service sheet as per his Aadhar Card, Pan Card and Matriculation Certificate, hence this affidavit is being sworn for.
6. That para 1 to Sare correct and genuine to the best of my knowledge and belief if found wrong or concealing the fact I shall be fully responsible for the same.

# रूस और यूक्रेन की जंग कब खत्म होगी

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मंगलवार को हुई टेलिफोन बातचीत उस कदर कामयाब भले न हुई हो जैसी उम्मीद की जा रही थी, फिर भी सीमित युद्धविराम पर सहमति शांति की दिशा में एक कदम जरूर है।

**पुतिन का कड़ा रुख :** पिछले हफ्ते एक महीने के अस्थायी युद्धविराम पर यूक्रेन की सहमति मिलने के बाद कई हलकों में माना जा रहा था कि शांति अब ज्यादा दूर नहीं है। इस लिहाज से रूसी राष्ट्रपति पुतिन का यह कड़ा रुख पहली नजर में बहुतों को अप्रत्याशित लग सकता है, लेकिन यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों का जितना कुछ दांव पर लगा है, उसे देखते हुए उनका फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना अस्वाभाविक नहीं है।

**घोषणाएं और शर्तें :** सीमित युद्धविराम पर सहमति के बाद शांति की बढ़ी हुई उम्मीदों के बीच दोनों ही पक्ष अपना रुख और कड़ा करते हुए दिख रहे हैं। जहां रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने स्थायी युद्धविराम के लिए यूक्रेन को मिलने वाली हर तरह की बाहरी सहायता पर पूर्ण रोक और उसे नैटो सदस्यता न देने की प्रतिबद्धता जैसी शर्तें रखी हैं, वहीं यूक्रेन कह रहा है कि वह अपनी संप्रभुता को लेकर कोई सौदेबाजी नहीं करेगा और रूस को उसकी कब्जा की गयी जमीन वापस करनी होगी।

**ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत में यह बात दोहरायी कि स्थायी और न्यायपूर्ण शांति सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन की स्थिति को अधिकाधिक मजबूती देने की जरूरत है।**

**यूरोप की भूमिका :** यूरोपीय देश यूक्रेन के पलड़े का वजन बढ़ाने की कोशिश में अभी भी लगे हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत में यह बात दोहरायी कि स्थायी और न्यायपूर्ण शांति सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन की स्थिति को अधिकाधिक मजबूती देने की जरूरत है।

**आगे की राह :** निश्चित रूप से पूर्ण युद्धविराम की ओर ले जाने वाली आगे की राह मुश्किलों से भरी है। यूक्रेन की कुल भूमि का करीब पांचवां हिस्सा रूस के कब्जे में है। क्या रूस यह जमीन लौटा देगा? न लौटाने पर क्या यूक्रेन इस जमीन पर अपना दावा छोड़ देगा? दोनों में से कोई विकल्प आसान नहीं, लेकिन याद रखना होगा कि विश्व बैंक के मुताबिक तीन साल से चल रहे इस युद्ध में अकेले यूक्रेन को 152 बिलियन डॉलर यानी करीब 13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। इस तरह के मामलों में अक्सर देखा गया है कि समझौते से पहले संबंधित पक्ष अपनी ओर से कड़ी शर्तें रखते हैं और सुलह की संभावना बीच के रास्ते से बनती है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**चुनाव आयोग द्वारा आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने का निर्णय स्वागत योग्य है। इसने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से इस विवादास्पद मुद्दे को संबोधित करने के लिए निर्णायक कार्रवाई की शुरुआत की घोषणा की। इसने कहा कि आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र को जोड़ने का एक कानूनी और सहज तरीका सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही तकनीकी परामर्श शुरू हो जायेगा।**

# चुनाव आयोग की पहल स्वागत योग्य

विपिन पब्बी

विपक्षी नेताओं द्वारा मतदाता सूची की सत्यनिष्ठा पर संदेह व्यक्त किये जाने के मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी, जो लगातार जीत की ओर अग्रसर हैं, इसे केवल 'खट्टे अंगूर' का मामला बता रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल ही में महाराष्ट्र में अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव और नवंबर 2024 के विधानसभा चुनावों के बीच लगभग 48.8 लाख मतदाताओं के जुड़ने पर सवाल उठाया था। यह संख्या पिछले 5 वर्षों में जोड़े गये लोगों से अधिक थी। चुनाव आयोग ने आंकड़ों पर विवाद नहीं किया था लेकिन दावा किया था कि इनमें से 26.4 लाख नये और 18.29 आयु वर्ग के युवा मतदाता थे। कई लोगों ने इस स्पष्टीकरण को संतोषजनक नहीं पाया था।

दिल्ली चुनाव से ठीक पहले पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था कि नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में केवल 15 दिनों में 5,000 से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिये गये और 7,500 फर्जी नाम जोड़े गये। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी हाल ही में भाजपा पर चुनाव आयोग की मदद से मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को पंजीकृत करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कई ऐसे उदाहरण दिये थे, जिनमें अलग-अलग मतदाताओं के पास एक ही मतदाता फोटो पहचान पत्र (इपीआइसी) नंबर था। उन्होंने दावा किया था कि भाजपा ने दिल्ली और महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के लिए मतदाता सूची में हेरा-फेरी करके इस रणनीति का इस्तेमाल किया था। इस महीने की शुरुआत में चुनाव आयोग ने आखिरकार चुनावी प्रणाली में एक गंभीर दोष को स्वीकार किया कि मतदाता पहचान संख्या पूरे देश में अद्वितीय नहीं है और इसे राज्यों में दोहराया जा सकता है। इसने कहा कि दोहराव एक विकेंद्रीकृत और मैनुअल तंत्र से उपजा है, जहां विभिन्न राज्यों ने ऐतिहासिक रूप से मतदाता सूची डेटाबेस को नए प्लेटफार्म पर माइग्रेट करने से पहले समान अल्फान्यूमेरिक श्रृंखला का उपयोग किया था।

**दोनों को जोड़ने से चुनावी अखंडता को काफी बढ़ावा मिल सकता है।**




**आधार के साथ, सत्यापन प्रक्रिया और अधिक मजबूत हो जाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि केवल वैध मतदाता ही मतदान कर सकते हैं। एक और लाभ यह है कि आधार कार्ड मतदान की आयु तक पहुंचने से पहले बचपन से ही बनाये जा सकते हैं, जिससे नागरिकों पर नये दस्तावेज आवश्यकताओं को लागू किये बिना मतदाता सत्यापन के लिए एक व्यावहारिक आधार तैयार होता है।**

आयोग ने दावा करने की कोशिश की कि मतदाता इपीआइसी दोहराव के बावजूद केवल निर्दिष्ट मतदान केंद्रों पर ही अपना मत डाल सकते हैं, लेकिन यह इस बात का बचाव करने में विफल रहा कि यह प्रणाली व्यक्तियों को कई स्थानों पर पंजीकरण और मतदान करने से कैसे रोकती है, खास कर जब आम चुनाव कई हफ्तों में कई चरणों में आयोजित किए जाते हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओड़िशा जैसे बड़े प्रवासी आबादी वाले राज्य डुप्लीकेट वोटिंग से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं और महाराष्ट्र, कर्नाटक और पंजाब जैसे राज्य भी, जहां प्रवासी लोगों ने खुद को मतदाता के रूप में पंजीकृत किया होगा।

आयोग की इस स्वीकारोक्ति ने इस संदेह की पुष्टि की है कि देश की चुनावी प्रणाली में राज्य की सीमाओं के पार मतदाताओं के कई पंजीकरण को रोकने के लिए एक मजबूत तंत्र का अभाव है या यहां तक कि एक ही राज्य के भीतर अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में भी। इसी प्रकाश में चुनाव आयोग द्वारा आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने का निर्णय स्वागत योग्य है। इसने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से इस विवादास्पद मुद्दे को संबोधित करने के लिए निर्णायक कार्रवाई की शुरुआत की घोषणा की। इसने कहा कि आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र को जोड़ने का एक कानूनी और सहज तरीका सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही तकनीकी परामर्श शुरू हो जायेगा।

दोनों को जोड़ने से चुनावी अखंडता को काफी बढ़ावा मिल सकता है। एक बड़ा फायदा यह है कि आधार की बायोमैट्रिक सत्यापन प्रणाली डुप्लीकेट पंजीकरण की पहचान करने और उसे खत्म करने में मदद कर सकती है, जिससे व्यक्ति अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में कई बार मतदान करने से बच सकता है। यह एकीकरण विशेष रूप से प्रतिरुपण मतदान को रोकने में प्रभावी है, जहां मृतक, अनुपस्थित या काल्पनिक मतदाताओं की ओर से मतपत्र डाले जाते हैं। आधार के साथ, सत्यापन प्रक्रिया और अधिक मजबूत हो जाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि केवल वैध मतदाता ही मतदान कर सकते हैं। एक और लाभ यह है कि आधार कार्ड मतदान की आयु तक पहुंचने से पहले बचपन से ही बनाये जा सकते हैं, जिससे नागरिकों पर नये दस्तावेज आवश्यकताओं को लागू किये बिना मतदाता सत्यापन के लिए एक व्यावहारिक आधार तैयार होता है।

हालांकि, गोपनीयता के मुद्दों और डेटा के संभावित दुरुपयोग पर भी चिंताएं जतायी गयी हैं। इन चिंताओं को संबोधित किया जाना चाहिए और पर्याप्त सुरक्षा उपाय किये जाने चाहिए। इसमें कुछ तकनीकी मुद्दे शामिल हो सकते हैं, क्योंकि मतदाता पंजीकरण के लिए मौजूदा फार्म में मतदाताओं के लिए अपना आधार कार्ड लिंक करना वैकल्पिक है। वे यह स्पष्टीकरण देकर ऐसा कर सकते हैं कि उनके पास आधार कार्ड नहीं है। अब सवाल यह है कि क्या आधार कार्ड देने से इंकार करने पर किसी व्यक्ति को मतदाता के रूप में पंजीकरण से वंचित किया जा सकता है। यह एक विवादास्पद मुद्दा है, जिसकी बारीकी से जांच की जानी चाहिए।

## कोल्हान की खबरें

# मंगल कालिंदी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पथ निर्माण कार्य की बाधाओं का मुद्दा सदन में उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के शून्यकाल में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पथ निर्माण कार्य की बाधाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जल्द से जल्द जारी किया जाए, ताकि अधूरे पड़े सड़कों का निर्माण पूरा हो सके। विधायक श्री कालिंदी ने बताया वर्ष 2021-22 में ग्रामीण विकास विभाग के तहत पाँच पथ का शिलान्यास किया गया था। निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो चुका लेकिन वन भूमि के कारण विभाग द्वारा एनओसी जारी नहीं करने पर सड़कों का निर्माण अधर में लटका हुआ है। जिन सड़कों का निर्माण रुका हुआ उसमें बेको से आमदा पहाड़ी, आमदा पहाड़ी से बारूबेड़ा, बारूबेड़ा से चिलकी झरना, चिलकी झरना से थरकाडाहा, चिलकी झरना से मेगादाहा राजाबासा शामिल है। विधायक ने कहा इन सभी पथ के अधूरे रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने सरकार से अपील की जल्द वन विभाग से एनओसी जारी करवाई जाए ताकि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा हो और ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिले। उन्होंने सदन में इस मामले को जनता के व्यापक हित में उठाया और सरकार से इस पर त्वरित कार्रवाई के लिए अपील की।04

# पोटका विधायक ने नासुस सदस्यों के परिजनों की उपेक्षा पर विधानसभा में उठायी आवाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ बहादुरी से लड़ने वाले नागरिक सुरक्षा समिति के सदस्यों और उनके परिवारों की उपेक्षा पर पोटका विधायक संजीव सरदार ने विधानसभा में गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि शहीद नासुस सदस्यों के आश्रितों को तत्काल नौकरी और मुआवजा प्रदान किया जाये। साथ ही मार्च 2024 से बंद किये गये उनके मानदेय को पुनः शुरू किया जाये। श्री सरदार ने कहा कि वर्ष 2003 में तत्कालीन एसएसपी डॉ अरुण उरांव के नेतृत्व में नासुस का गठन किया गया था। समिति ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। जिसमें कई सदस्यों ने अपने प्राणों की आहुति भी दी। हालांकि उनके परिवारों को अब तक सरकारी सहायता नहीं मिल पाया जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। गुरुवार को सत्र के दौरान पोटका विधायक श्री सरदार ने सरकार से शहीद नासुस सदस्यों के आश्रितों को उचित मुआवजा और रोजगार प्रदान करने के लिए आग्रह किया। ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें।साथ ही मार्च 2024 से नासुस के जीवित सदस्यों का बंद पड़े मानदेय को पुनः शुरू करने की मांग की, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

## चंपाई सोरेन झारखंड आंदोलनकारी थे : रामदास सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा सत्र के दौरान सत्ता पक्ष के घाटशिला विधायक सह शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने अपनी राजनीतिक प्रतिक्रिया दी। गुरुवार को रांची में मीडिया कर्मियों से वार्ता के दौरान मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि चंपाई सोरेन झारखंड आंदोलनकारी थे। किसी कारण से झामुमो छोड़कर भाजपा में गये, लेकिन भाजपा में आदिवासियों का सम्मान नहीं है। उन्होंने कहा कि जब ओड़िशा के राज्यपाल का पद खाली है, तो भाजपा को चंपाई सोरेन पर भरोसा कर उड़ीसा का राज्यपाल बना देना चाहिए था।

## पेंटिंग की चमक बिखेरती जमशेदपुर की नयी कलाकार सागरिका भौमिक



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। कला की दुनिया में हर दिन नये-नये कलाकार उभरते हैं, लेकिन कुछ कलाकार अपनी अनूठी शैली और मेहनत से अलग पहचान बना लेते हैं।लौहनगरी जमशेदपुर की युवा कलाकार सागरिका भौमिक भी उन्हीं में से एक हैं। उन्होंने पेंटिंग के क्षेत्र में अपनी अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शहर में एक खास जगह बना ली है। उनकी कला में पारंपरिक और आधुनिक दोनों ही रंग देखने को मिलते हैं। जो लोगों को बेहद आकर्षित कर रहे हैं।सागरिका भौमिक अपनी कला, प्रेरणा और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर जानकारी दी। उनकी मेहनत, लगन और रचनात्मकता की झलक साफ देखने को मिली। सागरिका बताती हैं उन्हें बचपन से ही चित्रकारी का शौक था। लेकिन ग्लास पेंटिंग में उनकी रुचि कुछ साल पहले विकसित हुई। उन्होंने खुद से सीखते हुए इस कला में महारत हासिल की और अब उनकी पेंटिंग्स न सिर्फ जमशेदपुर में बल्कि अन्य शहरों में भी सराही जा रही हैं। ग्लास पेंटिंग एक खास तरह की कला है, जिसमें कांच पर रंगों और डिजाइनों को उकेरा जाता है। यह प्रक्रिया न केवल धैर्य की मांग करती है बल्कि इसमें एक अलग तरह की विशेषज्ञता की भी जरूरत होती है। सागरिका ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा शुरूआत में यह थोड़ा मुश्किल था क्योंकि ग्लास पेंटिंग में हर स्ट्रोक का सही होना जरूरी होता है। लेकिन लगातार अभ्यास किया और धीरे-धीरे इसमें निपुणता हासिल कर ली।

## अवैध स्क्रैप टाल पर सीओ ने की छापेमारी

गम्हरिया (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड में अवैध रूप से संचालित स्क्रैप टालों पर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी।गुरुवार को अंचल अधिकारी कुमार अरविंद बेदिया ने आशियाना मोड़ के समीप आवास बोर्ड की जमीन पर चल रहे अवैध स्क्रैप टाल में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टाल से कई संदिग्ध सामान बरामद किए गए। जिनमें टाटा स्टील से निकलने वाला स्लैग,घरों के टूटे हुए ताले,सबमर्सिबल पंप,लोहे के अन्य सामान और कुछ आभूषण शामिल हैं। छापेमारी के दौरान स्क्रैप टाल का संचालक मौके पर मौजूद नहीं था। टाल के गार्ड से पूछताछ करने पर संचालक की पहचान रोशन के रूप में हुई।लेकिन फोन पर संपर्क करने के बावजूद उसने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। अंचल अधिकारी कुमार अरविंद बेदिया ने बताया टाल में हाई मास्ट लाइट, सीसीटीवी कैमरे और एक बड़ा वजनी तराजू मौजूद था। जो इसके व्यवस्थित संचालन की ओर इशारा करता है। लेकिन जांच के दौरान बिजली विभाग और नापतौल विभाग से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। उन्होंने निर्देश दिया 24 घंटे के अंदर सभी वैध कागजात उपलब्ध नहीं कराये गये तो विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए स्क्रैप टाल को सील कर दिया जायेगा। छापेमारी के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। अवैध स्क्रैप टाल लंबे समय से संचालित हो रहा था। लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी थी।

# मानगो क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम को सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम क्षेत्र में जनता की समस्या का समाधान के लिए पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी का अभियान जारी है। गुरुवार को जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मानगो नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त आकिब जावेद से मुलाकात कर तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने मांग पत्र के माध्यम से क्रॉस रोड नंबर 14 आफरीन टावर के पीछे नाली निर्माण, जवाहर नगर रोड नंबर 13 में 600 फीट नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, कचरा उठाव और नालियों की सफाई के लिए मांग की। मौलाना अंसार खान ने कहा कि नाली निर्माण के लिए कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। बारिश न होने के बावजूद गंदा पानी घरों में घुस रहा है। जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। क्षेत्र में कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब हैं, नालियां जाम हैं और कचरे का अंबार लगा हुआ है। उन्होंने जनता की समस्याओं पर तत्काल समाधान के लिए मांग की। सहायक नगर आयुक्त आकिब जावेद ने जल्द समाधान के लिए आश्वासन दिया। इस अवसर पर नूर आलम, शहजाद खान, नूरु जमा, आफताब आलम, सगीर हुसैन, मोहम्मद नसर, नौशाद आलम, मोहम्मद मजीद, खुर्शीद आलम, मोहम्मद सरफराज, ओंकार, शहजाद खान, आदिल खान सहित कई अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।02

# टाटा स्टील ने फेरोक्रोम उद्योग में पहली बार फर्नेस ऑयल की जगह क्लीनर फ्यूल का उपयोग किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर/भुवनेश्वर।** टाटा स्टील ने अपने ओडिशा के जाजपुर जिले में फेरो एलॉयज प्लांट (एफएपी) में फर्नेस ऑयल की जगह पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का उपयोग शुरू कर दिया है। यह पहल भारत में फेरोक्रोम उद्योग के लिए पहली बार की गयी है। यह कंपनी के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और भारत के हरित औद्योगिक भविष्य की ओर बढ़ने में योगदान करेगी। टाटा स्टील के फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन के तहत संचालित इस प्लांट में पीएनजी सुविधा स्थापित की गयी है। जो क्रोम अयस्क के प्रीहीटिंग में उपयोग की जायेगी। यह सुविधा पूरी तरह से फर्नेस ऑयल की जगह प्राकृतिक गैस के उपयोग को सक्षम बनायेगी, जिससे उद्योग में अधिक स्वच्छ और सतत संचालन की दिशा में एक बड़ा बदलाव आयेगा। पीएनजी सुविधा के उद्घाटन के दौरान एग्जीक्यूटिव इनचार्ज पंकज सतीजा ने कहा कि नेचुरल गैस, फर्नेस ऑयल की तुलना में कहीं अधिक स्वच्छ ईंधन है। विशेष रूप से फर्नेस ऑयल में मौजूद उच्च सल्फर सामग्री के कारण होने वाले हानिकारक उत्सर्जन को कम करने में मदद करती है। पीएनजी को अपनाकर हम ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को कम करने और कम कार्बन फुटप्रिंट वाले विकल्पों की ओर बढ़ने में योगदान देने का प्रयास कर रहे हैं। एक स्वच्छ, हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

# लोगों पर चढ़ा बंशीधर महोत्सव का रंग, कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

## सिर चढ़ कर बोला इंडियन आइडल फेम सलमान अली और पूजा चटर्जी का जादू





आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** राजकीय श्री बंसीधर महोत्सव में इंडियन आइडियल फेम सलमान अली और पूजा चटर्जी ने अपनी प्रस्तुति दी। इसके अलावे आर्यन महाकाल ग्रुप द्वारा राधे कृष्ण की झांकी, न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य की प्रस्तुति की गयी। पूजा चटर्जी ने सांसों की माला में, ओ मेरे दिल की चैन, प्यार आ रहा है प्यार, मेरा दिल गाए जा जूबी जूबी, तू मुझे कबूल मै तुझे कबूल, दमा दम मस्त कलनदर, सात समंदर पार मै तेरे पीछे पीछे, कोई ना कोई चाहिए प्यार करने वाला सहित कई गाना गाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावे पूजा ने भोजपुरी स्टार सिंगर के अनुपमा यादव के साथ हरि ओम हरि गाने पर जुगलबंदी की।

वहीं सलमान के आते ही लोगों में जोश भर आया। सलमान ने भक्ति गीत श्री गणेश देवा से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद तेरे नाम से जी लू तेरे नाम से मर लूं गाया। ऐसे लहरा के तू रु ब रु आ गई गाया, पूरा जनसैलाब मोबाइल का फ्लैशलाइट जलाकर झूमने लगा। सभी कलाकारों को विधायक अनंत प्रताप देव, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### आयोजन में रहा अव्यवस्था का आलम : कमलेश्वर पांडेय



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय ने बंशीधर महोत्सव के दौरान स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि महोत्सव के पहले दिन कार्यक्रम में अव्यवस्था का आलम था। आमंत्रण पत्र के बावजूद बैठने की व्यवस्था नहीं थी। वे पेंशनर समाज के लोगों के साथ कार्यक्रम में शरीक होने गये थे, लेकिन जगह खाली रहने के बाद भी श्री बंशीधर नगर के कुछ पदाधिकारियों द्वारा उन्हें बैठने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इन पदाधिकारियों की शिकायत उच्च पदाधिकारियों के साथ विधायक अनंत प्रताप देव से करेंगे।

### कार्यक्रम के दौरान हुड़दंगियों ने किया हंगामा, कुर्सियां तोड़ीं



**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर महोत्सव के पहले दिन कलाकारों के प्रदर्शन के दौरान हुड़दंगियों ने जमकर हुडदंग मचाया। बंशीधर महोत्सव जिसका उद्घाटन सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं आकर किया, उसकी विधि व्यवस्था पहले दिन के कार्यक्रम में ही बिखरती नजर आयी। हुड़दंगियों ने खूब जमकर बवाल काटा और सैकड़ों कुर्सियों को तोड़ दिया। परिवार के साथ कार्यक्रम देखने आये लोगों ने काफी कठिनाइयों का सामना किया। ऐसी अव्यवस्था बड़ी घटना को भी आमंत्रित कर रही थी। वहीं प्रशासन के कई पदाधिकारी बेखौफ होकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाते, झूमते गाते और मस्ती के मूड में नजर आये। कार्यक्रम के दौरान स्टेज के समीप डी एरिया में आगे प्रशासन के कई पदाधिकारी झूम रहे थे, जबकि दर्शक दीर्घा में हुड़दंगी कुर्सी को तोड़ते नजर आये। प्रशासन बेखबर और हुड़दंगी करने वाले लोग बेखौफ थे। महोत्सव में अव्यवस्था का यह आलम था की जो लोग बड़ी आशा के साथ बंशीधर महोत्सव को पूरे परिवार के साथ देखने आये थे, उन्हें काफी निराशा हुई। लोगों ने ऐसी व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त किया। बंशीधर महोत्सव कार्यक्रम महोत्सव की जगह पर आर्केस्ट्रा के रूप में बदल गया। बताया जा रहा है कि कलाकारों के चयन में हुई कमियों और भलगर भजपुरी गायन से लोगों में नाराजगी था और प्रशासन के प्रति काफी लोग नाराज दिखे।

# बीडीसी पति पर गोली चलाने वाले दो गिरफ्तार, फायरिंग में प्रयुक्त हथियार बरामद

**जेल जाने से पहले एक अपराधी ने योगेंद्र को रास्ते से हटाने की साजिश रची थी: एसपी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** चिनिया थाना क्षेत्र के सिगसिगा खुर्द निवासी बीडीसी पति योगेंद्र प्रसाद पर हुए जानलेवा फायरिंग मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मझिआंव थाना क्षेत्र के करुई गांव निवासी अमित कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह और पलामू जिले के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के गोंगो गांव निवासी नितेश कुमार सिंह उर्फ नीतू सिंह के रूप में हुई है।

एसपी दीपक कुमार पांडे ने इस संदर्भ में प्रेस वार्ता कर बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल, एक जिंदा गोली, घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की अपाची बाइक और दो मोबाइल बरामद किये गये हैं।

एसपी ने बताया कि गत सात मार्च को तहले घाटी में योगेंद्र प्रसाद पर गोली चलायी गयी थी, जिसमें वे घायल हो गये थे। जांच में पता चला कि योगेंद्र और उनके गांव के ही मंदीप यादव के बीच मनरेगा योजना की ठेकेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। मंदीप और नितेश सिंह ने पंचायत स्तर पर कई योजनाओं को स्वीकृत कराया था, जिसका योगेंद्र ने विरोध किया। इससे कई योजनाएं रद्द हो गयीं, जिसके कारण दोनों पक्षों में पहले भी मारपीट हो चुकी थी और दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। एसपी ने बताया कि मंदीप यादव, जो इस समय जेल में है उसने जेल जाने से पहले योगेंद्र को रास्ते से हटाने की साजिश रची थी। इसके लिए उसने अमित कुमार सिंह और नितेश सिंह के साथ मिलकर अपने पुंदाग स्थित मकान में योजना बनायी। घटना के दिन दोनों आरोपियों ने योगेंद्र का पीछा कर तहले घाटी के पास गोली चलायी, लेकिन योगेंद्र किसी तरह जान बचाने में सफल रहा। एसपी ने बताया कि इस हमले में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। अमित कुमार सिंह पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, पुलिस निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान, अमित कुमार, नवीन कुमार राणा और राधेश्याम राम भी मौजूद थे।

# 2 साल में भी पूरा नहीं हुआ जल जीवन मिशन का काम, रारो पंचायत के ग्रामीणों में आक्रोश

**संवेदक की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं रारो के ग्रामीण, कई जगह न तो पाइप बिछाया गया, न नल लगाया गया**



जितेंद्र यादव

**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड के रारो पंचायत में पीएचइडी विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जलमीनार का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। लेकिन दो वर्ष गुजर जाने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पानी पीने का नसीब नहीं हुआ। पंचायत के अधिकतर गांव व टोला का जल मीनार आधे अधूरा पड़ा हुआ है। जिससे जल मीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है। बता दें कि रारो पंचायत में लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से 73 जल मीनार का निर्माण कार्य वर्ष 2024 में पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन विभाग व संवेदक के घोर उदासीनता के कारण अब तक जल मीनार का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीणों को गर्मी की मौसम की शुरूआत होने से पहले ही पानी की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव व टोला में जल जीवन मिशन के तहत हर घर पानी पहुंचने की बात सुना तो काफी खुशी हुई कि अब हमलोगों को पीने का पानी को लेकर दर-दर भटकना नहीं पड़ेगा। अब हमलोगों को पीने का पानी को लेकर भटकना नहीं पड़ेगा। लेकिन अब तक जल मीनार का पानी नसीब नहीं हुआ। गांव के कई टोला में पहले से लगा हैंडपंप में जल मीनार का कनेक्शन किया गया है। जिससे हैंडपंप भी चलना बंद हो गया है। गांव के कई जगहों पर संवेदक के द्वारा जल मीनार का सिर्फ टावर खड़ा कर छोड़ दिया गया है। संवेदक के द्वारा जल मीनार निर्माण कार्य आधे अधूरा छोड़ देने से गर्मी के दिनों में ग्रामीणों की काफी परेशानी बढ़ सकती हैं। ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग के अधिकारियों से अधूरे पड़े जल मीनार को गर्मी की शुरूआत होने के पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग किया है।

**पक्ष : मामले में पूछे जाने पर पीएचइडी विभाग के एसडीओ शाहनवाज आलम ने बताया कि फंड के अभाव में जलमीनार का निर्माण कार्य आधे अधूरा पड़ा हुआ है, लेकिन संवेदक को गर्मी की शुरूआत होने से पूर्व सभी जल मीनार को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है।**

### मुसहर समुदाय को सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलाने और बंशीधर मंदिर कॉरिडोर बनाने की मांग



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र चौबे सीएम हेमंत सोरेन से झारखंड राज्य में वंचित और उपेक्षित मुसहर समुदाय को जीवनोपयोगी सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलाने और श्री बंशीधर नगर में ऐतिहासिक, पौराणिक और अति महत्वपूर्ण धार्मिक तीर्थस्थल श्री वंशीधर मंदिर के पर्यटकीय विकास हेतु कॉरिडोर निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने बुधवार श्री वंशीधर मंदिर में सीएम को तत्संबंधी दो मांग पत्र सौंपा। उन्होंने से मांग पत्र में राज्य में वंचित मुसहर समुदाय के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम के तहत वृद्धा, विधवा और विकलांग पेंशन, राशन और आधार कार्ड, बैंक खाता, जैसी जरूरी जीवनोपयोगी तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए राज्य के सभी प्रखंडों के बीडीओ और सीओ को सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर शिविर लगाने व उक्त शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करने का अनुरोध किया। उन्होंने दूसरे मांग पत्र में श्री वंशीधर मंदिर श्री बंशीधर नगर के पर्यटकीय विकास के लिए कॉरिडोर निर्माण कराने के संबंध में मंदिर के पौराणिक, धार्मिक महत्व और भौगोलिक स्थिति से संबंधित विस्तृत तथ्यात्मक विवरण देकर मंदिर तक कॉरिडोर बनाने का अनुरोध किया।

# रांची-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर ऊंटारी में ठहराव 23 से, अधिसूचना जारी



आजाद सिपाह संवाददाता

**श्री बंशीधरनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से रांची नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने हेतु रेलवे बार्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए 23 मार्च 2025 को नगर उटारी रेलवे स्टेशन पर रात्रि 9:00 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। तत्पश्चात समय रात्रि 9:47 बजे सांसद के द्वारा हरी झंडी दिखाकर ट्रेन संख्या 12453 का ठहराव का शुभारंभ किया जायेगा। इस अवसर पर सांसद ने गढ़वा जिला और विशेषकर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के वरिष्ठ कार्यकताओं, प्रबुद्धजनों और स्थानीय जनता से भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

### अंचल कार्यालय का सैकड़ों लोगों ने किया घेराव

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया प्रखंड के बिजका पंचायत के रोदो गांव के सैकड़ों महिला-पुरुषों ने अंचल कार्यालय का किया गुरुवार को घेराव किया। रोदो गांव के ग्रामीण ने बताया कि हमलोगों ने बहुत मेहनत से धान और मक्का की खेती किया था और रात में जंगली हाथी ने आकर फसल बर्बाद कर दिया। फसल बर्बाद के आलोक में वन विभाग के रोदो गांव के बिट गाड के द्वारा फसल बर्बाद देख कर मुआवजा का राशि के लिए अंचल कार्यालय को आवेदन दिया था। उसी के आलोक में रोदो गांव के किसान ने अंचल कार्यालय पहुंच कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। किसानों को उग्र देख अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह ने किसानों से कहा कि हमने तत्काल डोकोमेंट वनविभाग को फॉरवर्ड कर आज ही देने के लिए कहा है। इधर रोदो गांव निवासी फुलवंती देवी ने वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि जंगली हाथी ने पैर से कुचल कर बिनोद सिंह का पैर तोड दिया था। पूछने पर फुलवंती देवी ने बताया कि दस हजार रुपये वनविभाग के द्वारा मिला था। इधर वन विभाग के बीट गार्ड कमलेश कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि विनोद सिंह का दोनों पैर टूटा हुआ था और डॉक्टर के द्वारा दो बार प्लास्टर करने के कारण मुआवजा राशि में लेट हुआ है। हम लोग मुआवजा राशि के लिए विवाह को फॉरवर्ड कर दिया है। इस मौके पर रोदो गांव के किसान दीप नारायण यादव, चावल पट्टी कुमार, लाल देवी, मानती देवी, सुनीता देवी, कलावती देवी, विनोद सिंह और सैकड़ों गांव के किसान उपस्थित थे।

### डीएमओ ने अवैध ईंट-भट्ठा को कराया ध्वस्त, संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

**मेराल (आजाद सिपाही)।** जिला खनन पदाधिकारी ने सीओ की उपस्थिति में थाना क्षेत्र के हारण दुबे पहाड़ी के पास गुरुवार को अवैध रूप से चलाये जा रहे लोहा चिमनी ईंट-भट्ठा को ध्वस्त करवा दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि उक्त मामले में जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव द्वारा अवैध रूप से चलाये जा रहे लोहा का चिमनी ईंट-भट्ठा के मालिक रोहित प्रताप शाही उर्फ गोल्डन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। रोहित प्रताप शाही केतार थाना क्षेत्र के कधवन निवासी वर्तमान में गढ़वा में रहते हैं। उक्त मामले में झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। विदित हो कि अवैध ईट-भट्ठा को ध्वस्त कर करीब 4 लाख ईंट को जब्त कर थाना को सुपुर्द किया गया है।

### विवाहिता की संदेहास्पद मौत, मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव में बुधवार की रात्रि एक विवाहित की संदेहास्पद स्थिति में फंदे से झूलता हुआ शव पाया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुर्बान अंसारी की पत्नी सबीना बीबी का अपने घर में ही फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव बरामद किया गया। सबीना बीवी का शव देखने के बाद आस-पड़ोस के लोगों द्वारा घटना की सूचना मेराल थाना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने के बाद मेराल पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को थाना लाया गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही मृतक महिला के पति कुर्बान अंसारी सहित परिवार के लोग घर से फरार हो गये। फंदे पर झूलता हुआ शव को छोड़ कर परिवार वालों का फरार होने को लेकर लोग तरह-तरह के कयास लग रहे हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे मृतक महिला के मायके वालों ने कहा कि एक वर्ष पूर्व सबीना की शादी धूमधाम से की गयी थी, शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते रहते थे। आखिरकार दहेज के लालची भेड़ियों ने सबीना की जान ले ही ली। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी विष्णु कांत ने कहा कि शव का अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया है।

### मुखिया मूंगा साह ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक राजेश्वर रजक विद्यालय में अनुपस्थित पाये गये। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मुखिया को बताया कि प्रधानाध्यापक हमेशा उपस्थिति बनाकर गायब रहते हैं। साथ ही बताया कि गुणवत्तापूर्ण एमडीएम भी नहीं मिलता। विद्यालय में खेल सामग्री होने के बावजूद भी छात्र-छात्राओं को नहीं दिया जाता है। प्रबंधन समिति का गठन होने के बाद भी संयोजिका का नाम किसी को पता नहीं है। इस मौके पर वार्ड सदस्य कसमुद्दीन अंसारी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अस्मीना खातून सदर अली हुसैन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता : निदेशक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में पेरेंट्स मीटिंग सह वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन के अवसर पर अभिभावकों ने विद्यालय के गतिविधियों को सराहा और संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद एमपी केशरी उपप्राचार्य बसंत ठाकुर तथा उपस्थित अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलित तथा विद्या की देवी माता सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। निदेशक ने कहा कि यह विद्यालय विगत 33 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट पहचान बनाये रखा है। इस विद्यालय के सक्षम और समर्पित शिक्षकों द्वारा बच्चों के दिमाग को ज्ञान से पोषित किया जाता रहा है। यह विद्यालय सिर्फ एक इमारत ही नहीं, बल्कि यह प्रगति और ज्ञान व विकास का स्थल भी है जहां बच्चे लगातार अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हैं। परीक्षा जीवन का महत्वपूर्ण दिन होता है। यह वह समय होता है जब हम अपने ज्ञान और कौशल को मान्यता देने के लिए प्रदर्शन करते हैं। इस दिन के लिए तैयारी और समय का प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। परीक्षा सतत सीखने की प्रक्रिया है जो हमारी मेहनत एवं छात्रों के मेहनत का प्रतिफल है। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो औंर गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

### सात मवेशी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने बुधवार की मध्य रात्रि में थाना गेट के सामने एनएच 75 मेनं रोड पर चेकिंग अभियान चलाकर एक पिकअप पर लदे सात पशुधन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों तस्कर बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोईलझिकी गांव निवासी मुमताज अंसारी तथा पीरताज अंसारी को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि थाना गेट के सामने चेकिंग के दौरान पिकअप संख्या जेएच 03 एबी 5554 को रोक कर देखा गया तो उसमें सात मवेशियों को भरकर अवैध तरीके से ले जाया जा रहा है। पूछताछ के दौरान पता चला कि यह पशुधन तस्कर के लिए ले जा रहे है। पकड़े गये पिकअप तथा मवेशी की जब्त कर गिरफ्तार दोनों लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में गढ़वा के निजी स्कूलों का योगदान सराहनीय : संजय कुमार

**'कॉफी विद एसडीएम' : निजी विद्यालयों के संचालकों से एसडीएम की कॉफी पर सार्थक वार्ता**

**एनुअल चार्ज, फीस वृद्धि, बार-बार किताबें परिवर्तन, ओवरलोडिंग, शिक्षा का अधिकार आदि को लेकर एसडीएम ने रखा अभिभावकों का पक्ष**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में गुरुवार को अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चल रहे निजी विद्यालयों के संचालकों को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित कर संवाद किया। कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के 40 निजी विद्यालयों के संचालकों/ प्रबंधकों ने भाग लिया। इस एक घंटे की अनौपचारिक वार्ता में अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से ऐसे विषयों को रखा गया जो अभिभावकों के द्वारा समय-समय पर अनुमंडल पदाधिकारी के पास शिकायत के रूप में प्राप्त हुये थे। इनमें ज्यादातर मामले गैर-समानुपाती फीस वृद्धि, एनुअल चार्ज, किताबों में हर साल बदलाव, किताबों की कीमत, स्कूल बसों के संचालन जैसे तमाम मुद्दे शामिल हैं।

ज्यादातर विद्यालयों में या तो हाल ही में नये सत्र शुरू हुए हैं या बहुत जल्द नये सत्र शुरू होने वाले है, ऐसे में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी निजी विद्यालयों के प्रबंधन से अपील की कि वे हर बार की भांति इस वर्ष भी अभिभावकों की समस्याओं और चिंताओं को संवेदनशीलता के साथ हल करेंगे।

ज्यादातर विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने स्कूल परिसर और उसके आसपास की सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था से जुड़े मामलों को उठाया। स्कूल में छुट्टी के उपरांत विद्यालय के बाहर बाइकर्स गैंग और अराजक तत्वों द्वारा भीड़ लगाना या लफंगों द्वारा स्कूल बसों का पीछा करना जैसे मुद्दे भी उठाये गये। जिन लोगों ने प्रमुखता से अपने विचार रखे उनमें अलखनाथ पांडे, उमाकांत तिवारी, मदन केसरी, सिस्टर रेशमा, शांति केरकेट्टा, नारद तिवारी, संजय सोनी, एसएन पाठक, आनंद पांडेय, अनिल विश्वकर्मा, चंदन गोंड, नीलेश ठाकुर, दिवाकर सिंहा आदि शामिल हैं।

# इंस्टाग्राम आइडी से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट करना युवक को पड़ा महंगा, गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** इंस्टाग्राम आईडी से एक सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट करना युवक को महंगा पड़ गया। विशनपुरा थाने की पुलिस ने इंस्टाग्राम आईडी पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट करने वाले राजन सोनी नामक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही उसके पास से नकली पिस्टल और मोबाईल जब्त किया है। गिरफ्तार युवक विशनपुरा थाना क्षेत्र के विशनपुरा का रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। वे गुरुवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को गढ़वा पुलिस सोशल मीडिया मॉनियटरिंग सेल के माध्यम से सूचना मिली कि राजन सोनी नामक युवक के द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी से एक सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि इसके पूर्व में भी गढ़वा पुलिस की ओर से कई बार अपील की गयी है कि कोई भी सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला या कोई ऐसा पोस्ट ना करें जिससे किसी की धार्मिक भावना या सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे। गढ़वा जिला पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल इस प्रकार के हर पोस्ट पर नजर रखती है। इस प्रकार का पोस्ट यदि सोशल मीडिया पर की जाती है तो उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। प्रेसवार्ता में विशनपुरा के थाना प्रभारी राहुल सिंह, पुअनि मिन्नातुल्ला खां आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने चुरी परियोजना पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बेंती पंचायत के पहानटोंगरी जोबिया, सखुवाटोला के ग्रामीणों ने चुरी भूमिगत खदान के परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग किया है की बेंती पार्ट टु भूमि अधिग्रहण किया गया है जिसमे रैयती, गैरमजरूआ खास, जंगल झाड़ी जमीन से संबंधित कोई कार्य करते हैं या कोई भी व्यक्ति सीसीएल में नौकरी का फॉर्म भरता हैं तो प्रबंधन पहानटोंगरी जोबिया, सखुवाटोला के मूल रैयत ग्रामीणों को शीघ्र सुचना दे। अगर इन बातों पर प्रबंधन ने सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो मूल रैयत आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा और इसका पूरा जिमेवार प्रबंधन होगा। इस मौके पर बालेश्वर गंझू , नरेश गंझू , मनोज गंझू , नरेश कुमार गंझू , महेंद्र गंझू , राजेन्द्र गंझू , नागेश्वर गंझू , राजकुमार गंझू , आनंद गंझू , बितन गंझू , मोहन गंझू , मुकेश गंझू और अन्य लोग शामिल है।

## चार मई को हेसालोंग मंदिर का मनेगा स्थापना दिवस



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** हेसालोंग शिव मंदिर में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अरविंद साहू और संचालन संजय प्रसाद ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चार मई को मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। साथ ही मंदिर के स्थापना दिवस पर नवकुंडीय तीन दिवसीय गायत्री यज्ञ का आयोजन करने पर भी सहमति बनी। समिति के सदस्यों ने कहा कि स्थापना दिवस की धूमधाम से तैयारी को लेकर सभी लोगो को सहयोग करना है। बैठक में पवन साहू, मुकेश प्रसाद, अजय कुमार, सुदामा पंडित सहित कई लोग मौजूद थे।

## सरहुल पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर सरना क्लब मे ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल्याणपुर में सरहुल पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सरहुल पूजा को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमे टंडवा प्रमुख रीना कुमारी, निर्मल उरांव, शिवशंकर साहु, धनेश्वर गंझू, ईश्वर टाना भगत ,करन कुमार महतो, बालकरंन उरांव और दिनेश टाना भगत को संरक्षक बनाया गया। वही अध्यक्ष फूलदेव टाना भगत, उपाध्यक्ष मधुलता देवी, सचिव बालेश्वर उरांव, सह सचिव पुनिया देवी, कोषाध्यक्ष अरूण उरांव और उप कोषाध्यक्ष मनेश्वर भगत को बनाया गया। इसके अलावा मुनीकांत उरांव, इंद्रजीत उरांव, रामदयाल उरांव,मोनेया उरांव,बिशुनदेव उरांव, महेन्द्र केरकटा, सुषमा टाना भगत, सुचिता टाना भगत, बंधनी देवी सहित कई लोगो को कार्यकारिणी सदस्य बनाय गया है।

## डीएवी बचरा में पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में पांच दिवसीय जीवन कौशल विकास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या डॉ आर चौधरी और सह शिक्षकों के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण एंव दीप प्रज्वलित कर किया गया। कैंप के दौरान अलग-अलग तरह की गतिविधियां बच्चों को करवाई गयी, जिसमें मंत्रोच्चारण, खेल, चित्रकला, संगीत, योगा आदि गतिविधियां कराई गयी। इसके साथ विद्यालय की प्राचार्या डॉ आर चौधरी ने कहा कि कौशल विकास के लिए शिक्षा में विस्तार की प्रक्रिया शामिल है, जो छात्रों को अधिक रोजगार योग्य बनने में मदद करती है और उन्हें आजीवन सीखने के लिए तैयार करती है। छात्रों को समकालीन कार्य वातावरण की मांगों से निपटने के लिए शैक्षणिक ज्ञान के अलावा व्यावहारिक कौशल की भी आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं सहित काफी संख्या मे बच्चे भी मौजूद थे।

## नवनिर्वाचित सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मंडल को बजरंग दल ने किया सम्मानित



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा विश्व हिंदू परिषद पिपरवार मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार मंडल को पिपरवार मंडल का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने पर खुशी प्रकट किया गया। समारोह मे सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल को भगवा गमछा ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार जताया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा जो दायित्व सौंपा गया है, उस दायित्व को पूर्णरूप से निभाने का प्रयास करेंगे और पिपरवार मंडल के हर तरह की समस्याओं के निदान के लिए सांसद महोदय को अवगत कराते रहेंगे, जिससे यहां की समस्याओं का निदान हो सके। इस मौके पर सुनील प्रसाद,पप्पू सोनी, मुकेश राणा, नंदकिशोर कुमार,राजा बाबू, राजकुमार, अक्षय सिंह, शिवपूजन चौहान, छोटन बंगाली, शंकर सिंह चेरो, मुकेश कुमार, सुमन सोनी, नवीन साहू, शिवम कुमार शाह, मिथुन सिंह, मुरारी मोदी, मनोज कुमार, लाल बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# पूर्व विधायक राजा पीटर ने जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा का किया अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ के सोरलोंगा गांव के करकरी नदी के तट पर मरांग गोमके स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा की 55वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण और श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और मंत्री झारखंड सरकार गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर और विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशील पाहन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, भारत मुंडा समाज और रूप लक्ष्मी मुंडा पूर्व अध्यक्ष झारखंड राज्य बाल आयोग एवं क्षेत्र के सभी समाज के प्रतिनिधि गण और समाज सेवी उपस्थित होकर मरांग गोमके स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा के आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस समारोह में सभी प्रमुख वक्ताओं ने स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए सामाजिक समरसता, सामाजिक एकता को बनाये रखने पर बल देते हुए अपने अधिकार के लिए संगठित होने का संकल्प लिया। इस समारोह का आयोजन क्षेत्र में सामाजिक कार्य कर रहे मुख्य संस्था मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फाउंडेशन के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कन्हाई पातर, करम सिंह मुंडा, शिशुपाल मुंडा, पूर्ण चंद मुंडा, गणेश मुंडा, रामधन मुंडा, कर्म सिंह मुंडा, सुशील मुंडा, देवानंद सिंह मुंडा, लछमन मुंडा एवं रक्षितेश सिंह मुंडा ने अपनी प्रमुख भागीदारी निभाई।

# तमाड़ के नुरीडीह प्रभानगर में जयपाल सिंह मुंडा की पुण्यतिथि मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ के नुरीडीह प्रभानगर में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की पुण्यतिथि मनाया गया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण पातर, भाजपा नेता अनुप साहु, नुरीडीह ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुण्डा, भाजपा मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, हरि सिंह मुण्डा, प्रकाश सिंह मुंडा, भूवनेश्वर अहीर, अमित उरांव, तुलसी मुण्डा, पुष्कर मुण्डा,सिंह मुण्डा, गोविंद सिंह मुण्डा, बुधन लाल मुंडा, कालीचरण साहु, कन्हाई पातर, अमरजीत गोंझु, राहुल गिरि, गणेश मुण्डा, महावीर मुण्डा, सहित दर्जनों लोगों ने शामिल होकर मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा के चित्र पर अगरबत्ती जलाकर एवं पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक और मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के सपनों का झारखंड जो उन्होंने परिकल्पना किया था और जिसके नामकरण पर आज यह झारखंड राज्य बना है को साकार करने की जरूरत है। यह तभी संभव है जब हम सब पूरे एकजुटता के साथ इस झारखंड के लिए पूर ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे।

## रमजान महीने का तीसरा जुमा आज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रमजान महीने के तीसरे जुमे की नमाज आज अदा की जायेगी। जिसको लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदों में सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कोयलांचल मे खराब मौसम और मूसलाधार बारिश के कारण मस्जिदों में नमाज को लेकर विशेष तैयारी की गयी है। ज्ञात हो कि रमजान के महीने में जुमे की नमाज का काफी महत्व होता है। इस दिन लगभग सभी मुसलमान मस्जिद जाकर नमाज अदा करते हैं। पिपरवार के बचरा, राय, बहेरा, पुरानीराय, कल्याणपूर और न्यू मंगरदारा सहित क्षेत्र के सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज को लेकर आज नमाजियों की काफी भीड़ की संभावना है।**

## जनवितरण प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाना प्रशासन की प्राथमिकता: एसडीओ

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी में गुरुवार को जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ जिला स्तरीय सेमिनार-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा आयोजित कार्यशाला का अनुमण्डल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यशाला के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जन वितरण प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाना सरकार और जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। राशन पर हम सभी निर्भर है, इसलिए पूरी ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ जन वितरण प्रणाली की राशन दुकान का संचालन करें और लाभुकों को ससमय राशन वितरण करें। राशन डीलर अच्छा कार्य कर रहे है, हमे आप सभी पर गर्व है। एसडीओ ने कहा कि स्मार्ट पीडीएस के माध्यम से राशन वितरण व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाया जा रहा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि राशन कार्डधारकों के इ-केवाइसी को 31 मार्च 2025 तक हर हाल में पूरा किया जाये, ताकि भविष्य में किसी लाभुक को राशन प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो।

## सुदीप गुड़िया ने सदन में उठाया तोरपा और बानो में आइटीआइ पढ़ाई का मामला



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने गुरुवार को विधानसभा में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के तोरपा और बानो प्रखंड में आइटीआइ की पढ़ाई शुरू करने की मांग सदन के माध्यम से की। विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विधायक ने मामला उठाते हुए कहा कि तोरपा तोरपा प्रखंड के चंद्रपुर (डोड़मा) और बानो प्रखंड के समडेगा में आइटीआइ भवन बनकर तैयार है, लेकिन अभी तक वहां पढ़ाई शुरू नहीं की गयी है। इसके कारण क्षेत्र के छात्र प्रशिक्षण लेने के लिए दूर-दराज के केंद्रों में जाने के लिए बाध्य हैं। उन्होंने कहा कि मैं सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि दोनों केंद्रों में यथाशीघ्र पढ़ाई शुरू की जाये।

## विद्या विहार स्कूल के विद्यार्थियों ने रांची के कई स्थानों का किया शैक्षणिक भ्रमण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के एनएचपीसी परिसर स्थित विद्या विहार पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को ओरमांझी स्थित बिरसा जैविक उद्यान सहित कई स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने जैविक उद्यान के सांप घर में विभिन्न प्रजातियों के सांपों के बारे में जानकारी ली और राज्य संग्रहालय खेलगांव में विभिन्न पुरातात्विक वस्तुओं को देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की।

## मजदूर यूनियन का दो दिवसीय केंद्रीय अधिवेशन आज




**खलारी (आजाद सिपाही)।** कोलफील्ड मजदूर यूनियन का 36वा दो दिवसीय केंद्रीय अधिवेशन शुक्रवार से डकरा ऑफिसर्स क्लब में शुरू होगा। इसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। केंद्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में हिंद मजदूर सभा के केंद्रीय महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धू, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, महामंत्री राघवन रघुनंदन, सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य रंजीत पांडेय, सेफ्टी बोर्ड सदस्य खुशीलाल महतो सहित यूनियन के सभी सीसीएल क्षेत्र के पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर उनके एरिया में दर्जनों जगह पर तोरण द्वार बनाये गये हैं। शुक्रवार को दोपहर एक बजे से अधिवेशन की शुरूआत की जाएयेगी। सबसे पहले सभी अतिथि अंबेडकर पार्क और वीर कुंवर सिंह चौक पर प्रतिमा का माल्यार्पण करने के बाद पदयात्रा करते हुए कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी के नेतृत्व में बनायी गयी समिति तैयारी में जुटी हुई है। गुरुवार को यूनियन के महामंत्री राघवन रघुनंदन ने डकरा पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया। इस मौके पर विनय सिंह मानकी, मिथिलेश सिंह, इस्लाम अंसारी, ध्वजा राम धोबी, सूरज प्रधान मुंडा, विनोद सतनामी, राजेश यादव , रामा उरांव, रमेश सिंह, रविंद्र बैठा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## कथावाचक ने बताया भगवान और भक्त का संबंध



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** महर्षि वाल्मीकि दिव्यांग सेवाश्रम द्वारा आयोजित श्री श्री मद् भागवत कथा ज्ञान सह रास लीला सप्त दिवसीय आयोजन का तीसरा दिन कथा वाचक नंदगांव वृंदावन से आये, श्री पंडित नंदकिशोर शास्त्री जी ने भागवत कथा सुनाते हुए कहा कि भागवान कथा सुनने वाले सभी भक्तों पर अपनी दृष्टि रखते हैं। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को सिर्फ कर्म करना चाहिए फल देने वाले तो उपर वाले हैं। कथावाचक से भगवान के अनेकों भक्तों का चरित्र सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# स्टेट यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए खूंटी के छह बॉक्सर रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** जमशेदपुर रविवार से शुरू हो रही 18वीं झारखंड स्टेट यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने खूंटी जिले की टीम गुरुवार को टाटा के लिए रवाना हुए। टीम में बॉक्सर निखिल नाग, सुमित भेंगरा, हिमांशु विवेक तिडू, मो इंतेखाब अंसारी, सुमित नाग, रघु तन्मय पाहन शामिल हैं। टीम मेनेजर गोडविन तोपनो और कोच शुभम तिवारी भी खिलाड़ियों के सज्ञथ गये हैं। प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च तक होगी। खूंटी जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के चैरमैन बेनेडिक्ट बारला, अध्यक्ष विजय कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा मोहन कुमार, सचिव रोहित राज, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, शिवा बैठा, मानती कुमारी, अंकिता कुमारी, हेमंत धान, अमर बारला, फ्रांसिस जेवियर बोदरा आदि ने टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

## बुंडू में एंडोरमा सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यालय का उद्घाटन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू ओवर ब्रिज के सामने एंडोरमा सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का उद्घाटन किया गया। इस कंपनी की संचालिका ममता देवी ने बताया कि हमारे ऑफिस में मुख्य रूप से यहां पर हर प्रकार के लोन इंश्योरेंस का काम किया जायेगा। जिसमें 140 बैंक एवं फाइनेंस कंपनी के साथ यह कंपनी काम करती है, इस कंपनी का उद्घाटन उपाधीक्षक अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू के डॉक्टर दिलीप कुमार पासवान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एंडोरमा कंपनी के सोनू केसरी, रवि शंकर मिश्रा, डॉक्टर सदानंद महतो, अभिषेक सिंह, राजेंद्र प्रसाद महतो, शिव शंभू कुमार, एक्सिस बैंक के सुशांत जायसवाल, अक्षय महतो, विपिन गोराई, रितेश लाहेरी और बुंडू के गण मान्य लोग उपस्थित हुए।

## बेमौसम बारिश से किसान हुए परेशान

**बुंडू/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** बेमौसम हुई बारिश से नगर पंचायत बुंडू की स्थिति दयनीय हो गयी है। कई जगहों पर नालियां भरी होने के कारण नाली का पानी सड़कों पर बहने लगी। इस बे मौसम के बरसात से सब्जी किसानों को भी काफी क्षति हुई, उनकी फसल पर कीड़े लगने की डर सताने लगी है। वही तमाड़ में जगह-जगह पर पानी का जमाव हो गया है, फसलें हुई खराब।

## श्रीश्री श्याम चांद विनदनी मंदिर में तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के नीचे टोली स्थित श्रीश्री श्याम चांद विनदनी मंदिर में तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू हुआ। इस भव्य आध्यामिक अनुष्ठान की शुरुआत कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने भाग लिया। गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा और हर ओर भजन कीर्तन की ध्वनि गुंज उठी। संकीर्तन का आयोजन 21 मार्च से 23 मार्च तक किया जायेगा जिसमें निरंतर हरिनाम संकीर्तन होगा। यह आयोजन न केवल भक्तों को आध्यात्मिक शांति प्रदान करेगा बल्कि पुण्य लाभ का भी अवसर देगा।

## तिरुलडीह में अवैध खनन के खिलाफ हुई छापेमारी, माफियाओं में मचा हड़कंप



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** तिरुलडीह थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में बुधवार देर रात प्रशासन द्वारा औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व अंचलाधिकारी सतेंद्र पासवान और तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने किया। प्रशासनिक टीम ने तिरुलडीह पुलिया और अन्य अवैध खनन स्थलों पर निरीक्षण और छापेमारी की। अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि अवैध खनन और अवैध परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त माफियाओं में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान कई संदिग्ध लोग भागते देखे गये। इस अभियान में तिरुलडीह थाना के एएसआइ रंजीत प्रसाद और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। छापेमारी के दौरान अवैध खनन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी गयी और संदिग्ध स्थानों की जांच की गयी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस तरह के अवैध कार्यों पर रोक लगाने के लिए आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** दिव्यायन कृषि विज्ञा केंद्र रांची के द्वारा वृहस्पतिवार के दिन अंनगड़ा प्रखंड के नवागढ़ पंचायत अंतर्गत रंगामटी बारवाटोली गांव में जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हम जीवों के लिए जल की महता पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस अवसर पर केवीके केइओपी शर्मा, नवागढ़ हाई स्कूल के प्रधानाचार्य हरेकृष्णा चौधरी ने संरक्षण की आवश्यकता पर जानकारी दी। आइओपी शर्मा ने जल संरक्षण के लिए जैविक खेती की ओर अग्रसर होने, वर्षा जल का संग्रह और दुरुपयोग और इससे अभियान के रूप में लेने का आवाहन किया। मौके पर संतोष विदिया, जलदेव बेदिया, लखीराम बेदिया, हरिलाल बेदिया सहित सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

## कांग्रेस पदयात्रा का खूंटी में किया गया स्वागत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की ओर आयोजित राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा एवं प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में गुरुवार को खूंटी पहुंची। युवा कांग्रेस द्वारा पहाड़, पानी, पौधा, पंचायती राज और पेसा कानून को लेकर राजीव गांधी स्वराज पदयात्रा निकाली जा रही है। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुशील संगा, जिला महासचिव सयूम अंसारी, सेवा दल अध्यक्ष नरेश तिर्की, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष पौलुस पूर्ति, कर्रा प्रखंड अध्यक्ष संजीव परधिया अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव कैसर खान, शिवलू खान, साबिर अंसारी, कलीम अंसारी, जीतवाहन महतो, मीनाक्षी टोपनो, मालती देवी, सुमन देवी, मंजू देवी, रेखा देवी सहित कई कार्यकर्ता पदयात्रा में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने खूंटी बाजार ताड़ स्थित जयपाल सिंह मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाद में भगत सिंह और नेताजी सुभाषचंद्र बोस की की प्रतिमा पर माल्याअर्पण करने के बाद पदयात्रा खूंटी से रवाना हो गयी। काला माटी किसान भवन में विश्राम कर रविवार कों पदयात्रा रांची पहुंचेगी, जहां राज्यपाल को ज्ञापना सौंपा जायेगा।

## केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन

# तसर रेशम उद्योग रोजगारपरक एवं ग्रामीणों के लिए उपयोगी: राज्यपाल

- कहा- रांची केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान का तसर क्षेत्र में कार्य सराहनीय
- संस्थान तसर उद्योग से जुड़े गरीब किसानों एवं आदिवासियों महिलाओं के लिए कर रहा महत्वपूर्ण कार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय संगोष्ठी में उपस्थित राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं अन्य गणमान्य।

**पिस्कानगड़ी।** रांची के केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं जैव-विविधता बोर्ड झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को आयोजित 'भारत में तसर रेशम उद्योग की समावेशी विकास पर राष्ट्रीय संगोष्ठी' का राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उद्घाटन किया। राज्यपाल ने कहा कि तसर रेशम आधारित रोजगार के सृजन में केंद्रीय रेशम बोर्ड केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची का सराहनीय योगदान है। कहा कि तसर रेशम उद्योग का विकास केवल देश नहीं, बल्कि यहां के गरीब किसानों एवं आदिवासियों के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह उनके लिए आजीविका का साधन है। जब मैं केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) में था तो उस समय मैंने धागाकारों एवं बुनकरों के लिए काम किया था। आज देश के लगभग 10 मिलियन लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रेशम उद्योग से जुड़े हैं। जिसमें 3.5 लाख तसर रेशम उद्योग से हैं एवं 2.22 लाख लोग झारखण्ड से हैं। कहा कि तसर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने कई योजनाएं चला रखी है। यह भी कहा कि तसर रेशम की मांग वैश्विक बाजार में भी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के वैज्ञानिक तसर किसानों से सीधा संवाद करें और आने वाली समस्या का समाधान करें, ताकि उनको इससे और अधिक लाभ मिल सके। वहीं, संस्थान के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने राज्यपाल और अन्य अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्थान की शोध एवं विस्तार गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में भावसे के संजीव कुमार, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ कार्तिक नियोग, झारखंड जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ अजीत कुमार सिन्हा और लादोइगढ़ केरेबो-केन्द्रीय मूगा एरी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि तसर संस्थान से हमें बहुत दिनों से लगाव रहा है। हमने लाखों ग्रामीण आदिवासी एवं महिलाओं को इस रोजगार से जोड़ा है। वहीं, भावसे के संजीव कुमार ने कहा कि जैव विविधता एवं तसर समन्वित बोर्ड को साथ लेकर चलना होगा। वहीं, डॉ कार्तिक नियोग ने ओक तसर पर अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम में डॉ ज्योत्सना तिर्की, निदेशक (सेवानिवृत्त), केंद्रीय रेशम बोर्ड ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक-डी डॉ जयप्रकाश पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन वैज्ञानिक डॉ कर्मवीर जेना ने किया। इस मौके पर बीआईटी मेसरा के डॉ डीएम पांडेय, बीएचयू वाराणसी के डॉ भूपेंद्र सिंह, डॉ श्रुति ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

# विधायक सुरेश बैठा ने विस में उठाया झारखंडियों के लिए स्थानीय एवं नियोजन नीति बनाने का मुद्दा

## खलारी प्रखंड को अनुमंडल बनाने की भी उठायी मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांके।** झारखंड विधानसभा में कांके विधायक सुरेश बैठा ने गुरुवार को झारखंड के हित में झारखंडियों के लिए स्थानीय एवं नियोजन नीति बनाने की मांग की। सदन में कहा कि कई राज्यों में वहां के स्थायी निवासियों के लिए स्थानीय एवं नियोजन नीति बनी हुई है। इसलिए झारखंडियों खासकर यहां के मूलवासी, आदिवासी और स्थानीय निवासियों के लिए स्थानीय और नियोजन नीति शीघ्र बनाई जाए और इसे स्थापित किया जाए। जिससे यहां के लोगों को बाहर पलायन नहीं करना पड़े। यहां के निवासियों को नौकरी सहित अन्य सुविधाएं मिल सके। उन्होंने विधानसभा में खलारी प्रखंड को अनुमंडल बनने की भी मांग सदन में उठाई। विधायक ने बताया कि यह मांग वर्षो पुरानी है। 15 नवंबर 2000 को जब झारखंड की स्थापना की गई थी। उसी समय झारखंडियों को लगा था कि अब स्थानीय और यहां के खासकर मूलवासियों, आदिवासियों, पिछड़ों, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के लोगों का विकास होगा। नौकरियां मिलेंगी। लेकिन 25 वर्ष के बाद भी झारखंडियों का सपना अधूरा ही रह गया है। आज तक कई सरकारें राज्य में आई और गई, लेकिन स्थानीय एवं नियोजन नीति अभी तक नहीं बना है। इसलिए मैंने सदन में स्थानीय एवं नियोजन नीति बनाने की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है। उधर, विधायक द्वारा सदन में आम जनता की आवाज बुलंद करने को लेकर क्षेत्र के लोगों ने विधायक को बधाई दी है। कहा कि कांके विधानसभा क्षेत्र से पिछले 30 वर्षों से भाजपा के विधायक थे। लेकिन इतनी बुलंद आवाज से कभी किसी विधायक ने झारखंडियों के हित में सदन में आवाज ही नहीं उठाई। अरविंद कुमार राम, राहुल यादव, विनोद साहू, गौरी शंकर महतो, अशोक महतो, मनीष महतो, राजू दुबे, अरविंद सांगा, प्रमोद कुजूर, कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, लालचंद सोनी विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी आदि ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# रातू में दो घरों में चोरी, नकद सहित सात लाख के जेवरात ले भागे चोर

चोरी की एक भी घटना का पुलिस नहीं कर पा रही खुलासा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रातू।** थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोर आये दिन चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो जा रहे है। पर पुलिस किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पा रही है। इससे लोगों में दहशत का माहौल है। बुधवार को भी चोरों ने एक ही दिन दो घरों को निशाना बनाया और नकदी सहित लाखों रुपये के जेवरात ले भागे। जानकारी के मुताबिक रवि स्टील वृंदावन कॉलोनी निवासी अजय रंजन के घर चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया। वे बुधवार की दोपहर एक बजे अपने घर के दरवाजे में ताला लगाकर तिलता चौक गये थे। वहां से रात 9 बजे जब घर वापस लौटे तो घर में लगा ताला टूटा पाया। अंदर जाने पर घर का सारा सामान बिखरा था और अलमीरा में रखा 45 हजार रुपये और जेवरात गायब थे, जिसकी अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये आंकी जा रही है। वहीं, दूसरी घटना इतवार बाजार स्थित रोड नंबर पांच निवासी सुनील प्रसाद सिंह के घर हुई। जहां चोरों ने ताला तोड़कर नकद पांच हजार रुपये सहित लाखों रुपये के जेवरात की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार सुनील प्रसाद सिंह अपने बेटे से मिलने 25 फरवरी को बंगलुरू गये थे। 18 मार्च की रात 10 बजे वापस लौटे तो घर में लगा ताला टूटा पाया। अंदर निरीक्षण करने पर पता चला कि पांच हजार नकद और करीब एक लाख रुपये मूल्य का मंगलसूत्र, कानबाली, अंगुठी, चांदी का पांच सिक्का गायब है। मामले को लेकर सुनील प्रसाद और अजय रंजन ने अलग-अलग आवेदन देकर चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

## श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर नामकुम का 26वां वार्षिकोत्सव आज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम रेलवे स्टेशन स्थित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के 26वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को भव्य भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस लेकर गुरुवार को मंदिर परिसर में बैठक की गई, जिसमें आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष मनीष राय ने सभी नगरवासियों से भक्ति भाव से उपस्थित होकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। कहा कि यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था और समर्पण का प्रतीक है, जहां सभी भक्तजन भगवान हनुमान की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त कर सकते है। मंदिर समिति के अनुसार शुक्रवार की सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। इस दौरान हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ एवं विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। मंदिर को इस पावन अवसर पर विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिर समिति के सदस्य और स्वयंसेवक भंडारे की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में लगे हुए है।

## सरहुल मिलन समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सरहुल मिलन समारोह के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अर्जुन पाहन ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरहुल मिलन समारोह का आयोजन टाटीसिलवे ईईएफ मैदान में चार अप्रैल को किया जाएगा। इस अवसर पर आसपास के दर्जनों पंचायतों के ग्रामीण अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करते हुए जुलूस के रूप में शामिल होंगे। सरहुल पर्व आदिवासी समाज का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। समारोह को भव्य और सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया, जो कार्यक्रम के सभी पहलुओं की जिम्मेदारी संभालेंगी। बैठक में समिति के सचिव सोहन मुंडा, कोषाध्यक्ष कुलदीप कच्छप, उपाध्यक्ष ललकु तिर्की, सहसचिव रंजीत उरांव, महासचिव किरण पाहन, मुखिया संदीप तिर्की, और सक्रिय सदस्य दुबराज पाहन, सुरेश मुंडा, राजु तिर्की, सुरज तिर्की, जगलाल मुंडा, माघो मुंडा और शनि मुंडा आदि उपस्थित थे।

## मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर ओरमांझी भाजपा की बैठक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** मंडल भाजपा की बैठक गुरुवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुई। जिसमें नए मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा की गयी। बताते चलें कि प्रदेश भाजपा की ओर से चार नाम मांगा गया था। जिसमें सर्वसम्मति से अलख नाथ महतो, सुनील कुमार, शशि भूषण कुमार, किरण देवी और मंडल संयोजक राजधान साहू का चयन किया गया। बैठक के चुनाव प्रभारी सुरेंद्र महतो ने कहा कि मण्डल अध्यक्ष चयन के लिए 89 बूथों में 45 सक्रिय सदस्य एवं 45 बूथ समिति बनाना आवश्यक है। इसके बाद मंडल अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। ओरमांझी मंडल में 36 सक्रिय सदस्य और 17 बूथ समिति बने हैं। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र साही, रणधीर कुमार चौधरी, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, नरेश साहू, महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण कुमार, सुनील कुमार, सिकंदर महतो, राजधाम साहू, शशि मेहता, राजेश गुप्ता, राजकिशोर साहू, नीलमोहन पहन, भीम मुंडा, चतुर साहू, बालक महतो, नंद किशोर मुंडा, भानु प्रताप महतो, शंकर महतो, सोनाराम मुंडा, राजेंद्र चौधरी, सुनील उरांव, किरण देवी, ऊषा देवी, अमित राज, ओम प्रकाश साहू, नारायण साहू, संदीप उरांव, आकाश महतो, साईनाथ बेदिया, संतोष गुप्ता, कृष्ण महतो, अजय साहू, रामलखन महतो, अर्जुन सिंह, कामेश्वर महतो, नंदलाल महतो, शिवचरण महतो, मनमोहन बेदिया, तेजू प्रजापति उपस्थित थे।

## सीएचसी बेड़ो में विश्व मुख दिवस पर कार्यक्रम

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विश्व मुख दिवस के उपलक्ष्य पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो के तत्वावधान में मुख स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बेड़ो एवं झारखंड राज्य की संपूर्ण जनता में ओरल हेल्थ अवेयरनेस को बढ़ाने एवं इससे जुड़ी बहुत सी महत्वपूर्ण बातों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रेडियो 90.4 FM पर बेड़ो के दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन ने डॉक्टर्स टॉक में हिस्सा लिया। दंत चिकित्सक डॉ श्रोती कुमारी के द्वारा 56 मरीजों का कंसल्टेशन और स्क्रीनिंग की गयी। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डा सुमित्रा कुमारी डॉ काजल डेंटल असिस्टेंट अजय करकेटा आदि लोगों ने सराहनीय योगदान दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 20 मार्च से 20 अप्रैल तक विश्व मुख दिवस पर अलग अलग ओरल हेल्थ अवेयरनेस से जुड़े प्रोग्राम करने का निर्णय लेते हुए योजना बनायी गयी।

# यज्ञ हमारे मन, जीवन और आत्मा को शुद्ध करता है : जैलेंद्र कुमार

श्रीश्री बजरंगबली मंदिर के तीन दिवसीय महायज्ञ में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री 1008 बजरंगबली मंदिर शासनबेड़ा में गुरुवार को तीन दिनी महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। 251 महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने महिलाओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। वहीं, महिलाओं ने नदी से कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल पर स्थापित किया। इस अवसर पर जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि यज्ञ हमारे मन, जीवन और आत्मा को शुद्ध करता है। ईश्वर की साधना और अध्यातम मानव जीवन को मुक्ति मार्ग की ओर ले जाता है। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संदीप महतो ने बताया कि शुक्रवार को अखंड हरिकीर्तन व शनिवार को भंडारा और जगराता के साथ इस महायज्ञ का समापन हो जाएगा। मौके पर सचिव जगन्नाथ महतो, उपाध्यक्ष बासुदेव महतो सहित अन्य ग्रामीण कलश यात्रा में शामिल हुए।

# मंईयां सम्मान योजना मद की राशि से वंचित 27 गांवों की महिलाएं पहुंची प्रखंड कार्यालय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र में मंइयां सम्मान योजना के लाभ के लिए तीसरे दिन गुरुवार को भी सैकड़ों महिलाएं बेड़ो प्रखंड कार्यालय पहुंचीं। समाज कल्याण विभाग के ऑपरेटर से भी मिलीं और अपनी बातें रखीं। वहीं राशि नहीं मिलने पर नाराजगी भी जाहिर की। प्रखंड के अम्बा टोली, डूमर टोली, करंज टोली, ईंटा,सेरो, हरहंजी केशा, खुरहा टोली, बैरटोली, असरो, जामटोली, चनकोपी, कुदारखो, खत्रीखटंगा, लमकाना, तुको, चचकोपी, कैरो, करांजी, बंडी, डोरंडा पीपर टोली, करकरी, पुरियो, चनगनी, बरटोली, एरगोडो एवं मुड़कट्टी सहित 27 गांवों की महिलाएं मंइयां सम्मान योजना मद की राशि से वंचित होने के बाद प्रखंड कार्यालय पहुंची थीं। बताया कि उन्हें इसकी जानकारी दी जाए कि आखिर उन्हें मंइयां सम्मान योजना का लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। महिलाओं का कहना है कि पहली, दूसरी और तीसरी किस्त मिल गयी तो 7500 रुपये वाली किस्त देने में इतनी आना कानी क्यो की जा रही है। नाम का अक्षर गलत है तो आवेदन के समय ही सब देख लेना चाहिए था। एकाउंट नंबर गलत है अथवा आधार से खाता लिंक नहीं है तो पहला, दूसरा किस्त कैसे मिल गया। वहीं मुस्लिम महिलाएं तो रोजा रखकर प्रखंड कार्यालयों में पहुंच रही हैं। मगर अधिकारियों से संतोषजनक जबाब नहीं मिलने के कारण मायूस होकर घर लौट रही है।

### महिलाएं लगा रहीं बैंक का चक्कर

प्रखंड क्षेत्र की सैकड़ो महिलायें यूको बैंक, बीओआइ और एसबीआइ बैंक के खुलने से पहले ही मंईयां सम्मान योजना की राशि और केवाइसी को लेकर प्रति दिन बैंक के चक्कर लगा रही हैं। पर उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। महिलाओं का कहना है कि बैंक खाता का केवाइसी कराने के लिए कई दिनों से बैंक का चक्कर लगा रही हैं। बैंक में भीड़ अधिक होने के कारण उनका काम नहीं हो पा रहा है। गांवों से आयी महिलाओं का कहना है कि खेती-घर के काम छोड़ कर आना पड़ा है।

## पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनेगा सरहुल : राकेश भगत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़ा सरना स्थल में गुरुवार को सरहुल पूजा महासमिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महा समिति के संरक्षक राकेश भगत ने की। जिसमें राकेश भगत ने कहा कि सरहुल पूजा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ मनाया जाएगा। आगामी 31 मार्च को सरहुल पूर्व संध्या, एक अप्रैल को सरहुल पूजा और दो अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में सरहुल पूजा की सफलता को लेकर पुरानी सरहुल पूजा समिति भंग कर नई कमेटी बनाई गयी। इसमें सर्वसम्मति से सुका उरांव को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बुधवा पहान, सुशील भगत, प्रदीप भगत, मनोज उरांव, विक्रांत उरांव, रजत भगत, पंचम तिर्की, निर्मल तिर्की, विन्नी उरांव और सोमरा उरांव आदि को चुना गया।

## मेला समिति और आजसू ने नवमी डोल मेला की तैयारियों का लिया जायजा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे में 23 से 25 मार्च तक लगने वाले ऐतिहासिक नवमी डोल मेला को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। बतातें चलें कि होली संपन्न होने के दूसरे दिन से ही मेला स्थल में लोगों के मनोरंजन के लिए रामढेलुआ, मौत का कुआं, कठपुतली नाच आदि खेल तमाशे की दुकानें लगनी शुरू हो जाती है। वहीं मिठाई दुकान, लोहे की बनी घरेलू एवं कृषि सामग्री, बच्चों का खिलौना, पारंपरिक हथियार सहित खाने पीने के तरह तरह की दुकानें सजने लगी हैं। मालूम हो कि आजसू द्वारा प्रत्येक वर्ष मेला स्थल में लोगों की सुविधा के लिए सेवा शिविर आयोजित किया जाता है। जिसके माध्यम से आजसू के वॉलेंटियरर्स मेला देखने आए लोगों को चिकित्सा, सुरक्षा, पेयजल, चना शरबत आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। इधर, गुरुवार को मेला समिति एवं आजसू नेताओं ने संयुक्त रूप से मेला स्थल का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस क्रम में सभी दुकानदारों से जगह की कमी को देखते हुए व्यवस्थित ढंग से दुकान लगाने का आग्रह किया, ताकि मेला घूमने आए लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो। मौके पर आजसू के केंद्रीय सदस्य र ाजू नायक, केंद्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, आजसू अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, मेला समिति के प्रबंधक मानकी धनंजय शाही आदि मौजूद थे।

## घर का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के लोधमा मोड़ पर स्थित आलम अंसारी के बंद घर का ताला तोडकर चोरों ने करीब दो लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर और 40 हजार रुपये नगद चोरी कर ली। इस बाबत आलम अंसारी ने नगड़ी थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में घर के मालिक आलम अंसारी ने बताया कि वे गत 15 मार्च को घर में ताला बंद कर अपने ससुराल गुमला के चैनपुर परिवार के साथ गये थे। वहां से जब गुरुवार को वापस लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। घर में रखे सभी सोने-चांदी के जेवर और पैसे गायब थे। घटना की सूचना मिलने पर नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय वहां पहुंचे और घर का निरीक्षण किया।

## झामुमो नेता ने किया साड़ी-गमछा और ढोल-नगाड़ा का वितरण

# सरहुल पर्व आदिवासी समाज की पहचान और प्रकृति पूजा का पर्व है : बिरीश मिंज

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नामकुम।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र में झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बिरीश मिंज ने सरहुल पर्व को द्यान में रखते हुए महिलाओं और पुरुषों के बीच पारंपरिक वस्त्रों और वाद्ययंत्रों का वितरण किया। वे विभिन्न गांवों में घूम-घूमकर महिलाओं को साड़ी, पुरुषों को गमछा और सांस्कृतिक दलों को ढोल-नगाड़ा भेंट कर रहे है। इस अवसर पर बिरीश मिंज ने कहा कि सरहुल हमारे आदिवासी समाज की पहचान और प्रकृति पूजा का पर्व है। इस त्योहार को मिलजुल कर मनाने और पारंपरिक संस्कृति को संजोने के लिए यह छोटा सा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। उनके इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है और ग्रामीणों ने इस सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस दौरान कई गणमान्य उपस्थित थे।

## रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा को लेकर बैठक

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** पूजा समिति और ग्रामीणों की बैठक गुरुवार को ओरमांझी दुर्गा महादेव परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो, जबकि संचालन समिति के सचिव दीपक बडाईक और धन्यवाद ज्ञापन शशि मेहता ने किया। बैठक में रामनवमी, झण्डा मिलन समारोह, अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता और झांकी के साथ चैती दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इसके सफल आयोजन को लेकर अलग-अलग टीम बना कर सभी को जिम्मेदारियां देने एवं इसमें अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का निर्णय लिया गया। रामनवमी से पहले दो मंगलवार को मंगलवारी शोभा यात्रा निकालने का भी निर्माण लिया गया। इसके साथ ही समिति के कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू ने होली पर आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किए। रामनवमी पूजा को लेकर 23 मार्च को ओरमांझी प्रखंड स्तरीय महावीर मण्डलों की बैठक करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में पूजा समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो, सचिव दीपक बडाईक, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, पूर्व अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, राजेश गुप्ता, सतीश बड़ाईक, दीनदयाल लोहार मुण्डा, संतोष गुप्ता, प्रयाग महतो, आनंद महतो, नीरज पाण्डेय, शशि मेहता, रूपेश साहू, राजेंद्र साहू, प्रभुदत महतो, रामचन्द्र साहू, शंकर लाल गुप्ता, सीताराम महतो, सीता राम लाल गुप्ता, प्रदीप साहू, मिथिलेश पाण्डेय, नीरज सोनी, नमल महतो, नीलू चौधरी, विजय पाण्डेय, रोहन वमण, मनोज महतो, मनोज गुप्ता, पवन साहू, मुकेश महतो, राजकिशोर शुक्ला, लक्ष्मी महतो, सुरेश साहू, अर्जून महतो, विजय महतो, राजगौरव तिवारी, किशोरी महतो, जमुना साहू, भोली नायक, कृष्णा महतो, राजकुमार लहेरी, राजू चौरसिया सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गोकुल नगर से ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला पुलिस ने अवैध नशापन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पॉइंट 80 मिलीग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार दिन के 1 बजे थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग गोकुल नगर स्टार डीपीएस स्कूल के समीप खेत में नशापन कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को खदेड़कर दबोचा गया। तलाशी लेने पर राजन कुमार के पॉकेट से एक पर्स जिसमें 500 रुपये आधार कार्ड और एटीएम कार्ड मिला वही सूर्य प्रताप सिंह के पेंट के पॉकेट से काला रंग का लाइटर मिला दोनों के पैर के पास जमीन पर एक खाली सिगरेट का डिब्बा और एल्युमिनियम फाइल में लपेटा हुआ ब्राउन शुगर मिला। पूछने पर राजन ने बताया कि ब्राउन शुगर सेवन एवं बेचने के लिए रखे थे। पुलिस को आता देख उसे निकाल कर जमीन पर फेंक दिया था। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। गिरफ्तार युवकों में शास्त्री नगर निवासी 22 वर्षीय राजन कुमार और बड़ाइक मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय सूर्य प्रताप सिंह शामिल हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि राजन कुमार पूर्व में भी ब्राउन शुगर रखने के आरोप में जेल जा चुका है।

### गुमला सदर अस्पताल बना बिचौलियों का अड्डा

# गर्भवती मरीज को रिम्स की बजाय भेजा निजी अस्पताल

**आजाद सिपाही संववाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले का एकमात्र सदर अस्पताल इन दिनों बिचौलियों का अड्डा बन गया है। जिसके कारण गांव देहात से आने वाले मरीज को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यहां डॉक्टर द्वारा रिम्स रेफर मरीज को कमीशन के चक्कर में दलाल द्वारा निजी अस्पताल भेज दिया जाता है। इसके बाद मरीज के परिजनों को गाढ़ी कमाई का मोटा पैसा निजी अस्पतालों को देना मजबूरी बन जाता है।

ताजा मामला गुरुवार की अपराह्न 3 बजे का है। गुमला जिला के सिलाफारी गांव निवासी मंटू साहू की पत्नी बीना कुमारी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।




प्रसव के लिए परिजन उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराए थे। जहां डॉक्टर ने जांच करने पर पाया कि उसके बच्चे का ब्रिज पोजीशन है जिसमें नवजात का सिर ऊपर और पैर नीचे हो जाता है। जिसके लिए ऑपरेशन जरूरी है। स्थिति को देखते हुए डॉक्टर निर्मला मुंडू ने उसे रिम्स के लिए रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया मरीज के परिजनों को काउंसलिंग करके रिम्स ले जाने के लिए कहा गया था। लेकिन अस्पताल में ही मौजूद बिचौलियों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत शहर के एक नाम चिन अस्पताल केयर एडवांस से संपर्क किया। इसके बाद 10 मिनट के अंदर ही अस्पताल प्रबंधन ने अपना एंबुलेंस सदर अस्पताल भेज दिया और तत्काल मरीज को एंबुलेंस से निजी अस्पताल ले गये। सदर अस्पताल के एक कर्मी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया इस खेल में कमीशन जुड़ा हुआ है मरीज से मोटा पैसा लिया जायेगा। जिसमें मरीज को भेजने वाले का कमीशन भी बंधा है। ऐसे कई मामले प्रतिदिन यहां देखे जाते हैं। एंबुलेंस में चढ़ते समय मरीज के एक परिजन ने कहा हमें कहां और कौन सा अस्पताल ले जाया जा रहा है पता नहीं चल पा रहा है। मामले को लेकर सदर अस्पताल के डीएस के कार्यालय पहुंचने पर उनका कार्यालय बंद पाया गया। लोगों ने बताया डीएस कभी कार्यालय आते ही नहीं है। जिसके कारण लोगों को कई कार्य कराने में परेशानी होती है।

मामले को लेकर सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी हुई है, मामला गंभीर है 24 घंटे के अंदर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

# पंचायत स्तरीय स्थायी समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में पंचायत स्तरीय स्थाई समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुरूआत हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ दिनेश कुमार सहित वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायत के प्रशासनिक और विकास कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि पंचायत स्थायी समितियां ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और उनके कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण आवश्यक है। वही जेआइटीएम संस्था के प्रशिक्षक अरुण पांडे और सौम्या पाल ने पंचायत की भूमिका और जिम्मेदारियां, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शिता, जल संरक्षण एवं स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन सहित कई बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। साथ ही बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने पंचायत में अधिक कुशलता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने में सहायता मिलेगी। ताकि क्षेत्र के समग्र विकास में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सके।

# जलवायु परिवर्तन चैंपियन का सम्मान समारोह संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला/ रायडीह।** गुरुवार को गुमला के होटल सभेकर में सिनी संस्था के द्वारा जलवायु परिवर्तन चैम्पियन का सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक वर्षों से जलवायु परिवर्तन मुद्दे पर प्रखंड क्षेत्र में पर्यावरण को संरक्षित करने व जलवायु परिवर्तन के मुद्दों को कम करने में काम कर रहे है वैसे लोगों को रायडीह प्रखंड के पांच पंचायत कुडोछ्तरपुर, कांसीर उपरखटंगा, जरजट्टा, सुरसांग, पंचायत के 100 जलवायु परिवर्तन चैम्पियन को सम्मानित किया गया। इस दौरान रायडीह में सिनी संस्था द्वारा जलवायु परिवर्तन मुद्दे पर एक वर्ष किये गये कार्य पर बने डॉक्यूमेटरी फिल्म की पहली स्क्रीनिंग की गयी। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित कुडोछ्तरपुर पंचायत के मुखिया चुयां कुजूर ने अपना अनुभव साझा करते हुए लोगों से कहा कि सिनी संस्था के जलवायु परिवर्तन प्रोजेक्ट जब हमारे क्षेत्र में काम करने तब लोग जलवायु परिवर्तन मुद्दे से अनभीग थे पर क्षेत्र में जब जागरुकता फैलायी गयी तो लोग नि स्वार्थ भाव से खुलकर पर्यावरण संरक्षण में सामने आये और एक विशेष बदलाव देखने को मिला की इस मुद्दे पर गांव के बच्चे खुल कर सामने आये और अपनी समस्याओं को रखते हुए जलवायु परिवर्तन मुद्दे से निपटने के लिए पंचायत से मिलकर रिजलेंस प्लान तैयार किया और योजनाओं का चयन करते हुए जीपीडीपी में यातनाओं का मांग किया, ये काफी प्रशंसनीय है।



ज्ञात हो की सिनी संस्था द्वारा रायडीह प्रखंड के पांच पंचायत कुडोछ्तरपुर, कांसीर, उपरखटंगा, जरजट्टा व सुरसांग में जलवायु परिवर्तन को लेकर एक प्रोजेक्ट चलाया जा रहा था। जहां संस्था द्वारा पंचायत के लोगों को जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर जागरुक किया गया था व पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए विशेष कदम उठाये गये थे। जिसमें पंचायत के हितधारकों के साथ ही साथ गांव के बच्चों ने निः स्वार्थ भाव से जलवायु परिवर्तन के मुद्दे को कम करने के लिए कार्य किया है और पर्यावरण को संरक्षित करने का काम किया है।

मौके पर मुखिया चुयां कुजूर, आशा सुचिता एक्का, मार्था एक्का, कांता एक्का, दीपक कुजूर, निलेश कुमार मिश्रा, हीरा प्रसाद सिंह, प्रभु सिंह, बिनोद किड़ों, जयराम साहु , प्रतिमा टोप्पो, सरोज देवी, एस जे संगीता, किशोर साहा, खुर्शीद आलम, संतोषी तिर्की, सत्यभामा दास, विद्यावती कुमारी, अनिश एक्का, बैजन्ती देवी, संगीता मिंज, राखी कुमारी, आरती कुमारी, शोभा सहित कई लोग मौजूद थे।

## जलमीनार का सोलर प्लेट गिरने से वृद्ध घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मनातू गांव में तेज हवा बारिश में सोलर जलमीनार सोलर प्लेट गिर गया। जिससे मनातू ग्राम निवासी रति उरांव लगभग 60 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व उपप्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचे। घायल का हाल-चाल जाना। इसके साथ ही गुमला सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा से दूरभाष पर बात कर सदर अस्पताल में इलाज कराने हेतु सहयोग करने की बात कही। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम लगभग 4 बजे तेज हवा और बारिश के कारण पीवीटीजी परिवार के लोगों के लिए लगे जलमिनार सोलर प्लेट पूरी तरह गिर गया।

# सम्मान समारोह में 55 साथिया और 120 स्वास्थ्य आरोग्य दूत हुए सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुरुवार को नगर भवन में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय साथिया (पियर एजुकेटर) सम्मेलन सह स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीपीसी एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा विभाग) सहित कई गणमान्य लोग



उपस्थित रहे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य किशोर-किशोरियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने वाले साथिया एवं स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को सम्मानित करना था। अपने संबोधन में उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि आप सभी देश की युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। आपका योगदान समाज के किशोर-किशोरियों को एक स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपने प्रयासों को इसी तरह जारी रखें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहभागी बनें। सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि, मानसिक रूप से स्वस्थ रहना हमें बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाता है, जिससे एक समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। सम्मेलन में 55 साथिया एवं 120 स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

### जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक

# लाभुकों ने अपने अनुभव साझा किये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) सलाहकार समिति की बैठक सीलम स्थित आरसेटी कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक से पूर्व, उपायुक्त ने आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार प्रारंभ करने वाले छह लाभुकों से मुलाकात की। इस दौरान लाभुकों ने उपायुक्त के समक्ष अपने अनुभव साझा किए और बताया कि प्रशिक्षण के बाद उनके जीवन में कैसे बदलाव आया। लाभुकों ने बताया कि आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद न केवल उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई, बल्कि व्यवसाय चलाने और उसकी मार्केटिंग करने की समझ भी विकसित हुई। शूकर पालन से जुड़े एक लाभुक ने कहा कि



प्रशिक्षण से पहले वे अपने उत्पाद को कम दामों में बेचते थे, लेकिन प्रशिक्षण के बाद नयी तकनीकों को अपनाकर वे अपने व्यवसाय को बेहतर ढंग से चला रहे हैं। जयंती मिंज ने अपने आचार, पापड़ और मसाला पाउडर बनाने के व्यवसाय के बारे में बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें व्यवसाय के संचालन में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली। इसी प्रकार सुमन आईंद ने कहा कि आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने मुर्गी पालन का व्यवसाय प्रारंभ किया और आज वे प्रतिमाह 20 हजार रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। अन्य लाभुकों ने भी अपने-अपने व्यवसाय के अनुभव साझा किए। प्रशिक्षित लाभुकों की प्रेरणादायक कहानियां सुनकर उपायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की और सभी नव-उद्यमियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आरसेटी के माध्यम से जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है, जो गुमला जिले के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# 23 को हाइस्कूल मैदान भरनो में मनाया जायेगा भगत सिंह का शहादत दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मिशन बदलाव के भरणो प्रखंड अध्यक्ष सह अधिवक्ता गुमला के पंकज लोहरा ने बताया की 23 मार्च को बलिदान दिवस एवं शहीद दिवस भरनो के हाइ स्कूल मैदान में मनाया जायेगा। जिसमे मिशन बद्लाव पदाधिकारीगण शामिल होंगे। मिशन बद्लाव के पंकज लोहरा ने बताया कि आजादी के लिए 23 साल की उम्र में फांसी पर झूलने वाले भगत सिंह इंकलाब जिंदाबाद और साम्राज्यवाद मुदार्बाद के नारे लगाते थे। वैसे आज के दिन भगत सिंह के साथ सुखदेव और शिवराम राजगुरु ने भी भारत की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर चढ़ गये थे। भगत सिंह के देश के प्रति प्रेम के जज्बे को देखकर देश के युवाओं



को भी देश की आजादी के लिए लड़ने की प्रेरणा मिली थी, मिशन बदलाव के संदीप महली ने कहा कि 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी दे दी थी। उन्हें लाहौर षड़यंत्र के आरोप में फांसी की सजा सुनायी गयी थी। लेकिन क्या आपको पता है कि इन तीनों शहीदों की मौत भी अंग्रेजी हुकूमत का षड़यंत्र था? भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी 24 मार्च को देना तय था लेकिन अंग्रेजों ने एक दिन पहले ही यानी 23 मार्च को भारत के तीनों सपूतों को फांसी पर लटका दिया था। आज मिशन बदलाव भरनो ने जानकारियां दी।

## नदी में डूबने से युवक की मौत



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** खंभिया कोयल नदी में नहाने के क्रम में डूब कर खम्भिया ग्राम निवासी 40 वर्षीय गंदूर उरांव की मौत हो गयी। वही घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में पुलिस ने कहा कि परिजन के अनुसार गंदूर हर दिन के भांति नहाने के लिए अपने घर से कोयल नदी अकेले आया था। वही नहाने के क्रम में कोयल नदी में डूब गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। वहीं काफी देर होने के बाद भी गंदूर घर नहीं लौटा तो उसका पुत्र कोयल नदी जाकर देखा तो गंदूर का शव पानी पर उपला हुआ देखा। इसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों को हुई और ग्रामीणों ने सूचना घाघरा थाना को दी। इसके बाद पुलिस पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। वही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## 26 को खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का प्रशिक्षण दिया जायेगा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने गुमला के खाद्य कारोबारकर्त्ताओं से आह्वान किया है कि 26 मार्च 2025 मंगलवार दिन के 11:30 बजे से गुमला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा गुमला सदर अस्पताल के सभागार में खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित ट्रेनिंग आयोजित की गयी है जिसमें सभी खाद्य सुरक्षा हितधारक/ खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा और मानकों के बारे में जागरूकता एवं फुड फोर्टीफिकेशन से संबंधित विभिन्न जानकारियां एवं प्रशिक्षण दी जायेगी अतः आप सभी खाद्य कारोबारी इस शिविर कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसका लाभ उठायें।

## स्पोर्ट्स



पश्चिम बंगाल पुलिस ने कहा कि 6 अप्रैल को रामनवमी है। राम नवमी को विभिन्न मंदिरों में आयोजन होते हैं और जुलूस निकलते हैं। ऐसे में मैच के लिए सुरक्षा नहीं दे पायेंगे।

# कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपरजायंट्स का आइपीएल मैच कोलकाता से गुवाहटी शिफ्ट

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के बीच 6 अप्रैल को होने वाला आइपीएल मैच अब कोलकाता के इडन गार्डंस की जगह गुवाहाटी के बरसापारा में खेला जायेगा।

पश्चिम बंगाल पुलिस ने कहा कि 6 अप्रैल को रामनवमी है। राम नवमी को विभिन्न मंदिरों में आयोजन होते हैं और जुलूस निकलते हैं। ऐसे में मैच के लिए सुरक्षा नहीं दे पायेंगे।

बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन ने इसकी जानकारी दी है। हालांकि, वेन्यू शिफ्ट को लेकर बीसीसीआइ ने आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। पिछले साल भी ईडन गार्डन्स से रामनवमी के कारण मैच शिफ्ट हुआ था।



**65,000 दर्शकों को संभालना मुश्किलः सीएबी अध्यक्ष**

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने बताया, हमने पुलिस के साथ 2 मीटिंग की, लेकिन मैच के लिए हरी झंडी नहीं मिल पाई। सुरक्षा न होने से मैच में 65,000 दर्शकों की भीड़ को संभालना मुश्किल होगा। इसलिए मुकाबला अब गुवाहाटी में शिफ्ट किया जायेगा।

बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी ने बताया था कि राम नवमी पर पश्चिम बंगाल में 20 हजार से ज्यादा जुलूस निकलेंगे। इसलिए पूरे राज्य में कड़ी सुरक्षा रखने की जरूरत पड़ेगी।

**पिछले सीजन भी आगे बढ़ा था केकेआर का मैच**

केकेआर के होम मैच में लगातार दूसरे सीजन रामनवमी के कारण दिक्कत आयी। पिछले साल राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम का मैच 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन ही होना था। पुलिस ने तब भी सिक्योरिटी देने से मना किया था, जिस कारण मुकाबले की तारीख आगे बढ़ाई गयी थी।

**राजस्थान रॉयल्स का दूसरा होमग्राउंड है गुवाहाटी**

गुवाहाटी में इस सीजन के आइपीएल के 2 मैच पहले से शेड्यूल है। यहां का बरसापारा स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स टीम का दूसरा होमग्राउंड है। टीम यहां 26 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और 30 मार्च को चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगी। इस मुकाबले के 6 दिन बाद ही कोलकाता और लखनऊ के बीच गुवाहाटी में रिशेड्यूल्ड मैच खेला जायेगा।

# श्रमिक पांच दिन से अधिक अस्पताल में भर्ती रहा, तो श्रम विभाग उसे देगा न्यूनतम मजदूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सिविल सर्जन, की अध्यक्षता में झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं यथा- चिकित्सा सहायता योजना चिकित्सा प्रतिपुर्ति योजना एवं मातृत्व प्रसुविधा योजना से संबंधित बैठक संपन्न हुआ। इसमें मजदूरों को चिकित्सा सहायता और प्रतिपूर्ति चिकित्सा सहायता योजना के विषय में विस्तार से चर्चा हुई। श्रम अधीक्षक, गुमला द्वारा बैठक में बताया कि निर्माण क्षेत्र के श्रमिकों जो किसी बीमारी के दौरान अस्पताल में 5 दिन या इससे अधिक कार्यदिवस के दौरान भर्ती होते है तो भर्ती रहने वाले मजदूरों को इन दिनों का न्यूनतम



मजदूरी श्रम विभाग देगा। इस योजना के तहत अधिकतम 40 दिन के न्यूनतम मजदूरी का भुगतान श्रमिकों को किया जाना है। साथ ही निर्माण क्षेत्र के मजदूरों को गंभीर बीमारी होने पर आर्थिक मदद इलाज के लिए दी जाती है। चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना और चिकित्सा सहायता योजना के अंतर्गत पाच या उससे अधिक कार्यदिवसों तक अस्पताल में भर्ती रहने पर श्रमिक हेतु विहित दर पर न्यूनतम मजदूरी का भुगतान और अधिकतम 40 कार्यदिवस के समतुल्य भुगतानदिया जायेगा। मातृत्व प्रसुविधा योजना का लाभ प्रथम दो प्रसुतियां के लिए 15 हजार की सहायता राशि का प्रावधान है। मृत्यु दुर्घटना में 4 लाख तक का लाभ दिया जाता है।

## कतरास अंचल कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** धनबाद नगर निगम के राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गुहीबांध बस स्टैंड स्थित कतरास अंचल कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।ष जिसमें कुल 108 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। शिविर में नगर निगम के सफाई कर्मियों एवं कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच कराया। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी। जांच डॉ सत्यनारायण, नीतू कुमारी, लालकृष्ण ठाकुर, मनीष कुमार, स्वरूप कुमार की देखरेख में की गयी। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, कतरास अंचल के बड़ा बाबू सुशील कर्मकार, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार और लाल कमल महतो आदि उपस्थित थे।

### गोविंदपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता : 19 दिसंबर 2024 को हुई थी घटना

# बस यात्री से आभूषण चोरी करने का आरोपित मध्य प्रदेश से हुआ गिरफ्तार

### एक करोड़ के आभूषण, राडो की दो डायमंड घड़ी सहित दो लाख रुपये नकद बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र में दिसंबर 2024 को एक बस यात्री से स्वर्ण आभूषण चोरी कर ली गयी थी। जिसकी शिकायत पर जांच में उतरी पुलिस ने मध्य प्रदेश के धार जिले के खेरवा जागीर बनावर इलाके से एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। उसकी पहचान अकरम खान (35) के रूप में हुई है। उसके पास से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के स्वर्ण आभूषण, राडो की दो डायमंड सहित तीन घड़ियां और दो लाख रुपये नकद बरामद किया



पकड़े गये आरोपित की जानकारी देते डीएसपी शंकर कामतीने एवं अन्य।

गया है। इसकी जानकारी धनबाद मुख्यालय 1 डीएसपी शंकर कामतीने दी। वे गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कोलकाता से मुजफ्फरपुर जाने वाली बस से मोतीउर रहमान नामक व्यक्ति विगत 19 दिसंबर 2024 को अपनी बेटी की शादी के लिए आभूषणों से भरा बैग लेकर कोलकाता से सवार हुए थे। बस गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित न्यू मां तारा रेस्टोरेंट के पास एक ढाबे के पास रुकी, जहां सभी यात्री नास्ता-पानी करने के लिए बस से उतरे थे। सभी के साथ मोतीउर रहमान भी अपनी बेटी के साथ बस से उतर कर खाना खाने चले गये। इस बीच किसी ने उनका आभूषणों से भरा बैग चोरी कर लिया। जब वे खाना खाकर वापस लौटे तो गहनों से भरा बैग नदारद पाया। इसके बाद उन्होंने गोविंदपुर थाना में जाकर शिकायत दर्ज करायी थी। जिसके आधार पर धनबाद से वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआइटी का गठन कर जांच शुरू हुई। गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद पुलिस ने मध्य प्रदेश रवाना हुई और धार जिले के खेरवा जागीर इलाके से संदेह के आधार पर गत 18 मार्च 2025 को अकरम खान नामक आरोपित को गिरफ्तार कर धनबाद लाया गया। पुलिस को उसके पास से चोरी के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान भी बरामद हुए हैं। पुलिस उससे पूछताछ करने में जुटी है।

## बाइक के धक्के से गंभीर घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कंचन टॉकीज के पास दो बाइक की भीषण टक्कर में बोकारों जिले के नावाडीह थाना क्षेत्र के तेलो निवासी 54 वर्षीय केशव रविदास नामक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक केशव भूमि अर्थमूवर लिमिटेड के यार्ड में ड्यूटी पर थे। वहां से बाहर निकलने के दौरान तेज रफ्तार बाइस सवार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से उसे नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पाकर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए (शहीद निर्मम महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) भेज दिया है। वहीं, मृतक के परिजन कंपनी से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## विधायक रागिनी सिंह ने सदन में उठाया झरिया में पानी की किल्लत का मुद्दा

**रांची (आजाद सिपाही)।** विधायक रागिनी सिंह ने हर घर नल जल योजना के तहत जेएमसी कंपनी द्वारा 312 करोड़ रुपए की लागत से कराये जा रहे कार्य में अनियमितता बरतने और धीमी रफ्तार में हो रहे कार्य के मुद्दे को सदन में उठाया। कहा कि पूरे झरिया विधानसभा क्षेत्र में पानी की घोर समस्या है। इसको देखते हुए पूर्व विधायक संजीव सिंह के सार्थक प्रयास से 312 करोड़ रुपए की लागत से झरिया में हर घर नल जल योजना लाई गई, लेकिन बीते पांच वर्षों में भी योजना पूरी नहीं हो पाई है। पहले फेस में पुराने मोटरों को बदलने का काम किया जाना था जो कि अब तक पूरा नहीं हुआ है। इससे पूरे झरिया विधानसभा में लोग पानी की समस्या झेल रहे हैं। योजना के पूरा होने से पूरे झरिया से जल संकट का निदान होगा। इसलिए इस योजना में संवेदक और विभागीय पदाधिकारियों पर कार्य में अनियमितता बरतने की जांच होनी चाहिए और विभागीय कार्यवाही करते हुए नियमानुसार कार्य को शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए।

## मधुसूदन सिंह चौधरी नियुक्त किये गये धनबाद कांग्रेस कार्यालय के प्रभारी



**जिला कांग्रेस की आवाज बुलंदी से रखने के लिए जिले में पांच प्रमुख प्रवक्ता नियुक्त : संतोष**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें धनबाद जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार दुबे, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, महासचिव बिजेंद्र कुमार पासवान, महासचिव असद कलिम और महासचिव मधुसूदन मोदक को जिला कांग्रेस का प्रवक्ता बनाये जाने की घोषणा की। साथ ही जिला कांग्रेस सचिव मधुसूदन सिंह चौधरी को धनबाद कांग्रेस कार्यालय का प्रभारी घोषित किया है। पार्टी के प्रति निष्ठा एवं समर्पण भावना को देखते हुए पार्टी के नीति सिद्धांतों और झारखंड सरकार की योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया है। साथ ही स्थानीय समस्याओं को मुखर रूप से रखने के लिए उक्त लोगों को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन सृजन अभियान में प्रवक्ता की आवश्यक महसूस हो रही थी। इसलिए जिला कांग्रेस की आवाज को बुलंदी के साथ रखने के लिए जिला में पांच प्रमुख प्रवक्ता नियुक्त किये गये है। इस मौके पर धनबाद नगर कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, बंटी दास, सूरज वर्मा और सुधांसु शर्मा आदि उपस्थित थे।

## आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। सरकारी अस्पतालों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारी लंबित मानदेय के अलावा ईपीएफ एवं इएसआई के भुगतान की मांग को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जो दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। वहीं, बेरमो अनुमंडलीय अस्पताल में भी कुल 29 कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इससे अस्पताल के कामकाज पर असर पड़ रहा है।**

## एसएसपी ने क्राइम मीटिंग में कोताही बरतने वाले थानेदार को लगायी फटकार

**सरहानीय कार्य करनेवाले थाना प्रभारियों को रिवार्ड देने की घोषणा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एसएसपी एचपी जनार्दनन की अगुवाई में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में क्राइम मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें लंबित कांडों को लेकर समीक्षा की गई। साथ ही रामनवमी पर्व को लेकर सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अपराधियों पर निगरानी रखने के साथ ही विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। लगे हाथ आसमाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनपर कार्रवाई करने को कहा गया। एसएसपी ने पिछले पांच सालों में जितने भी कांड हुए हैं उनमे शामिल उन सभी अपराधियों को चिन्हित करते हुए उन सभी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा एसएसपी ने फरवरी महीने में जो भी कार्य हुए हैं उन सभी कार्यों की समीक्षा की और आगे की कार्य योजना पर को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कई थाना प्रभारियों द्वारा सरहानीय कार्य किये जाने पर उन्हें रिवार्ड देने का निर्णय लिया गया है। साथ ही वैसे थाना प्रभारी जिनका प्रदर्शन संतोष जनक नहीं रहा, उन्हें कड़ी फटकार भी लगाई।

## झारखंड के शहीदों का सम्मान हमारी सरकार की प्राथमिकता: जयनारायण महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** चपरी अतिथिशाला के समीप शहीद दीपक कुमार की प्रतिमा पर झामुमो, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन और समाजसेवियों की ओर से गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के वरिष्ठ नेता सह झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय सचिव जयनारायण महतो ने कहा कि झारखंड के शहीद बलिदानियों का सम्मान सरकार की प्राथमिकता हैं। शहीद दीपक कुमार सीसीएल ढोरी के क्षेत्रीय अस्पताल में कार्यरत थें। वे हमारे यूनियन के संगठन सचिव थे। गरीबों ओर कोयला मजदूरों के हकों के लिए सदैव आंदोलनरत रहते थें। उनकी हत्या 20 मार्च 1993 को अमलो परियोजना के 12 नंबर के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा कर दी गयी थी। उनकी हत्या के बाद बडा आंदोलन किये और उनकी पत्नी को नौकरी दिलवाई थी। उनकी प्रतिमा का उद्घाटन खुद झामुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिशम गुरु शिबू सोरेन ने किया था। तब से प्रति वर्ष हमलोग 20 मार्च को अपने बलिदानी साथी को श्रदांजलि देतें हैं। इस मौके पर बेरमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत महतो, फुसरो नगर के अध्यक्ष दीपक महतो, क्षेत्रीय सचिव जयनाथ महतो, विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर, बीएंडके क्षेत्रीय अध्यक्ष पंकज महतो के अलावा बिंदेश्वर रविदास, वीडी कुशवाहा, सत्यनारायण महतो आदि थे।


झारखण्ड सरकार
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची**

**ईप्रोक्यॉमेंट नोटिस (तृतीय आमंत्रण)**

ई–निविदा आमंत्रण संख्या– DWSD/HEADWORKS/-Renv. 01(iii) /2024-25
दिनांक :– 20.03.2025
प्रथम आमंत्रण – P.R No. 326299 Drinking water and Sanitation (24-25).D

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | "Renovation, Strengthening and Beautification of Old Water Treatment Plant at Rukka" Under D.W.&S. Swarnrekha Headworks Division, Ranchi for year 2023-24 |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 1180.05800 लाख (ग्यारह करोड अस्सी लाख पाँच हजार आठ सौ रूपये) |
| 3 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | 1180100.00 (ग्यारह लाख अस्सी हजार एक सौ रूपये) |
| 4 | कार्य समाप्ति की अवधि | 09 माह |
| 5 | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | 10,000.00 (दस हजार)। |
| 6 | बेवसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एव समय | 05.04.2025 को अपराह्न 05:00 बजे |
| 7 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि | 11.04.2025 |
| 8 | बेवसाइट पर निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 19.04.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 21.04.2025 को अपराह्न 05:00 बजे । |
| 10 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची। |
| 11 | जिनके द्वारा निविदा खोली जायेगी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची। |
| 12 | प्रोक्यॉरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 | 9608892111<br>E-Mail ID:- eedwsd.headworks@gmail.com |
| 13 | ईप्रोक्यॉरमेंट सेल का सहायता केन्द्र सं0 | 0651–2480345 |

नोट :– 1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय धुर्वा, राँची के आदेश संह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी।
4. केवल ई निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
5. विस्तृत जानकारी हेतु बेवसाइट http://jharkandtenders.gov.in पर देखें।
6. निविदा बिना कारण बताये कभी भी संशोधित या रद्द किया जा सकता है।
7. राज्य सरकार द्वारा निर्गत अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें।
8. उपरोक्त कार्य पर Jharkhand Procurement Policy लागू होगी।

(ई0 चन्दशेखर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची

PR 348840 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D


## आरबीआइ ने बैंकों की एमएसएमइ शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण को लेकर किया कार्यशाला का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) रांची कार्यालय की ओर से 19-20 मार्च को धनबाद जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों के एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण के लिए कार्यशाला का आयोजन धनबाद के सोनोटेल होटल में किया गया। जिसमें आरबीआइ के क्षेत्रीय निदेशक (झारखंड) प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई क्षेत्र के योगदान पर प्रकाश डाला। कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) व्यावसायिक नवाचारों के माध्यम से उद्यमशीलता प्रयासों के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। एमएसएमई उद्यमिता को बढ़ावा देता है और रोजगार के बड़े अवसर निर्माण करता है। उन्होंने यह भी कहा कि एमएसएमई क्षेत्र अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने के बावजूद कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। प्रमुख चुनौतियों में भौतिक बुनियादी ढांचागत बाधाएं, औपचारिक्त रूप ना दे पाना, प्रौद्योगिकी अपनाने में सुस्ती बरतना, क्षमता निर्माण, आपूर्तिकर्ता और ग्राहक के बीच की कड़ी, ऋण और जोखिम पूंजी तक पहुंच की कमी के साथ ही देरी से भुगतान की सार्वकालिक समस्या शामिल हैं। इसलिए उन्होने बैंकर्स को उद्यमियों के प्रति संवेदनशील होने एवं एमएसएमई इकाइयों के जीवन चक्र को समझने और उन्हें समय पर पर्याप्त ऋण देने को कहा। इस अवसर पर बैंकों से अनुरोध किया गया कि इन योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें एवं लाभार्थियों को चिन्हित कर रियायती ब्याज दर पर ऋण सहायता प्रदान करे। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक, एसआईडीबीआई, एमएसएमई-डीईओ, एसबीआई इत्यादि के वरीय अधिकारियों ने एमएसएमई से संबंधित विषयों पर सत्र लिया। इस कार्यशाला में बीओआइ, एसबीआइ, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक सहित अन्य प्रमुख बैंकों एवं लघु वित्त बैंकों के 30 अधिकारी शामिल हुए।

## पूर्व डिप्टी मेयर स्व नीरज सिंह की पुण्यतिथि पर अखंड हरिकीर्तन का हुआ आयोजन

**धनसार (आजाद सिपाही)।** पूर्व डिप्टी मेयर एवं मजदूर नेता स्व नीरज सिंह के 8वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को माइंस रेस्क्यू स्टेशन मैदान में 24 घंटा का अखंड हरि कीर्तन आयोजित हुआ। जनता मजदूर संघ बस्ताकोला क्षेत्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम में धनबाद और आसपास के क्षेत्र से आए कीर्तन मंडली सदस्य शामिल हुए। शुक्रवार को माइंस रेस्क्यू मैदान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। इसे लेकर जगह-जगह तोरण द्वार और भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है।


**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, लातेहार**

**रिक्ति की सूचना**

भर्ती कैम्प – 2025 (दिनांक : 24/03/2025)

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक: 24.03.2025 दिनः सोमवार के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम के सामने खुल मैदान में एक दिवसीय भर्ती कैम्प 2025 का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प 2025 में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Best Koki Automotive Gurgawn | Assembly | 100 | 10+2 | ITI Diploma | - | 18-25yrs | - |
| | | Machine Operator | 50 | 10+2 | ITI Diploma | - | 18-25yrs. | - |
| 2 | Indigo Security Latehar | Security Guard | 15 | 10th | 10th | - | 18-50 yrs | 10000/-PM |
| | | House Keeper | 01 | 10th or below | 10th or below | - | 18-30 yrs | 6000 /- |
| | | Care Taker | 01 | 10th or below | 10th or below | - | 18 – 50 yrs. | 7000-10000 |
| | | Driver | 01 | 10th or below | 10th or below | - | 18 - 50 yrs. | 10000/-PM |
| 3 | Satin Credit Care Network Ltd. Daltonganj | ACSO | 05 | 10th | 10th | - | - | 17000/- |
| | | TCSO | 25 | 12th | 12th | - | - | 19000/- |
| | | SQO | 05 | 12th | 12th | - | - | 26000/- |
| | | SPO | 05 | 12th | 12th | - | - | 24000/- |
| | | Sr. CSO | 10 | 12th | 12th | | - | 26000/- |
| 4 | City Hospital, Latehar | ANM | 03 | ANM | ANM | 1Yrs. | 35yrs. | - |
| | | GNM | 02 | GNM | GNM | 1yrs. | 35yrs. | - |
| | | Marketing Execu. | 02 | 12th | 12th | 1yrs. | 35yrs. | - |
| | | Lab Technician | 01 | DMLT | DMLT | 1Yrs. | 35yrs. | - |
| 5 | PRANABNAMAN MINERALS PVT. LTD, Ranchi Jharkhand | Accountant | 01 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 2 Yrs. | 20-30 Yrs. | 15K-18K |
| | | Senior Accountant | 01 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 4-5 yrs. | 20-30 Yrs. | 18K-22K |
| | | MIS Executive | 01 | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 13K-15K |
| | | MIS Executive | 01 | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 14K-16K |
| | | HR Executive | 01 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 15K-18K |
| | | MS Executive | 02 | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 12th with Knowledge of MS Word Excel and DCA | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 13K-15K |
| | | Field HR Executive | 02 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 14K-17K |
| | | Safety Supervisor | 02 | Graduate in Relative Field | Graduate in Relative Field | 2 Yrs. | 20-25 Yrs. | 15K-18K |
| | | Tipper Driver | 30 | Driving License of Heavy & Transport Vehicle | Driving License of Heavy & Transport Vehicle | 2 Yrs. | 20+ | 20-22K Accommodation |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा (2कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है। इस कार्य हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखी जा सकती है।

आपके उज्जवल भविश्य के शुभ कामनाओं के साथ,

दिनांक: 24.03.2025, दिनः सोमवार    समय : पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक।    स्थान : जिला खेल स्टेडियम परिसर, लातेहार।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 348870 Labour Employment and Traning (24-25)_D


# ई-केवाइसी नहीं करायी, तो कट सकता है राशन कार्ड से नाम

## आज से 27 मार्च तक जिलेभर में चलेगा ई-केवाइसी अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** खाद्य आपूर्ति विभाग ने राशन कार्ड को लेकर सख्त कदम उठाया है। सभी राशन कार्डधारकों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर किसी ने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराया है तो उनका नाम राशन कार्ड से डिलीट हो सकता है। खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से ई-केवाईसी कराना आवश्यक बताया गया है। इसे लेकर खाद्य आपूर्ति विभाग का आदेश पर 21 से 27 मार्च तक जिलेभर में ई-केवाईसी अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने साफ कर दिया है कि जिसका भी ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होगा, उसका नाम राशन कार्ड से डिलीट कर दिया जाएगा। इसके अलावा, उन लोगों को भी केवाईसी किया जाना है जो राज्य से बाहर रहते हैं। विशेष कर पीला एवं गुलाबी कार्डधारियों के लिए यह अति आवश्यक है। इसे लेकर गुरुवार तक सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को उन लाभूकों की सूची उपलब्ध करा देना था। इसके बाद 21 से 27 मार्च तक घर-घर जाकर कार्डधारी के प्रत्येक सदस्य का ई-केवाइसी करना है। यदि ई-केवाईसी पूरा नहीं होता है तो कार्डधारी को राशन नहीं मिलेगा और संभवत उनका कार्ड भी रद्द कर दिया जाएगा। वहीं, राज्य से बाहर रह रहे राशन कार्डधारी नजदीकी जन वितरण प्रणाली दुकानों पर जाकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं। मृत परिवारिक सदस्य का नाम भी इस अभियान के दौरान हटाया जाएगा।

### 10 हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर सख्ती बरतने की तैयारी



**सूत्रों की मानें तो बिजली विभाग ने 10 हजार रुपए से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर सख्ती बरतने की तैयारी कर ली है। विभाग के सहायक अभियंता सुजीत कुमार के अनुसार, जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल लंबे समय से बकाया है, वे जल्द से जल्द भुगतान कर दें। अगले एक-दो दिनों में बकायेदारों के कनेक्शन काटने का अभियान फिर से शुरू किया जाएगा। यदि समय पर बिल नहीं चुकाया गया तो लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे परेशानी से बचने के लिए तुरंत अपना बकाया बिल जमा करें।**

# जिंदल साउथ वेस्ट फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर, जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन ने थेलकोलोई में ओपन कंयुनिटी सेंटर में एक विशेष कार्यक्रम की आयोजन की, जिसका विषय था 'त्वरित कार्रवाई'। इस कार्यक्रम ने लैंगिक समानता की खाई को पाटने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की प्रभावशाली महिलाओं को एक साथ लाया। समारोह में मुख्य अतिथि नीलम सिंह आकांक्षा लेडीज क्लब जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल की अध्यक्ष और मुख्य बक्ता हेमलता मिश्र लक्ष्मी नारायण कॉलेज की प्राचार्य उपस्थित थीं। अन्य उल्लेखनीय उपस्थित लोगों में ओडिशा आजीविका मिशन-झारसुगुडा की जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमती पुष्पश्री नायक, मिशन शक्ति-संबलपुर की जिला परियोजना समन्वयक भारती बेसरा, थेलकोलोई की सरपंच अबंती नायक और जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल और जेएसडब्ल्यूइयूएल में सीएसआर के प्रमुख विशाल राज सहित क्षेत्र के अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। इस कार्यक्रम में थेलकोलोइ, लपंगा, घिचामुरा, खिंडा और श्रीपुर से स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), अपशिष्ट पृथक्करण केंद्रों, उद्यमिता, प्रारंभिक बाल देखभाल, शिक्षा और खेती में उनकी 'त्वरित कार्रवाई' गतिविधियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन महिलाओं को उनके समर्पण और योगदान के लिए पहचाना गया, जो समुदाय के लिए प्रेरणा के संकेत के रूप में कार्य कर रही थीं। मुख्य अतिथि नीलम सिंह ने दर्शकों को अपने कार्यों में तेजी लाने और समाज में सार्थक योगदान देने के लिए अपनी अद्वितीय शक्तियों और क्षमताओं की पहचान करने के लिए प्रोत्साहित किया, और इस बात पर जोर दिया कि छोटे प्रयास भी सभी के लिए एक बेहतर दुनिया को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य वक्ता हेमलता मिश्र ने सशक्तिकरण को बढ़ाने में महिला शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विशाल राज ने महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयासों को रेखांकित किया और सतत विकास कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं के उत्थान पर केंद्रित जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की विभिन्न सीएसआर पहलों का प्रदर्शन किया।

## मुख्यमंत्री ने तोसाली राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का उद्घाटन किया

# 15 से अधिक राज्यों के कारीगरों और बुनकरों ने मेले में लिया भाग



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** हथकरघा हमारी गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। ओड़िया अस्मिता की एक चयनात्मक यात्रा। हमारी सरकार ने समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जनता मैदान, भुवनेश्वर में आयोजित 19वें तोसाली राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा। मैं पहले भी कई बार इस मेले का दौरा कर चुका हूं। इसलिए, कारीगर, हाथ से बने कपड़ों की मांग हमेशा रही है और हमेशा रहेगी। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभालने के कुछ महीनों के भीतर, भारत के सफल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को खादी पहनने का संदेश दिया और यहां तक की खादी को एक परिधान के रूप में भी इस्तेमाल किया। हमने हाल ही में 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को सुभद्रा सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने वित्तीय वर्ष 2025-26 में हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए 52 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया है। इसी तरह कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 122 करोड़ रुपये और हस्तशिल्प उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 122 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। इस वर्ष 6 हजार कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण देने की योजना है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 9 हस्तशिल्प उत्पादों को इसके साथ ही 550 कारीगरों को 'वर्क शेड निर्माण' योजना में शामिल किया जायेगा। इसके अलावा, 100 कारीगरों को अपनी उत्पादन इकाइयां स्थापित करने के लिए बैंक फाइनेंस और मार्जिन मनी प्रदान की जायेगी। कोंटिलो, पिपिली, बालिजोर, हीराकूद क्षेत्र, कटक और कोटपाड को विरासत शिल्प और बुनाई गांवों के रूप में विकसित किया जायेगा और पर्यटन को हस्तशिल्प से जोड़ने पर जोर देते हुए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा तैयार किया जायेगा। कार्यक्रम में सहकारिता, हथकरघा, वस्त्र और हस्तशिल्प मंत्री प्रदीप बलसामंत ने कहा कि इस माटी की प्रत्येक हस्ततंत्र एवं हस्तशिल्प वस्तु में एक अनोखा आकर्षण और एक अलग कहानी है। निदेशक हस्तशिल्प और वस्त्र उद्योग प्रेमचंद्र चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# किट-डीयू और यूनिवर्सिटी ऑफ तुलसा ने दोहरी डिग्री के लिए समझौता किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** किट-डीयू ने यूनिवर्सिटी ऑफ तुलसा, ओक्लाहोमा, यूएसए के साथ बीटेक में दोहरी डिग्री कार्यक्रम स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। हस्ताक्षर समारोह किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत की उपस्थिति में हुआ, जो उच्च शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ सामंत ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि यह समझौता ज्ञापन किट के छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में शिक्षा का अनुभव करने के अवसर खोलता है, जिससे उनकी शैक्षणिक यात्रा समृद्ध होती है। किट के कुलपति प्रो सरंजीत सिंह के अनुसार, यह पहल एक अद्वितीय 2+2 कार्यक्रम शुरू करती है, जहां छात्र दो साल किट में और दो साल यूनिवर्सिटी ऑफ तुलसा में बितायेंगे। पूरा होने पर, वे एक ही स्तर पर दो डिग्री के साथ स्नातक होंगे। यह कार्यक्रम किट की शैक्षिक पेशकशों के अंतरराष्ट्रीयकरण को बढ़ाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। दोहरी डिग्री कार्यक्रम के अलावा, इंजीनियरिंग और लिबरल स्टडीज सहित विभिन्न विषयों के 40 छात्र गर्मियों के दौरान यूनिवर्सिटी ऑफ तुलसा में लघु पाठ्यक्रमों में भाग लेंगे। इस पहल का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच अनुसंधान, संकाय आदान-प्रदान और विश्राम अवकाश में और सहयोग को बढ़ावा देना है। यूनिवर्सिटी ऑफ तुलसा में वैश्विक जुड़ाव के लिए वाइस प्रोवोस्ट डॉ विवियन वांग ने इस सहयोग के लिए उत्साह व्यक्त किया, और इस बात पर प्रकाश डाला कि यह भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि किट की उनकी पिछली यात्रा ने विशेष रूप से आदिवासी छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता के बारे में एक स्थायी छाप छोड़ी। प्रो सिंह ने कहा कि यूनिवर्सिटी ऑफ तुलसा छात्र प्लेसमेंट के लिए अपने मजबूत समर्थन के लिए जाना जाता है, जिसमें 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दर है, जो कैंपस प्लेसमेंट में किट की उपलब्धियों के अनुरूप है। किस के कुलपति प्रो देबाशीष बंद्योपाध्याय ने दोनों संस्थानों के लिए इस साझेदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। अन्य लोगों में, प्रो ज्ञान रंजन मोहंती, रजिस्ट्रार, किट-डीयू और विभिन्न स्कूलों के निदेशक, डीन और संकाय भी उपस्थित थे।




























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**